ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 04.03.2024 वर्ष 11, अंक 63

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

समय राजा से रंक बना सकता है या रंक से राजा बना सकता है।

## क्विक न्यूज

### वंदना दादेल फिर बनी कैबिनेट सचिव

**रांची :** राज्य सरकार ने सात आईएएस अफसरों का तबादला किया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने शनिवार देर रात अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना के अनुसार वन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल को एक बार फिर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग का प्रधान सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जबकि कोल्हान प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार को स्थानांतरित करते हुए महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग का सचिव बनाया गया है। चतरा के उपायुक्त अबु इमरान स्थानांतरित करते हुए झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। इमरान को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ झारखंड राज्य आरोग्य समिति रांची काकार्यपालक निदेशक काअतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। इसी प्रकार जामताड़ा के उपायुक्त शशि भूषण मेहरा को वित्त विभाग का अपर सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अपर सचिव कुमुद सहाय को जामताड़ा का उपायुक्त, वित्त विभाग के संयुक्त सचिव घोलप रमेश गोरख को चतरा डीसी , झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी को पशुपालन विभाग का निदेशक, पशुपालन विभाग के निदेशक आदित्य रंजन को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक के पद पर पदस्थापित किया गया है। इसके अलावा रंजन अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ मध्यान भोजन प्राधिकार झारखंड के निदेशक और झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

### हेमंत सोरेन से जेल में मिली कल्पना सोरेन

**रांची :** कल्पना सोरेन अपने जन्मदिन के अवसर पर हेमंत सोरेन से मिलने बिरसा मुंडा जेल पहुंची. वह अपने पति हेमंत सोरेन से मिली और उनसे शुभकामनाएं लीं. हेमंत सोरेन की तरफ से कल्पना सोरेन को जन्मदिन के अवसर पर जेल में एक गुलदस्ता भी दिया गया. हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद कल्पना सोरेन ने एक पर पोस्ट करते हुए यह लिखा, आज जन्मदिन के अवसर पर हेमंत जी से जेल में मुलाकात की. हेमंत की तरफ से अप्रीतम पुष्प गुच्छ भी उन्हें मिला है.कल्पना ने ये भी लिखा है कि 18 वर्षों में यह पहला अवसर है जब जन्मदिन के अवसर पर हेमंत जी परिवार के साथ नहीं हैं.कल्पना ने केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए लिखा है कि केंद्र की भाजपा सरकार के षड्यंत्र की वजह से भले ही हेमंत जी को अपनी जनता से दूर हुए एक महीने से अधिक हो गए हैं. लेकिन जेल में रहने के बावजूद भी हेमंत सोरेन हर पल झारखंड और झारखंडियों के बारे में ही सोचते रहते हैं.

### शहबाज शरीफ दूसरी बार बनेंगे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री

**इस्लामाबाद :** शहबाज शरीफ एक बार फिर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं. नवनिर्वाचित संसद में आराम से बहुमत हासिल करने के बाद शहबाज शरीफ रविवार को गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बन रहे हैं. रविवार को वोटिंग के बाद उन्हें प्रधानमंत्री चुन लिया गया. 72 वर्षीय शहबाज़, जो पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सर्वसम्मति से उम्मीदवार थे, उनको 336 सदस्यीय सदन में 201 वोट मिले.शहबाज के प्रतिद्वंद्वी जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के उमर अयूब खान को 92 वोट मिले. पीटीआई समर्थित सांसदों के हंगामे और नारेबाजी के बीच नई संसद का सत्र बुलाया गया. शहबाज को सोमवार को राष्ट्रपति भवन ऐवान-ए-सद्र में पद की शपथ दिलाई जाएगी.

### प्रधानमंत्री मोदी ने की भाजपा को चंदा देने की अपील

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने लोगों से नमो एप के जरिए पार्टी को चंदा देने की अपील की है।स्वयं पार्टी फंड में योगदान से जुड़ी पर्ची साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें भाजपा को योगदान देकर खुशी हो रही है। इस तरह विकसित भारत के निर्माण के हमारे प्रयासों को मजबूत किया जा सकता है। वे सभी से नोमो ऐप के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान कर इस कार्य का हिस्सा बनने आग्रह करते हैं।प्रधानमंत्री ने ऐप के माध्यम से अधिकतम सीमा यानी दो हजार रुपये का चंदा दिया है।

### रांची का तापमान

अधिकतम $23^0$

न्युनतम $10^0$

### मौसम खराब होने के कारण सड़क मार्ग से गढ़वा पहुंचे सीएम

# गढ़वा : सीएम चंपाई सोरेन ने 5 योजनाओं का किया उद्घाटन

कमलेश सिन्हा@प्रभात मंत्र

**गढ़वा :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गढ़वा में 93 करोड रुपए की लागत से निर्मित पांच बड़ी योजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें नया समाहरणालय भवन, बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क, बस स्टैंड, टाउन हॉल एवं फुटबॉल स्टेडियम शामिल है। इन पांच योजनाओं के निर्माण से गढ़वा की तस्वीर पूरी तरह से बदल गई है। नया समाहरणालय भवन का निर्माण गढ़वा के कल्याणपुर में 60 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। समाहरणालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई है। इसमें कुल 15 प्रवेश द्वार, पांच सीढ़ियां एवं चार लिफ्ट भी लगा है। इसमें कॉन्फ्रेंस हॉल, नियंत्रण कक्ष, वेटिंग एरिया की भी व्यवस्था है। लगभग 9 एकड़ भूमि में निर्मित इस समाहरणालय परिसर में आम जनों के लिए दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग सहित कई अन्य सुविधाएं हैं। जिला मुख्यालय स्थित सोनपुरवा में नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस स्टैंड का निर्माण चार करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। यह बस स्टैंड अत्याधुनिक, सर्व सुविधा संपन्न है। इसमें यात्रियों के लिए सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इस परिसर में 48 दुकान का भी निर्माण किया गया है। इसमें एक साथ 20 बसों की पार्किंग की सुविधा है। दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग की अलग व्यवस्था है। जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल के सामने कन्या मध्य विद्यालय के मैदान में 7 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक सर्व सुविधा संपन्न फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण किया गया है। इस फुटबॉल स्टेडियम में दो गैलरी भवन, एक पवेलियन भवन दो तल्ला का निर्माण किया गया है। जिला मख्यालय में चिनियां मोड़ के समीप स्थित गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में नीलांबर पीतांबर बहुउद्देशीय संस्कृतिक भवन (टाउन हॉल) का निर्माण 7 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। यह टाउन हॉल पूरी तरह से अत्याधुनिक एवं सर्व सुविधा संपन्न है। यह पुरी तरह से वातानुकूलित हॉल है। इसके ग्राउंड फ्लोर में कैफेटेरिया, प्रबंधक कक्ष, कार्यालय कक्ष, किचेन रूम, प्री फंक्शन एरिया, मल्टीपरपज हॉल, मेल ग्रीन रूम, फीमेल ग्रीन रूम के साथ-साथ महिला, पुरुष एवं दिव्यांग जनों के लिए अलग-अलग प्रसाधन उपलब्ध है। टाउन हॉल परिसर में स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर-पीतांबर की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई है। जिला मुख्यालय के कल्याणपुर में नवनिर्मित समाहरणालय भवन के ठीक सामने बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क का निर्माण किया गया है। लगभग छह एकड़ एरिया में 15 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस पार्क में हेलीपैड के साथ-साथ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की सात फीट ऊंची आदम कद प्रतिमा स्थापित की गई है।

### गढ़वा के विकास की चर्चा अब पड़ोसी राज्यों में होती है : मिथिलेश ठाकुर

आज का दिन मेरे लिए कभी न भुलाने वाला दिन है। जिस विश्वास की बागडोर मुझे सौंपी गयी थी, उस विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करते हुए पांच बड़ी योजनाओं का उद्घाटन गढ़वा में किया गया। गढ़वा के विकास की चर्चा झारखंड तथा पड़ोस के राज्यों में होती है। उक्त बातें झारखंड के पेयजल व स्वच्छता सह मद्य निषेद मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने रविवार को गढ़वा के गोविन्द उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित भव्य उद्घाटन समारोह में कही। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि विगत 70 सालो में जो विकास यहां नही हुआ था, वह विकास अब गढ़वा में हो रहा है। किन्तु दुख इस बात की है कि गढ़वा और झारखंड के मुख्य शिल्पकार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अभी यहां उपस्थित नही हैं। गढ़वा में जहां कुछ समय के लिए बिजली रहती थी, आज यहां 20 से 22 घंटे बिजली रह रहा है। पांच बड़ी योजनाओं के उद्घाटन के गवाह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बनते तो इस कार्यक्रम में चार चांद लग जाता। उन्होने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद विशेष रुप से सीएम का गढ़वा में कार्यक्रम होगा।




### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में पेयजल एवं स्वच्छता और मद्य निषेद मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम,मनिका विधायक रामचंद्र सिंह सहित उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, डीडीसी पीएन मिश्रा, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, झामुमो के जिला सचिव मनोज ठाकुर, फुजैल अहमद, रौशन पाठक आदि मौजूद थे।

### पटना : जन विश्वास महारैली में महागठबंधन के नेताओं का हुआ जुटान

# सबको धोखा देना मोदी की गारंटी है : खड़गे



एजेंसी

**पटना :** पटना में विपक्ष की जन विश्वास महारैली में राजद, कांग्रेस और वाम दल के सभी वरीय नेता शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर जमकर हमला बोला। कहा कि मोदी जी ने आपसे झूठ बोला है। उन्होंने हर साल दो लाख नौकरी, बैंक खाते में 15 लाख, हर घर पक्का मकान देने का वादा किया था।

क्या अब तक आपको यह मिला? मोदी जी झूठों को सरदार हैं। मोदी जी ने पटना को स्मार्ट सिटी बनाने का वादा किया, आप सब खुद सच्चाई देख लीजिए। नौकरी नहीं होने के कारण मोदी के स्टेट में 25 हजार लोग पिछले तीन साल में आत्महत्या कर चुके हें। सबको धोखा देना ही मोदी की गारंटी है। तेजस्वी यादव ने आपसे जो वादा किया वह उन्होंने पूरा किया। इंडी गठबंधन वाले जो करते हैं, वही करते हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि इस देश में नफरत क्यों फैल रही है। इस देश में नफरत की जगह नहीं है। इसका सबसे बड़ा कारण अन्याय है। युवाओं, किसानों, गरीबों के खिलाफ अन्याय है। मोदी जी केवल दो तीन अरबपतियों के लिए काम करते हैं।

महारैली में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव,माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, सीपीआई नेता डी. राजा सहित कई बड़े नेता महारैली में शामिल हुए।

### हिंदू नहीं हैं मोदी, पलटू राम हैं नीतीश कुमार : लालू यादव

राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी आजकल परिवारवाद का जिक्र कर रहे हैं. आपके पास परिवार नहीं है. आप हिंदू भी नहीं हैं. उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी निशाने पर लिया और उन्हें पलटू राम बताया.लालू यादव ने कहा,मोदी कोई चीज है क्या. ये आजकल परिवारवाद पर हमला कर रहे हैं. कहते हैं कि लोग परिवार के लिए लड़ रहे हैं. आपके पास परिवार नहीं है. आपकी माता जी का जब देहांत हो गया तो हर हिंदू अपनी मां के शोक में दाल-बाढ़ी छिलवाता है. आप बताओ आपने क्यों नहीं छिलावाया?

### 10 मार्च को देशभर में रोकी जाएंगी रेलगाड़ियां

# 6 मार्च को दिल्ली कूच करेंगे किसान



एजेंसी

**चंडीगढ़ :** शंभू व खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने अब 6 मार्च को दिल्ली कूच व 10 मार्च को देशभर में चार घंटे के लिए रेलवे ट्रैक जाम करने का ऐलान किया है। यह जानकारी रविवार को किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने दी।किसान नेता सरवण सिंह पंधेर खनौरी बॉर्डर पर मारे गए किसान शुभकरण की अंतिम अरदास के बाद यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देशभर के किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की बजाए रेलगाड़ियों, बसों तथा अन्य साधनों से 6 मार्च तक दिल्ली पहुंचने का आहवान किया गया है। शंभू, खनौरी व अन्य स्थानों पर धरना दे रहे किसान भी 6 मार्च को दिल्ली कूच करेंगे। पंधेर ने कहा कि दिल्ली कूच को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। हरियाणा-पंजाब को छोड़कर दूसरे राज्यों के किसान अपने-अपने तरीके से दिल्ली पहुंचे। चाहे वे ट्रेन से आए या फिर पैदल आए। वे सभी दिल्ली के लिए कूच करें। उन्होंने कहा कि इससे सरकार की मंशा साफ हो जाएगी कि क्या वह किसानों को बिना ट्रैक्टर ट्रॉली के दिल्ली आने देगी। हरियाणा-पंजाब के खनौरी-शंभू बॉर्डर पर ऐसे ही आंदोलन चलेगा। पंधेर ने कहा कि देशभर के किसान संगठनों की मदद से 10 मार्च को भारत में दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक रेलगाड़ियां रोकी जाएंगी।

# मतदाता सूची में नाम चेक करने के लिए आज से चलेगा अभियान




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के निर्देश पर सोमवार से पूरे राज्य भर में मतदाता सूची में अपना नाम सत्यापित करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर सोमवार को सभी बूथ स्तरीय पदाधिकारी बीएलओ को बूथ पर रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। आम लोगों से अपील की जा रही है कि बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपना नाम जाकर जरूर चेक कर लें। कई बार देखने में आता है कि किसी विसंगतिवश नाम कट जाता है। किंतु मतदाता इससे अनभिज्ञ रहते हैं। ऐसी स्थिति में मतदान के दिन ऊहापोह की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसलिए जो लोग अपना नाम चेक करने के लिए कल बूथ नहीं जा सकते हैं वे कम से कम इतना कार्य जरूर करें कि गूगल प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर उसमें अपना नाम जरूर सत्यापित कर लें, किसी भी विसंगति की स्थिति में अपने बीएलओ को बताएं या निर्वाचन हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल करें। अपना नाम सत्यापित करने के उपरांत मतदाता इस बात का जिक्र अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर भी जरूर कर दें कि उन्होंने अपना नाम चेक कर लिया है ताकि उनसे अन्य लोग भी प्रेरणा ले सकें।

इस दौरान उनसे अपनी पोस्ट में हैशटैग #IamVerifiedVoter का भी प्रयोग करने की अपील की गई।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में हुई मंत्री परिषद की बैठक

# विकसित भारत 2047 के विजन डॉक्यूमेंट पर हुई चर्चा



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की.बैठक लगभग 8 घंटों तक चली. बैठक में कई मंत्रालयों के अपने भविष्य के एजेंडे पर प्रजेंटेशन दिया. बैठक में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपनी सरकार की 10 साल की सफलताओं और भविष्य की प्राथमिकताओं, विशेष रूप से 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी. आज हुई बैठक को अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है. बैठक में मई, 2024 में नई सरकार के गठन के बाद त्वरित कार्यान्वयन के लिए तत्काल कदमों के 100-दिवसीय एजेंडे पर भी चर्चा हुई. मंत्रिपरिषद ने विकसित भारत 2047 के लिए विज़न डॉक्यूमेंट और अगले 5 वर्षों के लिए विस्तृत कार्य योजना पर विचार-विमर्श किया. विकसित भारत का रोडमैप 2 साल से अधिक की गहन तैयारी के बाद तैयार किया गया है. इसमें सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग निकायों, नागरिक समाज, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श के बाद तैयार किया गया है. इसके लिए 2700 से अधिक बैठकें, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए गए. 20 लाख से अधिक युवाओं के सुझाव सरकार को प्राप्त हुए. बैठक के दौरान पीएम ने मंत्रियों को कहा कि बोलने में परहेज करें और सोच-समझकर बोलें.

# अमेरिका का समुद्री हेलीकॉप्टर 6 मार्च को भारतीय नौसेना के बेड़े में होगा शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना 06 मार्च को कोच्चि के आईएनएस गरुड़ में शामिल किए गए अमेरिकी एमएच-60आर सीहॉक बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर को अपने बेड़े में औपचारिक रूप से शामिल करेगी। इस सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा। ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर का एक समुद्री संस्करण है, जिसे समुद्र में %उड़ता फ्रिगेट% कहा जाता है। भविष्य में भारतीय नौसेना की आंख, कान बनकर यह रोमियो हेलीकॉप्टर लंबी दूरी तक अपने दुश्मन का सफाया करने में सक्षम होंगे। साथ ही इससे भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत की समुद्री युद्धक क्षमता और मजबूत होगी।भारतीय नौसेना अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन से 24 हेलीकॉप्टर 2.6 अरब डॉलर के उस सौदे के तहत खरीद रही है, जो फरवरी, 2020 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा के समय हुई थी।



सौदे के तहत अब तक छह एमएच-60आर सीहॉक भारत आ चुके हैं। पहली खेप की आपूर्ति के दौरान भारतीय नौसेना के 18 कर्मियों की एक टीम अमेरिका में हेलीकॉप्टरों के उड़ान का प्रशिक्षण लेने के लिए गई थी। इन हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल एयर क्रू और तकनीकी चालक दल के पहले भारतीय बैच को अमेरिका के पेंसाकोला, फ्लोरिडा और सैन डिएगो में प्रशिक्षण देने के लिए किया गया।अमेरिकी नौसेना के साथ हुए अनुबंध के तहत सभी 24 हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति 2025 तक पूरी हो जाएगी। अत्याधुनिक मिशन सक्षम प्लेटफार्मों को शामिल करने से भारतीय नौसेना की विभिन्न एएसडब्ल्यू क्षमता को काफी बढ़ावा मिलेगा।

# भूस्खलन की चपेट में आने से 4 लोगों की मौत

एजेंसी

**जम्मू :** जम्मू संभाग के रियासी जिले के चसाना बेल्ट में कच्चा घर भूस्खलन की चपेट में आने से तीन नाबालिग बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर में हुई लगातार बारिश के कारण कुंदरधन चसाना में एक कच्चे घर में भारी भूस्खलन के कारण चार लोगों का परिवार जिंदा मलबे में दम गया।

उन्होंने कहा कि शनिवार देर रात को जब भूस्खलन हुआ तब परिवार के सभी लोग सो रहे थे।



भूस्खलन से माँ और उसके तीन बच्चों की मृत्यु हो गई दो अन्य घायल हुए है। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि बचाव दलों ने सभी शव बरामद कर लिए हैं और अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं।

पांकी प्रखण्ड के द्वारिका में शिव गुरुचर्चा का हुआ आयोजन

# शिव गुरु चर्चा से दूर होता है जीवन का दुख : भाई धनंजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पांकी प्रखण्ड के पंचायत केकरगढ के अंतर्गत द्वारिका के पावन भूमि पर शिव गुरु चर्चा का आयोजन किया गया। शिव गुरु चर्चा में अमृत वर्षा करते हुए भाई धनंजय ने कहा कि शिव गुरु से क्यों जुड़े हैं और दुसरे को क्यों जोड़ते हैं। एक लम्बे समय से आध्यात्मिक डगर धूल धूसरित हो गई है। स्वयं का अध्ययन हम सब में बंद हो गई है। अपनी खबर रखना भुल गए हैं। दुसरों का खबर रखते हैं। शिव गुरु से जुड़ने का मात्र मकसद है, स्वयं के बारे में स्वयं अध्ययन कर सकूं और दुसरे को इसलिए जोड़ते हैं कि दुसरा भी शिव गुरु के आश्रय में स्वयं को अध्ययन कर सके। अगर प्रत्येक मानव मन शिव गुरु से जुड़कर स्वयं का अध्ययन करे तो जीवन से दुःख समाप्त हो जायेंगे और जीवन स्वतः शिव मय हो जायेंगे। भाई धनंजय आचार्य ने कहा कि शिव गुरु चर्चा से जो आध्यात्मिक शांति मिलती है वह इस धरातल पर कहीं नहीं मिल पाएगा। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को चाहिए कि वह शिव गुरु में अपने तन और मन को लीन कर सके। शिव ही इस ब्रह्मांड के रचयिता हैं। पूरी दुनिया में शिव के समान कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि शिव का रसपान करना सबसे बड़ा महत्व रखता है। भाई धनंजय ने कहा कि आज बड़ी तेजी से दुनिया आगे बढ़ रही है। हर रोज नए-नए आविष्कार हो रहा है। आज पूरी तरह से जमाना डिजिटल का हो गया है। यह सभी विज्ञान के आधार पर कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि आज का जो विज्ञान है, उस विज्ञान को हजारों लाखों बरस पहले शिव ने ही प्रतिपादित किया था। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने हृदय, दिल और दिमाग में शिव को धारण करना चाहिए। सत्यम शिवम सुंदरम का चरितार्थ करना चाहिए। सत्य ही शिव है और शिव ही सुंदर हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाई जगन्नाथ, लक्ष्मण, महेश, रामचंद्र, सुरेश, कमलेश, सुनील, गोपाल, रघु, जगदीश बहन रिंकु, लीलावती, सजवा, सुशीला, मालती, रूपाली एवं सैकड़ों भाई बहन उपस्थित हुए।

# वीडी राम को टिकट मिलने पर अनुज पांडेय ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** पलामू संसद रहे विष्णु दयाल राम को भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा पलामू गढ़वा लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार पार्टी के द्वारा संसद उम्मीदवार बनाया गई है। श्री राम के नाम उम्मीदवार के रूप में घोषणा होने पर भाजपा कार्यकर्ता में काफी खुशी देखी जा रही है। वही आम जनता उनके कार्यकाल को सराहते हुए फिर से एक बार विकास की कई नई राहे खुलने का क्यास लगा रही है। वहीं भाजपा नेता अनुज पांडे ने पत्रकार से बात करते हुए बताया श्री राम के समय में तेजी से विकास जनता के बीच में पहुंची है। फिर से तीसरी बार विकास को देखते हुए भाजपा शीर्ष नेतृत्व के द्वारा उनके नाम का घोषणा की गई है। अधूरे जरूरतमंद कार्य एवं नए कार्य तेजी से पलामू गढ़वा लोकसभा क्षेत्र में फिर से ऐक बार विकास संभव हो पाएगा, क्षेत्रीय नेता कार्यकर्ता ने बीडी राम को बधाई दी है। भाजपा नेता विजय ओझा ,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, भाजपा नेता सतीश्वर प्रसाद सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुश ओझा, भाजपा नेता बीपी शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी सिंह, भाजपा नेता सुनील पांडे, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष नावा रामनिवास पांडे, मीडिया प्रभारी जितेंद्र तिवारी, चंदन गुप्ता, प्रमोद दीक्षित, सुशील कुमार शुक्ला, पूर्व प्रमुख संतोष कुमार चौबे, उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह, पूर्व मुखिया दिलीप पासवान, दिलीप चंद्रवंशी, भाजपा महामंत्री आशीष पांडे, उदय दुबे।

## नगर उंटारी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर उंटारी थाना पुलिस ने अवैध शराब को लेकर थाना क्षेत्र में शनिवार को छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान में थाना क्षेत्र के जंगीपुर तथा बंशीधर मंदिर रोड के दक्षिण मोहल्ले में 150 किलो जावा महुआ बरामद कर विनष्ट किया।इसके साथ ही शराब बनाने का उपकरण को बरामद कर नष्ट कर दिया।छापेमारी अभियान के संबंध में थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने बताया कि थाना क्षेत्र के जंगीपुर और दक्षिण मोहल्ले में दो स्थानों पर छापेमारी किया गया। जिसमें शराब बनाने वाले उपकरण के साथ ही 150 किलो जावा महुआ विनष्ट किया गया।उन्होंने कहा कि इस प्रकार की छापेमारी लगातार किया जाएगा।इस अभियान में रवि केशरी, रौशन तिग्गा, संजय पासवान, शशिकांत शुक्ल, कौशल कुमार सहित पुलिस बल शामिल थे।

## प्रखंड में बिन मौसम बरसात से किसानों का फसल हुआ नुकसान



**खरौन्धी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड बिन मौसम हो रहे लगातार बारिश की वजह से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। स्थानीय किसानों ने बताया कि हम सभी का फसल सरसों, अरहर, मसूर का खेती तैयार हो गया था। लेकिन बारिस की वजह से हम सभी का फसल बर्बाद हो गया। बताते चले की खरौन्धी थाना क्षेत्र के कई गांव में खरौन्धी, राजी, करीवाडीह, अमरोरा, सिसरी, अरंगी, कुपा सहित दर्जनों जगहों पर बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुआ है। वहां के काफी किसान चिंतित हैं पका हुआ फसल खराब तो हो ही रहा है, पालतू जानवरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि व शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक नाम जप, सत्यानु शरण ग्रंथ, नारी नीति ग्रंथ, व शाश्वती ग्रंथ का पाठ किया गया.धृतिसुन्दर लाल, गीता देवी, दीपमाला अम्बष्ट, अनिता सिन्हा व वृंदा देवी द्वारा भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया गया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने सात्वति पत्रिका का पाठ करते हुये कहा कि इस पत्रिका में श्री श्री ठाकुर जी का जीवनी वर्णित है। ऋत्विक विजयनन्दन सिन्हा ने सत्संग की महिमा का वर्णन करते हुये कहा कि मनुष्य को अध्यात्म के क्षेत्र में समय देना चाहिये। सत्संग में उपस्थित होने से कई गुणा अधिक फल की प्राप्ति होती है। वर्तमान आचार्य देव के दिये गये डी पी वर्क को करना प्रत्येक सत्संगी का कर्त्तव्य है.यह कार्य करने से अपने ईष्ट श्री श्री ठाकुर जी के प्रति विश्वास बढ़ता है.सभी जीवों से प्रेम बढ़ता है। हिंसात्मक विचार का नाश हो जाता है। प्रत्येक सत्संगी को अपने पड़ोसी के सुख दुख में साथ देना चाहिये। ईष्ट के बताये मार्ग पर चलने से मनुष्य का मन उच्च हो जाता है। याजक राजकुमार दा ने कहा कि आनन्द की प्राप्ति हेतु मनुष्य को वर्तमान पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर जी के शरण मे जाना चाहिये। उनकी दीक्षा ग्रहण करने से मनुष्य को शांति की प्राप्ति सम्भव है। सत्संग में संजय दा, शक्तिदास सिन्हा, श्रीकांत, धृतिदीप्त अम्बष्ट, मधु, सुजन्ती, प्रभा देवी, सृष्टि कुमारी, प्रमिला देवी, तनु प्रिया सहित अन्य सत्संगी उपस्थित थे।

# लाखो की लागत से छात्राओं के लिए बना आवासीय विद्यालय हो रहा है खंडहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** प्रखंड मुख्यालय से महज 500 फीट की दूरी पर कर्पूरी चौपाल के समीप छात्राओ के लिए वित्तीय वर्ष 2002-03 में लगभग तीन लाख रुपए की लागत से आवासीय उच्च विद्यालय बना था। पर आज तक यहां पढ़ाई शुरू नही हो पाया है। इस विद्यालय का उद्घाटन झारखंड के प्रथम राज्यपाल प्रभात कुमार ने किया था। उद्देश्य यह था की प्रखंड की दूर-दराज की छात्राये आवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ाई कर सके। लेकिन विद्यालय निर्माण के 21 साल बीत जाने के बाद भी प्रखंड की छात्राओं को आवासीय शिक्षा की सुविधा उपलब्ध नही हो सका है।दो दशक बाद भी इस विद्यालय में किसी शिक्षक की नियुक्ति नही हुई। उल्लेखनीय है की प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्च विद्यालय में अध्ययनरत छात्राये दस किलोमीटर दूरी तय करके पढ़ने आती-जाती है। यदि आवासीय विद्यालय में पढ़ाई होती तो छात्राये विद्यालय में ही रहकर शिक्षा ग्रहण कर सकती थी।इधर विद्यालय में पढ़ाई नही होने के कारण व रख रखाव के अभाव में यह गांव के आवारा पशुओं का बसेरा बना हुआ है। भवन के इर्द गिर्द कचरा भरा हुआ है। विद्यालय का भवन भी जर्जर होने लगा है। विद्यालय में लगाए गए खिड़की व दरवाजा भी खराब हो रहे है। यही हाल रहा तो विद्यालय का भवन खंडहर बन सकता है। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों को कहना है की जब यह विद्यालय भवन बना था। तो वे बड़े खुश हुए थे। प्रखंड के कई गांव के छात्राओ को पढ़ने की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। लेकिन ग्रामीण पूरी तरह से निराश दिख रहे है। ग्रामीणों ने बताया की विद्यालय बनने से उन्हें उम्मीद जगी थी। गांव से धुरकी जाकर उच्च विद्यालय में पढ़ाई जो छात्राए कर रही है। अब उन्हें आवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ाई करने में सुविधा होगी।

## ट्रेनों के देरी से परिचालन पर यात्रियों की परेशानी बढ़ी

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंडित दीन दयाल रेल मंडल अंतर्गत बीडी रेलखंड पर ट्रेनों का देरी से चलना आम बात हो गई है। इससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रविवार को स्पेशल ट्रेन नं. 03364 काफी लेट चल रही है। देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस रेलखंड को तीसरी रेल लाइन की सौगात दी है। यात्रियों को पैसेंजर ट्रेन को कोरोना काल से स्पेशल का दर्जा देकर एक्सप्रेस का भाड़ा वसूला जा रहा है। रेल प्रशासन यह सतत दावा करती रही है की अब रेल परिचालन सुगम और यात्रा सुलभ होगा। मगर यात्रा के दौरान यह बेमानी लगता है। सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि यह समस्या अत्यंत दुखद और असहनीय है। आज 03364 डेहरी ऑन सोन बरवाडीह स्पेशल ट्रेन हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर 34 मिनट और कोसीआरा रेलवे स्टेशन पर 20 मिनट रुकी रही। मात्र 150 किलो मीटर की दूरी तय करने वाली ट्रेन कुल दो घंटे लेट चल रही है। उन्होंने इस संबंध में रेलवे को ऑनलाइन शिकायत भी की है।

## नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म और मारपीट के बाद मरा समझकर खेत में फेंका

**हुसैनाबाद, पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार कर उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के बाद मरा समझकर खेत में फेंक दिया। इस मामले को लेकर लड़की के पिता ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत में कहा है की मेरी पुत्री बीते 27 फरवरी को शौच के लिऐ बाहर गई थी काफ़ी देर बीत जानें के बाद जब वह नहीं लौटी तो परिवार के सभी लोग उसे खोजने लगे लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। दोपहर करीब तीन बजे गांव की कुछ महिलाएं खेत में घास काटने गई तो देखा की खेत में मेरी लड़की अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी उनलोगो ने इसकी जानकारी हमारे परिवार के लोग को दी। सूचना मिलते ही गांव के कई लोग के साथ जब वहां पहुंचा तो देखा की उसके नाक कान से काफ़ी खून बह रहा था और उसकी स्थिती को गंभीर देखते हुऐ बेहतर इलाज के लिए वाराणसी उत्तर प्रदेश के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। तीन माह पूर्व मेरी लड़की को गांव के एक युवक कुंडल कुमार उसे छेड़-छाड़ किया था मुझे पूर्ण विश्वास है की कुंडल कुमार अपने अन्य दोस्तों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया की लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है शीघ्र ही नामजद आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## क्षेत्रीय विधायक व अनुमंडल पदाधिकारी की लिखित आवेदन देकर चापाकल लगाने के लगाई गुहार

**नौडीहा बाजार (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड के तरीडीह पंचायत निवासी दिलीप कुमार मेहता के द्वारा छतरपुर -पाटन विधानसभा के क्षेत्रीय विद्यायिका श्रीमती पुष्पा देवी और अनुमंडल पदाधिकारी छतरपुर की लिखित आवेदन देकर गुहार लगाया। दिलीप कुमार ने लिखित आवेदन के माध्यम से अवगत कराया है कि हमारे टोले कस्बे मे पानी की भारी संकट की समाना करना पड़ता है। अगर माननीय विधायक मद की कोटे से एक चापाकल की लगवाया दिया जाता तो हमलोगों की पानी पीने के लिए सहुलियत हो जाती। माननीय विधायक महोदय और अनुमंडल पदाधिकारी से पेयजल की सुविधा मुहैया करने के आवेदन देकर गुहार लगाया।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस सक्रिय

# किराना दुकान से 42 बोतल अंग्रेजी शराब व 6 बोतल बियर बरामद, एक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** जिला के हैदरनगर थाना क्षेत्र के बरेवा गांव की एक किराना दुकान से 42 बोतल अंग्रेजी शराब व 6 बोतल बियर बरामद हुआ है। प्रशिक्षु डीएसपी सह हैदरनगर थाना प्रभारी राजीव रंजन ने बतायां कि गुप्त सूचना मिली की बरेवा गांव के एक किराना दुकान में अंग्रेजी शराब की बिक्री अवैध ढंग से की जा रही है। प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन ने वरीय अधिकारियों से निर्देश प्राप्त कर पुलिस बल के साथ बरेवा गांव की किराना दुकान में शनिवार की शाम छापामारी की। छापामारी के दौरान अवैध ढंग से बेची जा रही शराब के साथ दुकानदार बिट्टू मेहता को गिरफ्तार कर लिया। प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन ने बताया कि 42 बोतल अंग्रेजी शराब में विस्की है। जबकि 6 बोतल बियर है। उन्होंने बताया कि किराना दुकानदार शराब कहां से लाता था, इसका पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किराना दुकान से बरामद शराब झारखंड सरकार की दुकानों से लाया गया प्रतीत होता है। किस दुकान से शराब कालाबाजारी में बेचा गया है, पुलिस इस संबंध में भी जांच कर रही है।

# लक्ष्मी शिशु वाटिका स्कूल के बच्चों ने ताराचंडी व पायलट बाबा का किया शैक्षणिक भ्रमण

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक भ्रमण जरूरी : शाषिकेश कश्यप




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद शहर के लक्ष्मी शिशु वाटिका स्कूल के छात्र-छात्राओं को सासाराम के ताराचंडी, शेरशाह सूरी, पायलट बाबा, श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा,नेहरू पार्क का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।इसकी जानकारी देते हुए बिद्यालय के निदेशक शाषिकेश कश्यप ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चो ने खुले जगह में घूम कर अलग अलग प्रकार के दृश्य और ऐतिहासिक चीजों को देखकर शैक्षिक शिक्षा और अलग सा अनुभव प्राप्त किया । उन्होंने कहा की छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाने से उन्हें वहां के गतिविधियों के बारे में सीखने का अवसर मिलता है।साथ ही शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में शिक्षा के प्रति सही दृष्टिकोण विकसित होता है।शैक्षणिक भ्रमण से बच्चे जो सीखते है वह किताबो से नही सिख सकते। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में आत्मविश्वास और भाईचारे की भावना प्रबल होती हैं। मौके पर बिद्यालय के कई शिक्षक समेत छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# सभी बूथ में न्यूनतम सुविधा सुनिश्चित हो : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी पंडवा द्वारा सभी बीएलओ, पर्यवेक्षक एवम सेक्टर पदाधिकारी के साथ बैठक करते हुए चुनाव संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र देव प्रसाद ने सभी बीएलओ को छूटे हुए नए मतदाताओं को जोड़ने, आवश्यकतानुसार गंभीर बीमारी से पीड़ित 85 से उपर उम्र के वृद्ध एवम दिव्यांगजनों को होम वोटिंग कराने, मृत, अनुपस्थित एवम शिफ्ट मतदाताओं के साथ साथ होम वोटिंग का चुनाव करने वाले मतदाताओं को चिन्हित करते हुए मार्क मतदाता सूची तैयार करने, मतदान के दिन पोलिंग पार्टी को आवश्यक सहयोग करने का निर्देश दिया गया। सभी पर्यवेक्षक एवम सेक्टर पदाधिकारी को अभी रूट चार्ट का ध्यान रखने,बूथ के न्यूनतम सुविधा का रिपोर्ट करने, सेक्टर क्षेत्र में हुए आपराधिक घटनाओं पर रिपोर्ट तैयार करने के साथ साथ ईवीएम की आवश्यक तकनीकी जानकारी हासिल करने का निर्देश दिया गया। अंचल अधिकारी ने बताया कि सभी बूथ मॉडल बूथ के तौर पर बनाए जाने हैं एवम बूथ पर ही पोलिंग पार्टी का एक दिन पहले आ कर सारी तैयारी की जानी है इसलिए बीएलओ एवम बीएलओ पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। आदर्श आचार संहिता के लागू होने से पूर्व ही चुनाव आयोग द्वारा निरंतर सभी पदाधिकारियों का प्रशिक्षण का आयोजन करते हुए निर्वाचन संबंधी विषय वस्तु को निर्वाचन कार्य में लगे अंतिम कर्मी पदाधिकारी तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। पिछले आम चुनाव में निर्वाचन आयोग ने जहां असहाय लोगों के लिए बूथ आने तक वाहन का इंतजाम किया था अब एक कदम आगे बढ़ते हुए इस प्रक्रिया में इस आम चुनाव में सबसे अनूठा प्रयोग है असहाय लोगों तक पोलिंग पार्टी का खुद चल कर जाना और होम वोटिंग डाक मत पत्र द्वारा लेना,ताकि अधिक से अधिक मतदाता इस चुनाव पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके।

नगर पंचायत के कई इलाकों में गहराने लगा पेयजल संकट

# पेयजल समस्याओं से निपटने के लिए अरविंद ने कार्यपालक को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** हर साल गर्मी दस्तक देते ही छतरपुर नगर पंचायत के लोग पेयजल किल्लत से परेशान हो जाते हैं। नगर पंचायत को उस किल्लत को दूर करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है नगर पंचायत में पेयजल किल्लत के संभावित खतरे के मद्देनजर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने कार्यपालक अधिकारी को पेयजल संकट से निपटने के लिए ज्ञापन सोपा और अविलंब जलमीनारों और चपानलों की मरम्मत की मांग की है उनमें विभिन्न वार्डों में लगाए गए सोलर जल मीनारों की अविलंब मरम्मत कराने। जिसमें बाजार परिसर, मसीहानी उरांव टोला, भैंसाखाड़, रामगढ़ यादव टोला, बस स्टैंड के पासवान टोला, भैंसाखांड के सुखनदिया डैम के पास आदिवासी टोला, फुलवारी मैदान बारा, मंदेया खान टोला, खाटीन, हेसला रोड पंचम सिंह के घर के पास के खराब जलमिनार की मरम्मत कराने, नगर क्षेत्र के पेयजल कूपों की मरम्मत और सफाई सुनिश्चित कराने। नगर के पांच पांडव पहाड़ी पर बन रहे पानी टंकी को शीघ्र शुरू कराने की मांग की है।

## देवरी ओपी पुलिस ने 11 क्विंटल जावा महुआ को किया नष्ट



**हुसैनाबाद, पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद के देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार के नेतृत्व में ओपी क्षेत्र में देशी शराब माफियाओं के विरुद्ध अभियान चलाया गया।इस दौरान ओपी प्रभारी ने देवरी सोन नदी स्थित डिलापर लगभग 11 क्विंटल जावा महुआ को विनष्ट किया। ओपी प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सोन नदी के तटवर्ती क्षेत्र डीलापर में अवैध शराब भट्ठी संचालित किया जा रहा है। सूचना सही पाए जाने पर करीब 11 क्विंटल जावा महुआ व अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया दिया गया है।जावा महुआ प्लास्टिक के थैलो में सोन नदी किनारे बालू के अंदर रखा हुआ था ।उन्होंने कहा कि अवैध शराब के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।इस अभियान में ओपी प्रभारी के साथ पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

संक्षिप्त खबरें

## आम आदमी पार्टी के सत्येंद्र सिंह आजसू में हुए शामिल

**रांची:** आजसू में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आम आदमी पार्टी के रांची महानगर अध्यक्ष रहे सत्येंद्र सिंह ने आजसू का दामन थामा लिया । आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने सत्येंद्र सिंह समेत सभी को सदस्यता दिलाई। मौके पर उन्होंने कहा कि लगातार पार्टी के विचारधारा से लोग जुड़ रहे हैं यह अच्छी बात है। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि हम आने वाले दिनों में जहां अपनी सरकार बनाएंगे. वहीं आम आदमी पार्टी से आजसू में आए नेता सत्येंद्र सिंह ने आप पार्टी छोड़ने के सवाल पर कहा कि आप का झारखंड में कोई जन आधार नहीं है। मैंने कई बार अरविंद केजरीवाल को संगठन की मजबूती को लेकर ध्यान दिलाया लेकिन वह इसे टालते चले गए। मौके पर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो सहित कई लोग शामिल थे।

## अंजुमन इस्लाहूल मुस्लेमीन कमिटी के पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

**रांची।** हाजी गुलाम ख्वाजा सहित कसमार गांव वालों के द्वारा अंजुमन इस्लाहूल मुस्लेमीन कमिटी कसमार के नव निर्वाचित हुए सदर मो शेरे आलम और सचिव हसीब अंसारी और खजांची मोबीन अंसारी को पगड़ी और माला पहना कर सम्मानित किया गया । कसमार प्रखण्ड और अंजुमन कमिटी की तरक्की के लिए दुआ की गई । इसके साथ-साथ सदर ने भरोसा दिलाया कि अपनी ज़िम्मेदारी को बखूब निभाएंगे । प्रोग्राम में हाजी शाकिर , हाजी यूसुफ़, हाजी दिल मोहम्मद हाजी अत्ताउल्लाह , हाजी खाजा गुलाम और मस्जिद के इमाम कस्मार के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# 40 पुड़िया गांजा के साथ एक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पंडरा ओपी क्षेत्र अंतर्गत आईटीआई बस स्टैण्ड के पास एक गुमटी में भारी मात्रा में गाँजा बिक्री रखने के लिए रखा गया था । उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए वरीय पुलिस पदाधिकारी के द्वारा पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली रॉची प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि उक्त टीम एवं पंडरा ओपी गस्ती दल के द्वारा आईटीआई बस स्टैण्ड के पास स्थित अजीत कुमार साहु उम्र 47 वर्ष सिन्दरी थाना अरकी जिला खूँटी वर्तमान लोहा सिंह मार्ग (संजय अग्रवाल के मकान में किरायेदार) थाना पंडरा ओपी जिला रॉची को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से गुमटी के दुकान से चालिस (40) पुडिया गाँजा, चीलम 141 पीस , नगद कुल 13750 (तेरह हजार सात सौप पच्चास) रूपया बरामद किया गया तथा अजीत कुमार साहु के निशानदेही पर उसके किराये के मकान से, उजला रंग के प्लास्टिक के बोडा में कुल वजन करीब 04 (चार) किग्रा गाँजा एवं 1200 पुडिया लगभग 04 (चार) किग्रा, प्लास्टि बोरा में ही गाँजा का चुरन करीब 03 (तीन) किग्रा , दो प्लास्टिक थैला में सैलो टैप से सील बंद गाँजा करीब 02 किग्रा , लिखा हुआ 14 डिब्बा प्रत्येक डब्बा में 55 पीस , कम्पनी का टेबलेट का 40 डब्बा जिसके प्रत्येक डब्बे में दो-दो टेबलेट , कम्पनी का टेबलेट का 25 डब्बा जिसके प्रत्येक डब्बे में दो-दो टेबलेट बरामद किया गया । सैमसो वेइंग मशीन (वजन नापने वाली मशीन) को बरामद कर विधिवत् जप्त किया गया है। तत्पश्चात् अवैध मादक पदार्थ रखने एवं ब्रिकी करने के आरोप में विधिवत् गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अजीत कुमार साहु ने अपना अपराध स्वीकारोक्ति बयान में बतलाये कि बरामद गॉजा को अवैध व्यापार निजी मुनाफे के उदेश्य से किया जाता रहा है।

**छापामारी दल में शामिल:** पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली, प्रकाश सोय,पंडरा ओपी प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, पुअनि गगन कुमार ठाकुर, पंडरा ओपी पुअनि अजय कुमार दास, दलादली टीओपी प्रभारी,पुअनि संदीप राज, दलादली टीओपी, सअनि राम, कुमार सिंह, संध्या गस्ती पदा पंडरा ओपी, पंडरा ओपी सशस्त्र बल एवं दलादली टीओपी शसस्त्र बल ।

# सात आइएएस का हुआ तबादला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रविवार को राज्य सरकार ने सात आइएएस अफसरों का तबादला कर दिया है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग विभाग ने इससे संबंधित नोटिफिकेशन भी जारी कर दी है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, वन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल को एक बार फिर प्रधान सचिव के अलावा मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं कुमुद सहाय को जामताड़ा और घोलप रमेश गोरख को चतरा डीसी बनाया गया है। प्रमंडलीय आयुक्त कोल्हान प्रमण्डल, चाईबासा के पद पर पदस्थापित मनोज कुमार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। प्रधान सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पद पर पदस्थापित वंदना दादेल अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रधान सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग) के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगी।




अपर सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के पद पर पदस्थापित कुमुद सहाय को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक जामताड़ा जिले का जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त नियुक्त किया गया है। चतरा उपायुक्त के पद पर पदस्थापित अबु इमरान को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक प्रबंध निदेशक झारखंड मेडिकल एण्ड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। इमरान अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ कार्यपालक निदेशक झारखंड राज्य आरोग्य सोसाइटी के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

जामताड़ा उपायुक्त के पद पर पदस्थापित शशि भूषण मेहरा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपर सचिव वित्त विभाग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। संयुक्त सचिव (वित्त विभाग) के पद पर पदस्थापित घोलप रमेश गोरख को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक चतरा जिले का जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त नियुक्त किया गया है।पशुपालन निदेशक के पद पर पदस्थापित आदित्य रंजन को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक राज्य परियोजना निदेशक झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् सर्व शिक्षा अभियान के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। रंजन अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ निदेशक (मध्याहन भोजन प्राधिकार और निदेशक, झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद) के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

राज्य परियोजना निदेशक (झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् सर्व शिक्षा अभियान के पद पर पदस्थापित किरण कुमारी पासी अतिरिक्त प्रभार-निदेशक, मध्याहन भोजन प्राधिकार और निदेशक, झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक निदेशक पशुपालन के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है।

# संतोष कुमार सोनी जदयू में शामिल हुए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ओबीसी विभाग के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सह पश्चिम बंगाल प्रभारी एवं एसएफसी मोटिया - मजदूर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी अपने सैकड़ों समर्थकों संग जदयू में शामिल हुए। हरमू स्थित स्वागतम बैंक्वेट हाल में आयोजित मिलन समारोह में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने उन्हें जदयू की सदस्यता ग्रहण कराई। मिलन समारोह की अध्यक्षता संतोष कुमार सोनी एवं मंच संचालन तपन राजवार ने किया। मौक़े पर जदयू के प्रदेश महासचिव भगवान सिंह, प्रवक्ता सागर कुमार, प्रदेश महासचिव संजय सिंह, ब्रह्मदेव प्रसाद, मनोज सिन्हा, राजू महतो, कोषाध्यक्ष रामजी प्रसाद एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए खीरू महतो ने कहा की संतोष कुमार सोनी का जदयू परिवार में स्वागत है। सोनी के संग तपन रजवार, सिकंदर जी, राजकुमार पंडित, श्रीजी यादव, मुकेश कुमार, रामकुमार राम, आर्यन वर्मा, संजय कुमार इदरीश, अंसारी, पंकज कुमार सहित सैकड़ों ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की।

# रेलवे ट्रैक से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** तुपुदाना-बालसीरिंग रेलवे ट्रैक में रविवार को एक अज्ञात व्यक्ति (44) का शव पुलिस ने बरामद किया है। अबतक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मृतक काले रंग टीशर्ट पहने हुए था। ग्रामीणों की ओर से आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए अपराधियों ने रेलवे ट्रैक में शव को फेंका दिया होगा। घटना की सूचना मिलते ही तुपूदाना ओपी थाना प्रभारी मीरा सिंह के निर्देश पर पुलिस बल के जवान घटनास्थल पहुंचे। साथ ही जीआरपीएफ हटिया पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस की ओर से आस-पास के लोगों को बुलाकार मृतक का पहचान कराया गया लेकिन किसी ने मृतक की शिनाख्त नहीं की। धुर्वा थानेदार राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। लेकिन सर का पूरा हिस्सा क्षत विक्षित होने के कारण अबतक शव की पहचान नहीं हो सकी है। प्रथम दृष्ट्या मामला रेल से कटकर मौत का प्रतीत होता है।



# 137वां नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफल आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से एम आर एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट राँची एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिड़) दिल्ली शाखा राँची के सयुंक्त तत्वाधान मे प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 137 नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफल संचालन किया जा चुका है। रविवार 03 मार्च 2024 को 138 वें कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपने बुजुर्गो की स्मृति मे संस्था के सदस्यों और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, पुरणमल सर्राफ, ओमप्रकाश सरावगी, अमन अग्रवाल, धीर खेतान, विशाल जालान, कैलाश बाबु, शिव भगवान अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा,पवन पोद्दार (ताउ), अंजनी अग्रवाल,आरव अग्रवाल, धीरज कुमार गुप्ता, चन्द्रदिप साहु, प्रेम कुमार, महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल, सरीता अग्रवाल, अनुभा खेतान,अमिता जालान, सुनीता अग्रवाल, शकुन्तला केजरीवाल,सुधा सुल्तानिया एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की आमसभा 10 को

**रांची :** झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की आमसभा 10 मार्च को आयोजित की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने रविवार को बताया कि 10 मार्च को धुर्वा गोलचक्कर स्थिति मैदान में झारखंड राज्य के होमगार्ड जवानों की आम सभा बुलाई गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी होमगार्ड जवानों से यह अपील की है कि 10 मार्च को समय 10 बजे धुर्वा गोल चक्कर स्थित मैदान में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे । इस अवसर पर होमगार्ड के कल्याण के लिए हो रहे कार्य और अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

# मदरसा रहमानिया का मासिक रिजल्ट जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रविवार को मदरसा रहमनिया का मासिक रिजल्ट जारी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ शाहबाज आलम उपस्थित हुए। इस दौरान मदरसा के बच्चे-बच्चियों ने अपना-अपना प्रोग्राम प्रस्तुत किया। जिसमें नात, तकरीर, दुआ और नाटक पेश करके आए हुए सभी लोगों का दिल जीता। इस अवसर पर डॉ. शाहबाज आलम ने कहा कि मदरसे के बच्चों का प्रोग्राम में प्रदर्शन और अनुशासन को देख कर मुझे काफी खुशी हुई। इस मौके पर हाजी मजहर ने कहा कि मिकाईल रहमानी की मेहनत का नतीजा है की आज यहां से बच्चे कामयाब हेकर निकल रहे हैं। इस मौके पर विनोद कुमार सिंह, हाजी शराफत, डॉ एसएस सिंह, मिर्जा गालिब, मो. मीर, हाफिज इजराईल हुसैनी, आफरीन परवीन , आशिया परवीन , सादिका परवीन ने भी अपनी अपनी बातें रखीं। ट्रस्ट के चेयरमैन हाफिज मो. मिकाईल रहमानी ने आए हुए सभी लोगों का आभार प्रकट किया।

# उग्रवादियों ने चालक को धमकाया, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पीएलएफआई उग्रवादियों के जरिये एक चालक को अगवा कर धमकाने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। इससे इलाके में दहशत का माहौल है। हालांकि उग्रवादियों ने चालक को छोड़ दिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार को देर शाम चालक टेकलाल महतो बाथरूम करने गया था। इसी दौरान क्रेशर में चार- पांच लोग वहां पहुंचे और चालक से पूछा कि किसका गाड़ी चलाते हो। उसने बताया कि वह भाड़ा का गाड़ी चलाता है वह क्रशर मालिक का गाड़ी नहीं चलाता है। इसके बाद उग्रवादियों ने कहा अपने भी देख लो और दोस्त लोग को भी समझा देना नहीं तो अंजाम बुरा होगा। थाना प्रभारी ने बताया कि सिर्फ उससे चार-पांच लोगों ने पूछताछ किया है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पिठौरिया थाना के सना स्टोन डिपॉजिट क्रेशर में शुक्रवार की देर रात पीएलएफआई उग्रवादियों ने क्रशर में खड़े तीन हाइवा, एक लोडर और एक डीजी को फूंक दिया था।



# देश के विकास को आगे बढ़ने का निरंतर प्रयास जारी रहेगा : संजय सेठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सांसद संजय सेठ ने राष्ट्रीय नेतृत्व, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, देश के यशस्वी गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, एवं भाजपा प्रदेश नेतृत्व माननीय संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह जी, एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सहित रांची लोकसभा के सभी देवतुल कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे फिर से एक बार रांची लोकसभा का प्रत्याशी बनाया गया है उस संकल्प को पूर्ण करने का प्रयास करूंगा।

सेठ ने कहा पिछले 5 सालों में लोकसभा के अंदर रांची की जनता का आवाज बनकर जनहित के मुद्दे को उठाता रहा हूं, पिछले 5 सालों में लगातार कई क्षेत्रों में विकास के कार्य हुए हैं । आगे और तेज गति से रांची का विकास हो और नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाने में हम सब मिलकर योगदान दे ताकि भारत विश्व गुरु बने इसी संकल्प और आशा विश्वास के साथ आप सबों का दिल से आभार। देवतुल कार्यकर्ताओं का जो प्यार स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है इसके लिए दिल से आभार।

## रॉबिन मिंज का बाइक दुर्घटनाग्रस्त

**रांची** : झारखंड के स्टार क्रिकेटर रॉबिन मिंज बाइक दुर्घटना का शिकार हो गए हैं. अपने बेहतरीन प्रदर्शन के बदौलत हाल ही में रॉबिन आईपीएल 2024 के लिए चुने गए थे, गुजरात टाइटंस ने उन्हें 2023 में हुए मिनी ऑक्शन में अपनी टीम में शामिल किया था. रॉबिन मिंज लंबी हिट लगाने के लिए जाने जाते हैं. रॉबिन मिंज सुपर बाइक के शौकीन हैं और उनके पास कावासाकी निंजा जेडएक्स-10आर है जो 1000ष्ठ की बाइक है और इसी बाइक की जब वो सवारी कर रहे थे तब एक दूसरी बाइक से टक्कर होने की वजह से उनका एक्सीडेंट हो गया, फिलहाल वो अस्पताल में भर्ती हैं और उनका इलाज चल रहा है.

# भाजपा की साजिश से हेमंत सोरेन काल कोठरी में बंद : मुस्ताक आलम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष 17 वें दिन रविवार को झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में उपवास रखा। मौके पर मुस्ताक आलम ने कहा कि एक आंदोलनकारी का बेटा हेमंत सोरेन रात-दिन लोगों की सेवा में लगा रहा लेकिन भाजपा की साजिश के चलते काल कोठरी में बंद हैं। मुस्ताक ने कहा कि हेमंत सोरेन की बढ़ती लोकप्रिय को देखते हुए भाजपा ने पहले उन्हें अपने में शामिल करने का ऑफर दिया लेकिन हमारे हेमंत सोरेन ने राज्य के जनादेश का सम्मान करते हुए उनके साथ जाने से मना कर दिया। तब केंद्र सरकार ने ईडी, सीबीआई का सहारा लेकर उन्हें प्रताड़ित करने का काम शुरू किया लेकिन हेमंत सोरेन जेल जाना पसंद किए पर उनके साथ जाना पसंद नहीं किए। उपवास कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, बीरु साहू सहित अन्य मौजूद थे।



# राज्य सरकार ने समाज के हर वर्ग को दुखी किया : सुदेश महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आजसू पार्टी के नेता सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य में वर्तमान हालात अच्छे नहीं हैं। इससे समाज का हर वर्ग दुखी और निराश है। साथ ही गलत नीति निर्धारण से प्रगति का पथ भी अवरुद्ध हुआ है। सुदेश कुमार महतो रविवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान आम आदमी पार्टी के रांची महानगर अध्यक्ष सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में आप के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने थामा पार्टी का दामन। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य और राज्य की राजनीति को नई दिशा देने के लिए आप सभी का आजसू पार्टी में स्वागत है। राज्य में सकारात्मक राजनीतिक परिवर्तन लाने के लिए इच्छाशक्ति का होना आवश्यक है। हम सभी को मिलकर प्रदेश को फिर से अविराम गति से तरक्की के पथ पर लेकर जाना है। प्रदेश की अच्छाइयों पर जोर देना होगा।उन्होंने बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए सीधे तौर पर सत्ता को जिम्मेदार बताया। साथ ही कहा कि राज्य को कैसा देखना चाहते हैं यह हमारी सोच में होना चाहिए। आप सभी प्रदेश के दुःख और सुख से जुड़ाव रखने वाले नेता हैं। आजसू के मंच से आप सभी जनता के हक अधिकार की आवाज उठाने का काम करें।मौके पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले सतेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड के विकास के उद्देश्य से आजसू पार्टी में शामिल हुआ हूं। झारखंड राज्य के समस्त समस्याओं को दूर करने का प्लेटफार्म आजसू है। आजसू युवाओं, मूलवासियों के कल्याण करने वाली पार्टी है। पूरी प्रतिबद्धता के साथ झारखंड के नवनिर्माण करेंगे। 2024 में हमारी सरकार बनेगी।मिलन समारोह में अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, महासचिव मुकुंद चंद्र मेहता, पार्टी केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत, राजेन्द्र मेहता, तरुण गुप्ता, मोसिन खान, रांची जिला अध्यक्ष संजय महतो, वीणा देवी, एस अली मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# नगड़ी के पीडीएस डीलर सारण तिर्की का लाइसेंस निलंबित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नगड़ी प्रखंड के जन वितरण प्रणाली दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची प्रदीप भगत ने सपारोम पंचायत के राशन डीलर सरन तिर्की का लाइसेंस (अनुज्ञप्ति संख्या-02/96) निलंबित कर दिया है।

**क्या थी शिकायत:** जन वितरण प्रणाली दुकानदार शरण तिर्की के खिलाफ कार्डधारी से राशन कार्ड प्रिंट कराने के नाम पर पैसे वसूली की शिकायत मिली थी। साथ ही राशन कार्डधारियों को डिजिटल वेइंग मशीन की जगह तराजू से तौलकर खाद्यान्न देने का काम डीलर द्वारा किया जा रहा था।




**जांच में शिकायत सही पाए जाने पर हुई कार्रवाई:** शिकायत मिलने के बाद जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची प्रदीप भगत द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं पणन पदाधिकारी श्री उत्तम कुमार द्वारा जांच के क्रम में शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद डीलर का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया।

## भाजपा एससी मोर्चा की बैठक

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चानक नगर में भाजपा एससी मोर्चा की बैठक हुयी. अध्यक्षता प्रखंड एससी मोर्चा महामंत्री रतनलाल किया. बैठक में रांची लोकसभा सीट से सांसद संजय सेठ को दोबारा लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर मोर्चा ने हर्ष व्यक्त करते हये संजय सेठ को बढ़ायी दी साथही केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया.बैठक के दौरान एससी मोर्चा के लोगों ने संकल्प लिया कि इस बार पिछले बार की तुलना में अधिक मतों से जिताकर सांसद बनाना है. मोर्चा के रतनलाल ने सभी कार्यकर्ताओं से लोक सभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का अपील किया. इस बैठक में रविन्द्र पासवान, संजीत तुरी,कुलदीप लोहार,अजय पासवान,पप्पू राम,राजा राम,मुकेश राम,पवन कुमार,,रोहन लाल,राकेश राम,विजय कुमार,साहिल कुमार,अमर कुमार आदि लोग शामिल थे.

## अब्दुल्ला अंसारी ने दिया खाद्य सामग्री

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी बमने पंचायत के स्वर्गीय सरहुल महतो के परिजन को खाद्य सामग्री दिया .ज्ञात हो कि कुछ दिनों से सरहुल महतो बीमार चल रहे थे ,पिछले 24 फरवरी को उनका मृत्यु हो गया था .जानकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने संवेदना व्यक्त करते हुए श्राद्ध के लिए अपने कार्यकर्ताओं के द्वारा खाद्य सामग्री भेजवाया.अंसारी ने आगे भी हर संभव मदद करने का आश्वाशन दिया.

## बीपीसीएल की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की शुरुआत

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने फॉर्च्यून 500 महारत्न ऊर्जा समूह, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के नेतृत्व में नौ परिवर्तनकारी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। बिहार के बेंगूसराय में आयोजित यह कार्यक्रम ईंधन उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने और विभिन्न क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।रुपये के संयुक्त निवेश के साथ 9,800 करोड़ रुपये की लागत वाली, बीपीसीएल की परियोजनाओं में पेट्रोलियम बुनियादी ढांचे से लेकर टिकाऊ ऊर्जा उत्पादन तक विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। मुख्य आकर्षणों में मुंबई रिफाइनरी में नई केरो हाइड्रो ट्रीटर (केएचटी) इकाई का उद्घाटन और कृष्णापट्टनम, एसपीएसआर नेल्लोर, आंध्र प्रदेश में पीओएल तटीय स्थापना का उद्घाटन शामिल था।

## रिमझिम बारिश के बीच कोयलांचल का बदला मौसम

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार की आधी रात से हो रही रिमझिम बारिश के बीच कोयलांचल का मौसम एक बार फिर से बदल गया है। रविवार को दिन भर छिटपुट बारिश होने से चौक चौराहा पर सन्नाटा पसरा रहा।वहीं सड़कों पर कीचड़ो का अंबार देखा गया।खराब मौसम के बीच लोग अपने घरों में दुबके रहे।वही तापमान में गिरावट आने से ठंड का कुछ प्रकोप बढ़ गया है।बारिश ने एक तरफ जहां कोयलांचल की रौनक को फीका कर दिया है तो वहीं दूसरी ओर एक बार फिर से ठंड का प्रकोप बढ़ा दिया है।

## तपकरा गोली कांड के बलिदानियों को दी गई श्रद्धांजलि

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पार्टी के द्वारा 2 मार्च 1946 ई को तपकरा गोलीकांड में बलिदान हुए झारखंड आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहर के जोजोटोली बस्ती में बलिदानियों की याद में की गई पत्थरगड़ी स्थल की शनिवार को



साफ सफाई कर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम की अगवाई कर रहे झारखंड पार्टी के जिला महासचिव योगेश वर्मा ने मौके पर कहा कि झारखंडियों की अस्मिता धर्म संस्कृति एवं जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले बलिदानियों का सपना आज भी अधूरा है। उनके अधूरे सपने को पूरा करने के लिए झारखंड पार्टी संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि आज झारखंड बने कई वर्ष बीत गए, बावजूद ऐसे वीर बलिदानियों को राज्य सरकार अब तक अनदेखा करती रही है। उन्होंने ऐसे आंदोलनकारी और बलिदानों को चिन्हित कर उनके स्वजनों को सरकारी सुविधा प्रदान करने की मांग करते हुए कहा कि शहादत का यह दिन एक और आंदोलन के लिए प्रेरणा देता है। मौके पर बताया गया कि झारखंड पार्टी के संस्थापक मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के नेतृत्व वाली आदिवासी महासभा के कार्यक्रम में हुए इस गोली कांड में बलिदान हुए पांच बलिदानियों को खूंटी के जोजोटोली में ही दफनाया गया था। बलिदानियों में दियांकेल गांव के संतोष टोपनो, उड़ीकेल गांव के सुखराम कोंगाड़ी, सारिदकेल गांव के जोहन कुजूर, मुरहू के मनसुख मुंडू और ओंडरा गांव के जोहन सांगा शामिल थे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में जेम्स टोपनो, पौलुस नाग, पतरस नाग, सुशील कुमार, आनंद मसीह मुंडू, इनुएम समद, कृष्णा मांझी, निराली मुंडू, सिलवंती मानकी, अनामिका मानकी, मानुएल डुंगडुंग सहित अन्य लोग शामिल थे।

# विधायक ने तमाड़ की पांच महत्वपूर्ण सड़कों का शिलान्यास किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में 6 करोड़ रूपया लागत से बनने वाली पांच सड़कों का शिलान्यास स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा ने किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया। सबसे पहले प्रखंड के सलगाडीह पथ से लेकर लोहारा टोली तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य, पथ की लम्बाई 2.300 कि. मी. प्राक्कालित राशि 81.19 लाख। सरमाली से लुपुंगटोला तक पथ निर्माण कार्य 2.300 किलोमीटर प्राक्कालित राशि 228.310 लाख रुपया। एन एच- 33 बाबईकुड़ी से आचुडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, पथ की लम्बाई, 1.100 किलोमीटर प्राक्कालित राशि, 42.382 लाख।एन एच 33 से



जगाईसिगु तक पथ की सुदृदीकरण कार्य पथ की लम्बाई, 2.00 किलोमीटर, प्राक्कालित राशि 108.079 लाख। एन एच गोड़ांईडीह से चीरूडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। पथ की लम्बाई, 2.050 किलोमीटर, प्राक्कालित राशि 91.348 लाख रूपया है। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहा विधानसभा क्षेत्र में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वर्तमान मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के मार्गदर्शन में मैंने सड़कों की जाल बिछा दिया है बची खुची जितनी भी सड़कें हैं उन्हें बहुत जल्द मुख्य सड़क से जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया की बहुत जल्द जनता की लगातार मांग पर बहुचर्चित एन एच 33 सालगाडीह से लेकर राउता तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जाएगा जिसकी टेंडर प्रक्रिया पुरी हो चुकी है।ज्ञात हो यह सड़क इस क्षेत्र के लिए लाइफलाइन मानी जाती है जिससे होकर प्रतिदिन सैकड़ों गांवों के हजारों लोग आवागमन करते हैं।अब वो घड़ी बहुत करीब है जब जल्दी ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जगह-जगह पर विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनी और लोगों से बातचीत की। त्वरित समाधान भी कर दिया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि मृत्युंजय महतो विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो जिप सदस्य भवानी मुंडा जगन्नाथ मानकी,अड़की विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल, बासु सेठ,उमेश महतो, उमाकांत मानकी,अरविंद कुमार, सुखलाल सिंह मुंडा, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिङबोंगा की स्तुति से बढ़ता है प्रेम और भाईचारा : धर्मगुरु बगरय मुंडा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** तोरपा के बंदु में रविवार को सरना धर्म सोतोः समिति की 20वीं शाखा स्थापित कर सरना स्थल संस्कार किया गया और सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित कर डॉ सीताराम मुंडा, राजु पहान व सरोज तोपनो की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिङबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की.

इस अवसर पर धर्मगुरु सोमा कंडीर ने अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिङबोंगा की स्तुति से आत्मा में भक्ति व श्रद्धा बढ़ती है तथा समाज में प्रेम व भाईचारा की भावना पनपती है. इससे लोभ, लालच व अहंकार जैसे बुराईयां दूर होती है और जीवन में सुख, शांति और खुशहाली आती है.

उन्होंने आगे कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं जिससे सबको समान कृपा मिलती है. हमें इसके लिए सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम व भाईचारा के साथ रहना चाहिए. सिङबोंगा की स्तुति के साथ-साथ मनुष्य, जीव-जंतु व सारी सृष्टि का सम्मान करना ही सरना धर्म का मूल सिद्धांत है.

इस अवसर पर धर्मगुरु बगरय मुंडा ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने अपने मूल धर्म को संगठित कर जिस समृद्ध समाज की कल्पना की, वह आज भी अधूरी है. वे न केवल धर्म-संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष किया बल्कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहे. आज हम उसी धर्म-संस्कृति व जल-जंगल-जमीन की संरक्षण के लिए ही सरना धर्म कोड की मांग कर रहे हैं. अतः सरना कोड के लिए महापुरुषों से संकल्प लेकर डटकर संघर्ष करना चाहिए.

इस कार्यक्रम में मसीह गुड़िया, असीमा तोपनो, जयराम गुड़िया, मथुरा कंडीर, बिरसा कंडुलना, झरिया मुंडा, रतिया मुंडा, झरिया पहान, सोमरा भेंगरा, रेशमा मिंजूर, जेम्स मुंडा, बिरसा तोपनो, अभिमन्यु पहान, लुथडू मुंडा, बिरसा तोपनो, करमु हेंबरोम, रोहित तानी, सुनिल गुड़िया, आदि ने विचार व्यक्त किए. इसमें तोरपा, तपकारा, रनिया, कमडारा, खूंटी, मुरहू, बंदगांव, गुमला, अड़की इत्यादि जगहों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए.

# अंतर विद्यालय स्तरीय खेलकूद महोत्सव का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल के प्रांगण में रविवार को अन्तर विद्यालय स्तरीय खेलकूद महोत्सव का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल नगड़ी तथा संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल पुरियो के छात्र-छात्राएं ने भाग लिया। 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले रेस, कबड्डी, बैडमिंटन, खो खो आदि अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मौके पर



मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय प्रशासनिक अधिकारी डॉ अरुण कुमार उरांव, विशिष्ट अतिथि डॉ अजय कुमार राज, डॉ दीपिका पूर्णिमा रेड्डी (एन के मेहता अस्पताल), संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल नगड़ी विद्यालय के निर्देशक डॉ पंकज राज, प्राचार्या जसमंती देवी ने खेल कूद प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। खेल कूद प्रतियोगिता को लेकर स्कुल के सभी बच्चे में काफी उत्साहित होकर बढ चढकर भाग ले रहे थे। वही प्रतिभागियो को स्कुली बच्चे प्रोत्साहित भी कर रहे थे। मौके पर अख्तर हुसैन, मो. अताउल्लाह, मो.आसिफ, शिवेन्द्र सौरभ, आकाश रक्षित, रिषभ राज, अनिकेत कुमार, चन्दन प्रजापति, संजय कुमार महतो, बब्बन बैठा, राजेश कुमार, प्रो इन्द्र मोहन राय व सुजित सिंह उपस्थित थें. वही कार्यक्रम के सफल आयोजन में उप प्राचार्या सुनीता सिंह, संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल पूरियो बेड़ो के प्राचार्य इंजी, संदीप राज व सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं व विद्यालय प्रबंधन समिति के लोगो ने सहीयोग किया।

# यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत कांग्रेस ने की बैठक



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए रपा ग्राम में यूथ कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष के नेतृत्व में युवा साथियों के साथ युथ जोड़ो बुथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत बैठक की । मौके में अरुण संगा ने युवा साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर बुथ में पांच युवा साथियों को जोड़ना है ताकि कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिल सके और आगामी चुनाव में पार्टी की जीत हो। मौके में युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सह खूंटी जिला प्रभारी कुलदीप रवि, खूंटी लोक सभा कोऑर्डिनेटर विजय शुक्ला, खूंटी जिला उपाध्यक्ष बहा मुंडा, खूंटी विधानसभा अध्यक्ष ऋतुराज, जिला महासचिव दशरथ , खूंटी प्रखंड उपाध्यक्ष एंजेला हंस, शांति प्रिया, अस्त्रिता, अनीशा आदि दर्जनों युवा साथी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधायक के प्रयासों की प्रतिफल गुंगा नाला पुल का निर्माण : अजय आर्य



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष अजय आर्य ने कहा कि हाहे - राहे सड़क पर गूंगा नाला में उच्च स्तरीय पुल निर्माण को स्वीकृत करने में विधायक राजेश कच्छप के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।उन्होंने कहा कि विधायक राजेश कच्छप अपने कार्यकाल के दौरान गूंगा नाला में पुल निर्माण कराए जाने को लेकर लगातार प्रयासरत रहे थे। उन्होंने कई बार सदन मे भी मामला मजबूती के साथ उठाने का परिणाम है। कि आज पुल निर्माण कार्य शुरू किया गया है। पुल निर्माण को लेकर विधायक राजेश कच्छप खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर कार्य करने की आग्रह किया था। जिसका परिणाम है कि आज पुल का निर्माण कार्य शुरू किया गया है।

## पॉल मूंजनी की अध्यक्षता में अनगड़ा प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को अनगड़ा प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी की एक खास बैठक जोन्हा फॉल में परदेस चेयरमैन ( मीडिया विभाग) सतीश पॉल मूंजनी की अध्यक्षता में रखी गई । आज की बैठक में खास कर आगामी लोकसभा को लेकर चर्चा किया गया मूंजनी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की देश में भाजपा की सरकार उद्योग पति और पूंजी पतियों की सरकार बन कर रह गई है गरीबों की कोई चिंता नहीं देश की जनता को रोजगार की जरूरत है मुफ्त में 5 kg अनाज देने से बेहतर है उन्हे काम दो, शिक्षा दो रोजगार दो । आनेवाले लोकसभा में हमे कांग्रेस की संसद चुनना है । कार्यकर्तागण अपने अपने क्षेत्र में पार्टी संगठन को मजबूत करें।कार्यकर्ता ही संगठन की रीड है । बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिला सचिव विश्राम महतो,मुमताज खान,विधायक प्रतिनिधि सफीक अंसारी,किस्टो कुजूर,मिनहाज आलम,जगण लिंडा,मुन्ना मुंडा,मण्डल अध्यक्ष बरतू मुंडा, मण्डल अध्यक्ष पूर्वी विजय खलखो, शमसाद अंसारी,नईम अंसारी,सुरेश सिंह,बिरसा टोप्पो अशोक गझु ,अशोक रजवार,अभिराम मुंडा,सनिचरवां लोहरा,तिवारी भोगता, लक्ष्मी कच्छप,के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद हुए ।

## शांति समिति की बैठक संपन्न




**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना परिसर में शिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक रखी गई । जिसमें समाज के सभी गणमान्य और बुद्धिजीवी लोग उपस्थित हुए और सभी ने अपनी तरफ से शिवरात्रि को सही ढंग से मनाने को लेकर अपनी अपनी राय प्रकट की सिल्ली की रोड साइड में लगने वाले बाजार जो अतिक्रमण कर रखे हैं उनको कम से कम हटाया जाए। जिससे दुर्घटना से बचा जा सके। वही काली मंदिर के सामने शाम को अक्सर जाम लग जाता है बड़ी गाड़ियों पर थोड़ा सा सुधार करने की आवश्यकता है। इस पर थाना प्रभारी मोहित कुमार ने कहा कि हेलमेट पहनने की आदत डाले जब तक लोग हेलमेट पहन कर चलना शुरू नहीं करेंगे , तब तक हम उनका पीछा करते रहेंगे। ट्रिपल सवार को एवं अंडर एज लड़कों को फाइन किया जाएगा! अंडर एज, ट्रिपल लोड को कंसीडर नहीं किया जाएगा । लड़की छेड़छाड़ के मामले में जनता को उन्होंने सतर्क रहने को कहा है स्कूल और कॉलेज के पास छेड़छाड़ की समस्या से निपटने के लिए पेट्रोलिंग गाड़ी की व्यवस्था की जाएगी। व्यावसायिक संध से गुजारिश है मंदिर के आसपास मुर्गा या मिट नहीं काटा जाएगा उसके लिए अलग से रास्ता खुद व्यावसायिक संघ निकाले, जागरूकता दिखाते हुए व्यवस्था करनी होगी। जो परेशानी आएंगे उनके लिए मेरा प्रयास रहेगा कि उसका समाधान कर दिया जाए। संचालन मोहम्मद फारूक ने किया! इस मौके पर उप प्रमुख कमलनाथ माझी, सिल्ली भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद साहू, ,मोहम्मद फारूक ,गोपाल केडिया,अरविंद कुशवाहा ,बुद्धदेव कुशवाहा नागेंद्र गोस्वामी समाज के दर्जनों लोग उपस्थित थे!

## शमीम अख्तर अंसारी का सिल्ली प्रखंड के कांग्रेस जनों ने किया स्वागत



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय मेन रोड सिल्ली में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर अंसारी को रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, कोषाध्यक्ष मंजूर मोमिन, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो,सेवादल के सुनिता देवी, सिल्ली प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष शाहबुद्दीन अंसारी, पंचायत अध्यक्ष प्रकाश मुंडा, जमीलरुद्दीन मोमिन, शिवचरण मुंडा, सदानंद सोनार, अजीम अंसारी, अज्नुल अंसारी, रमजान अंसारी, रबिंद्र नाथ प्रमाणिक, शिवचरण मिस्त्री, पिनाकी बनर्जी इत्यादि कांग्रेस जनों द्वारा स्वागत किया गया।

# मेरा दिल फिदा है मदीने वाले आका पर.....

## राय बाजार मे जमाले तैयबा कांफ्रेंश सह जश्ने दस्तारबंदी जलशा का हुआ आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के राय बाजार मे जामिया गौसिया रिजविया और अंजुमन इस्लाहुल कमेटी राय के द्वारा जमाले तैयबा कॉन्फ्रेंस सह जश्ने दस्तारबंदी जलसा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम मे बरेली शरीफ के पीर ऐ तरीकत उमर रजा खान और साउथ अफ्रीका के मशहूर नातखां शब्बीर बरकाती सहित देश के कई उलेमा मौलाना एवं नातखां शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत कुरान पाक की तिलावत के साथ की गई। इस कार्यक्रम में जामिया गोसिया रिजविया राय मदरसा से शिक्षा प्राप्त कर चुके छः बच्चों को हाफिज ए कुरान की उपाधि दिलाई गई।पीर ऐ तरीकत उमर रजा खान ने सभी बच्चों को पगड़ी पहनाकर हाफिज ए कुरान की उपाधि दिलाया।मुख्य अतिथि के रूप मे एनके एरिया के पुरनाडीह परियोजना पदाधिकारी शकील अख्तर और विशिष्ट अतिथि में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह,खलारी के पूर्व जिला परिषद सदस्य अब्दुल्लाह अंसारी,पुलिस मेंस एसोसिएशन आईआरबी थ्री के अध्यक्ष शमशेर खान, कांग्रेस प्रदेश सचिव पिंकी सिंह,राय पंचायत की मुखिया शीला देवी,श्रमिक प्रतिनिधि इस्लाम अंसारी,आरवीएम केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन,कांग्रेस चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदुस, समाजसेवी सुभान अंसारी,अब्दुल अंसारी, भाजपा नेता मोहम्मद ताज, सकील अंसारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों का शॉल और बुके देकर स्वागत किया गया एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम मे शिक्षा पर विशेष चर्चा की गई और शिक्षा के प्रति समाज के लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया गया।इसके अलावा दहेज प्रथा,नशापान जैसी समाजिक कुरूतियों को दुर करने और गरीब व असहाय जरूरतमंदो को मदद करने पर बल दिया गया।बाहर से आए हुए उलमाओं ने अपने तकरीर में सामाजिक बातों पर प्रकाश डाला।अंत मे क्षेत्र,राज्य एंव देश की अमन चैन एंव खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।इस मौके पर जुल्फिकार अली,राजु खान, शोएब आलम उर्फ गोल्डन, साबिर अंसारी,शाहनवाज आलम,मोहम्मद हुसैन,गुड्डू हुसैन,सादिक अंसारी,पप्पू खान,नासिर अंसारी,इरफान अंसारी,नसीम आलम,रजा अख्तर,मुर्तजा अंसारी,अनवर मंसूरी,इमतियाज अन्सारी, बसीर अंसारी,अमीन अंसारी, नसीम अंसारी,अब्दाल अंसारी,राजा खान,मोहम्मद युनूस,मोहम्मद जावेद, अब्दुल,शाहीद,दिलशाद, सद्दाम हुसैन,मेराज अंसारी, जिशान,रईश अंसारी,गुलाम, असरफ,बबलु सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### शब्बीर बरकाती के लिए उमड़ा जन सैलाब

राय बाजार में आयोजित जमाले तैयबा कॉन्फ्रेंस सह जश्ने दस्तारबंदी जलसा कार्यक्रम में साउथ अफ्रीका से आये मशहूर इंटरनेशनल नातखां शब्बीर बरकाती के लिए जन सैलाब देखा गया।रात्री एक बजे शब्बीर बरकाती के माइक पकड़ने के साथ ही उपस्थित लोगों में जोश भर आया।हल्की बारिश के फूव्वारो के बीच उपस्थित लोगो मे गजब का उत्साह देखने लायक था। शब्बीर बरकाती के द्वारा प्रस्तुत किए गए मेरा दिल फिदा है मदीने वाले आका पर और अली अली एंव आमद ऐ हुसैन जैसे अन्य नात शरीफ ने रात भर लोगो की भीड़ जमा कर रखा। शब्बीर बरकाती के नात सुनने और उसकी एक झलक के लिए लोग बेताब दिखे। अधिक भीड़ होने के कारण आयोजन समिति के द्वारा कई जगहों पर एलईडी स्क्रीन भी लगाया गया था।शब्बीर बरकाती के नात कलाम का उपस्थित लोगो ने जमकर प्रशंसा की।वही सुरक्षा का भी पुख्ता इंतेजाम किया गया था।जलसा कमेटी के द्वारा सैकड़ो भोलिंटियर तैनात किया गया था,वही खलारी पुलिस भी सुरक्षा के लिए तैनात थे।



## एक बार फिर निर्विरोध चुने गए जिला अध्यक्ष सयूम अंसारी

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कचहरी मैदान में असंगठित कामगार मोटीया मजदूर किसान संघ की एक बैठक हुई। जिसमें निर्विरोध जिला अध्यक्ष सयूम अंसारी को फिर से एक बार संघ का अध्यक्ष चुना गया उनके



अध्यक्षता में बहुत सारे मुद्दों पर चर्चा करते हुए यह निष्कर्ष निकाला गया है कि खूंटी के नगर पंचायत के शुद्ध पानी का व्यवस्था अब तक नहीं हो पाना यह खूंटी के लिए दुर्भाग्य है संघ मांग करती है कि जल्द से जल्द शहरी जलापूर्ति को प्रारंभ किया जाए इस बैठक में ई-रिक्शा संघ के सभी कार्यकर्ता मौजूद थे यूनियन को आगे बढ़ते हुए संघ के अध्यक्ष सयूम अंसारी ने कहा संघ का नाम बदलकर अब इस संघ का नाम मूलवासी मजदूर संघ खूंटी के नाम से जाना जाएगा इसी सिलसिले को आगे बढ़ात हुए आगामी 5 तारीख को कचहरी मैदान में एक जनसभा किया जाएगा जिसमें स्थानीय मुद्दा खासकर महंगाई के खिलाफ में एक विशाल धरना प्रदर्शन करने का संकल्प लिया गया है आगामी 9 तारीख को एक विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा ।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# टाटा समूह के संस्थापक जेएन टाटा की 185 वीं जयंती पर शहरवासियों ने किया नमन

## - टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन समेत अन्य अधिकारियों ने जेएन टाटा को दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा समूह आज अपने संस्थापक जेएन टाटा की 185 वीं जयंती मनाया। जमशेदपुर में टाटा स्टील परिसर में वर्क्स गेट के पास रविवार को आयोजित समारोह में टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन और टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन के साथ टाटा समूह के सभी अधिकारियों, यूनियन के पदाधिकारियों और सभी विभागों की ओर से संस्थापक जेएन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सभी विभागों की ओर से झांकियां भी निकाली गई। इसके बाद चेयरमैन चंद्रशेखरन बिष्टुपुर स्थित पोस्टल पार्क पहुंचे और वहां भी जेएन टाटा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान टाटा स्टील के एमडी सह सीईओ टीवी नरेंद्रन, झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, टाटा स्टील यूआईएसएल के एमडी ऋतु राज सिन्हा, रूचि नरेंद्रन, डेजी ईरानी सहित अन्य ने संस्थापक को नमन किया।समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शहरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थापक दिवस पर जमशेदपुर आना हमेशा एक बहुत ही विशेष क्षण होता है। यह हम सभी के लिए काफी भावनात्मक दिन है क्योंकि यह हमें मूल बातें और उस उद्देश्य की याद दिलाता है जिसके लिए इस समूह की स्थापना की गई थी। इसलिए हर साल यहां आना, अगर मैं कहूं तो, किसी मंदिर के दर्शन करने जैसा है। इसलिए मैं हमेशा यहां रहने के लिए उत्सुक रहता हूं और मैं यहां बिताए गए समय को संजोकर रखता हूं।उन्होंने शहर वासियों एवं कर्मचारियों को संस्थापक दिवस की शुभकामनाएं दी। कहा कि आज का दिन टाटा समूह के लिए प्रेरणादायक और मार्मिक दिन होता है। इस दिन हम अपने संस्थापक के सपनों को साकार करने और वैश्विक चुनौतियों के बीच खुद को स्थापित करने का संकल्प लेते हैं।

## भारत कई क्षेत्रों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने की स्थिति में : चेयरमैन




**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर पोस्टल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने अपना विचार साझा करते हुए कहा कि आज विश्व अनेक जियो पॉलिटिकल हलचलों से गुजर रहा है। अमेरिका और चीन दोनों ही अपनी भूमिका बदल रहे हैं और भारत निश्चित रूप से विश्व स्तर पर एक भूमिका तैयार कर रहा है और कई क्षेत्रों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने की स्थिति में है। यह तीन या चार महत्वपूर्ण रुझानों की पृष्ठभूमि में हो रहा है क्योंकि प्रौद्योगिकी का विकास जारी है। जिस तरह से विश्व आपूर्ति श्रृंखला को नए सिरे से परिभाषित किया जा रहा है। ये तीनों रुझान भारत के लिए बड़े आर्थिक विकास चालक हैं, टाटा समूह को सभी पहलुओं में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है, चाहे वह प्रौद्योगिकी हो, चाहे वह ऊर्जा परिवर्तन हो, या चाहे वह नए उद्योगों, कारखानों का निर्माण करना हो, चाहे वह सेमीकंडक्टर हो। इन सभी क्षेत्रों में हम निवेश कर रहे हैं। हमें नए व्यवसायों, नई क्षमताओं, नए छोटे और मध्यम उद्यमों में निवेश और निर्माण करना होगा, और अपने लोगों को प्रशिक्षित करना होगा ताकि वे इन नए उद्योगों में नौकरियां कर सकें। टाटा स्टील स्टील के सामने ऊर्जा परिवर्तन की एक बहुत ही महत्वपूर्ण चुनौती है। इस्पात, मूलभूत उद्योगों में से एक होने के कारण, हमेशा मांग में रहेगा, लेकिन साथ ही यह बहुत अधिक कार्बन भी पैदा करता है। टाटा स्टील का विकास जारी रहेगा। हम निवेश कर रहे हैं और विकास जारी रख रहे हैं। अकेले भारत में आज हम 23 मिलियन टन स्टील उत्पादन कर रहे है, अगले कुछ सालों में हम 30 तक मिलियन बढ़ जाएंगे और अगले 10 सालों में 40 मिलियन टन तक पहुंचने की उम्मीद। इसके लिए हम सभी नई प्रौद्योगिकियों को अपना रहे हैं। शून्य उत्सर्जन प्रौद्योगिकियों में निवेश करते हुए, हम पहले से ही कुछ परियोजनाओं और पायलटों आदि पर काम करना शुरू दिए हैं। टाटा स्टील का भविष्य बहुत अच्छा है और वो खुद को मजबूत करना जारी रखेगी। जमशेदपुर से हमारे संस्थापक का सारा दृष्टिकोण शुरू हुआ है। हम समूह की उपस्थिति और इस अद्भुत शहर के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना जारी रखेंगे।


## संस्थापक जेएन टाटा को बब्लू, धर्मेंद्र समेत कांग्रेस जनों ने पुष्प अर्पित किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा समूह के संस्थापक जेएन टाटा के जन्मदिवस के मौके पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी ज़िला अध्यक्ष नगर धर्मेंद्र सोनकर एवं जिला उपाध्यक्ष बबलू झा ने पोस्टल पार्क बिस्टुपुर में संस्थापक को पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दिया।इस अवसर पर बब्लू झा ज़िला उपाध्यक्ष ने कहा की दूरदृष्टि, विश्व प्रसिद्ध उद्योग घराना जमशेदजी के सपनों का शहर दुल्हन की तरह सज धज कर तैयार है जिसका इंतजार जमशेदपुर वासियों को हर वर्ष रहता है। हमें गर्व है कि हम मजदूरों का शहर जमशेदपुर के संस्थापक टाटा के विचारों और उनके सपनों के साथ अग्रसर है। इस मौके पर बब्लू झा, अजितेश उज्जैन, सुरेंद्र शर्मा, एस आर के कमलेश, जित्तू,समिम गद्दी, दीपक, लाडला ,अमित सिंह, करण सोनकर उपस्थित थे।

## ग्रामीण एसपी ने चेकपोस्ट का निरीक्षण करते हुए जवानों को दिया आवश्यक निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जिले के ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग व पटमदा डीएसपी वचन देव कुजूर ने रविवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बॉर्डर क्षेत्र में प्रशासन की ओर से बनाये गए चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। ग्रामीण एसपी ने बोड़ाम थाना क्षेत्र के पश्चिम बंगाल बॉर्डर सुसनी व कमलपुर थाना के सामने में बनाये गए चेकपोस्ट का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी में तैनात जवानों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। निर्देश देते हुए ग्रामीण एसपी ने कहा कि जिले के बाहर से आने व जाने वाले सभी चार पहिया वाहनों में सख्ती से नगद राशि, आर्म्स व अन्य हथियारों की जांच करें। उन्होंने कहा कि जांच के क्रम में 50 हजार से अधिक नगद राशि पाते हैं तो जब्त करें। इस दौरान पटमदा अंचल इंस्पेक्टर कौशेलेन्द्र कुमार, बोड़ाम थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह, कमलपुर थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर आदि मौजूद थे।

## तीस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ उद्घाटन

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को 9 एसएम पब्लिक स्कूल परिसर बीष्टाटांढ़ रामनगर में तीस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन समाजसेवी सुकराम हेम्ब्रम, शशिकांत कुमार, महेंद्र कुमार महतो, राम प्रसाद महतो व लखन राम टुडु व संगीता महतो ने संयुक्त रूप से केंडल जलाकर किया। झारखंड आंदोलनकारी अधिकार समिति के तत्वावधान में सपोर्ट इंडिया डेवलपमेंट प्रोग्राम के द्वारा महिलाओं को मोमबत्ती, डिटर्जेंट लिक्विड, ग्लास क्लीनर, एरोपेनिक खेती आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए सपोर्ट इंडिया डेवलपमेंट प्रोग्राम के प्रखंड प्रबंधक राम प्रसाद महतो ने बताया कि सप्ताह में दो दिन दो समान निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर सैकड़ों महिला पुरूष उपस्थित थे।



## ग्राम प्रभारी व चूल्हा प्रमुख का दायित्व सबसे बड़ा : हरेलाल

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डैम रोड़ स्थित आजसू चांडिल नगर कार्यालय में पार्टी की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने कहा कि केंद्रीय समिति द्वारा दिए गए निर्देशों पर जल्द से जल्द पूरा करें और लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रभारी तथा चूल्हा प्रमुख का दायित्व सबसे बड़ा है। सरकार की नाकामियों को जनता के बीच प्रचार करने का काम करें। क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम स्तर से प्रखंड स्तर का आंदोलन की तैयारी करें। मौके पर जिला अध्यक्ष सचिन कुमार महतो, केंद्रीय सचिव एवं कुकड़ू प्रभारी सतनारायण महतो, पुलक सथपति, चांडिल प्रखंड अध्यक्ष दुयोधन गोप, बुद्धेश्वर महतो, चांडिल प्रखंड प्रभारी मनोरंजन ठाकुर, गौरी शंकर लायेक, महिला जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमला मुर्मू आदि मौजूद थे।



## नारायण आईटीआई में जेएन टाटा को दी गई श्रद्धांजली

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नारायण आईटीआई में आज जेएन टाटा की जयंती मनाई गई। उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित करते हुए प्रोफेसर डॉक्टर जटा शंकर पांडेय ने टाटा की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य रूप से शांतिराम महतो, कृष्ण पद महतो , देव कृष्णा महतो ,पवन कुमार महतो, निमई मंडल ,अजय मंडल, गौरव महतो, सिशुमति दास, मोहन सिंह सरदार, धिरज महतो(गलू), अनिमा महतो,आदि उपस्थित थे।

## आई एम वेरिफाइड वोटर अभियान आज से शुरू

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सभी ईआरओ और एईआरओ के साथ ऑनलाइन बैठक किया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारिओं को वोटर हेल्पलाइन एप वीएचए डाउनलोड करने और आम लोगों को भी डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 4 मार्च 2024 को सुबह 10ः00 बजे से जिले के सभी मतदान केंद्रों पर सोशल मीडिया के माध्यम से आई एम वेरिफाइड वोटर अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर सभी मतदाताओं में जागरूकता लाने एवं मतदाता सूची में उनके नामों का सत्यापन किया जायेगा। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त, एसडीएम धालभूम, अपर उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे।

## टाटा स्टील को टाटा मोटर्स से हरित-ईंधन-संचालित वाणिज्यिक वाहनों की पहला खेप मिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने आज एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है क्योंकि उसे टाटा मोटर्स से अगली पीढ़ी के हरित-ईंधन-संचालित वाणिज्यिक वाहनों की पहली खेप प्राप्त हुई है। प्राप्त वाहनों के पहले सेट में प्राइमा ट्रैक्टर-ट्रेलर, टिपर और अल्ट्रा ईवी बस शामिल हैं, जो सभी कम और उत्सर्जन-मुक्त प्रौद्योगिकियों - एलएनजी और इलेक्ट्रिक बैटरी द्वारा संचालित हैं। जमशेदपुर में टाटा समूह के संस्थापक दिवस समारोह के हिस्से के रूप में टाटा संस के अध्यक्ष एन.चंद्रशेखरन ने वाहनों को हरी झंडी दिखाई। टी. वी. नरेंद्रन ने कहा, यह डिलीवरी टाटा मोटर्स के साथ हमारी दीर्घकालिक साझेदारी में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमारे संबंधित उद्योगों में अग्रणी के रूप में, टाटा स्टील और टाटा मोटर्स स्थिरता और नवाचार के लिए एक समान दृष्टिकोण साझा करते हैं। अपनी सामूहिक विशेषज्ञता और संसाधनों का उपयोग करके, हम न केवल अपने उद्योगों में क्रांति ला रहे हैं बल्कि पर्यावरणीय जिम्मेदारी में भी आगे बढ़ रहे हैं।गिरीश वाघ ने कहा- टाटा मोटर्स भारत में टिकाऊ, सुरक्षित और स्मार्ट गतिशीलता के वैश्विक मेगाट्रेंड को चला रहा है। वाणिज्यिक वाहनों का हमारा हरित बेड़ा अपनी आपूर्ति श्रृंखला को कार्बन तटस्थ बनाने की दिशा में टाटा स्टील के प्रयासों को गति देगा।

## सांसद विद्युत महतो को प्रत्याशी बनाने के फैसले का भाजपा जमशेदपुर ने किया स्वागत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। जमशेदपुर से सांसद विद्युत वरण महतो को लगातार तीसरी बार जमशेदपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। पिछले दो बार से सांसद चुने गए विद्युत महतो को जमशेदपुर सीट से पुनः प्रत्याशी बनाये जाने के निर्णय का भाजपा जमशेदपुर महानगर ने स्वागत करते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने सांसद विद्युत वरण महतो को तीसरी बार प्रत्याशी बनाये जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं, भाजपा जमशेदपुर महानगर के प्रवक्ता प्रेम झा ने भी सांसद विद्युत वरण महतो को भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने का स्वागत करते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि व्यवहार कुशल और सरल स्वभाव के धनी विद्युत वरण महतो ने पिछले दस वर्षों के कार्यकाल में जमशेदपुर की जनता के लिए अभूतपूर्व कार्य किये हैं।

## विधायक ने किया 5 योजनाओं का भूमिपूजन व शिलापट्ट अनावरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 5 योजनाओं का भूमिपूजन व शिलापट्ट अनावरण विधायक सविता महतो ने किया। विधायक सविता महतो ने ईचागढ़ प्रखंड के गुदड़ी, बान्दु, तिरूलडीह व कुईडीह में उप स्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन कर शिलापट्ट का अनावरण कर उप स्वास्थ्य केन्द्र का आधारशिला रखी। करीब दो करोड़ की लागत से 5 उप स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराया जाएगा। पीएम आयुष्मान निधि से उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराया जाएगा। वहीं विधायक ने कहा कि 5 उप स्वास्थ्य का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा कि करीब दो करोड़ की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर पंचायत में एक उप स्वास्थ्य केन्द्र बनाया जाएगा। मौके पर झामुमो केन्द्रीय सदस्य काबलू महतो, प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, अमित सिन्हा,अघोर महतो, मधु गोप, सुनील सिंह मानकी, लक्ष्मी नारायण सिंह मुण्डा, नरेन गोप आदि उपस्थित थे।

## पटमदा में बराभूम दर्पण की दूसरी वर्षगांठ के मौके पर दर्जनों शिक्षक हुए सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** देश का प्रथम राढ़ बांग्ला न्यूज पोर्टल बराभूम दर्पण की दूसरी वर्षगांठ के मौके पर रविवार को पटमदा के लावा पंचायत मंडप में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पटमदा एवं बोड़ाम क्षेत्र के दर्जनों वैसे शिक्षक शामिल हुए, जिन्होंने कोरोना काल के दौरान गांवों में बच्चों को शिक्षित करने का काम किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने कहा कि बराभूम दर्पण स्थानीय खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित करने के साथ ही यहां की भाषा-संस्कृति को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। क्षेत्र की समस्याओं एवं ज्वलंत मुद्दों को प्रकाशित करने से यह फायदा हुआ कि स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी द्वारा इसकी खबरों के आधार पर मुद्दों को प्रमुखता से विधानसभा में उठाने का काम करते हैं और उन मुद्दों पर राज्य सरकार की ओर से सकारात्मक कार्रवाई भी हो रही है। कार्यक्रम को समाजसेविका पूरबी घोष, पटमदा इंटर कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार, पूर्व प्राचार्य पंचानन दास, चौरा हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक डॉ. समीर कुमार, पैडमेन तरुण कुमार व ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो ने संबोधित करते हुए बराभूम दर्पण की पूरी टीम को बधाई देते हुए बांग्ला भाषा के संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन तापस हालदार व उज्ज्वल कांति दास ने संयुक्त रूप से किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन बराभूम दर्पण के प्रकाशक कल्याण कुमार गोराई ने किया।



## मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया कदमा में सड़क नाली और कलवर्ट का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज कदमा उलियान चौक नेताजी पार्क के सामने पथ निर्माण विभाग द्वारा बनाएं जाने वाले सड़क नाली और कलवर्ट का विधिवत शिलान्यास स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पुजा अर्चना कर किया। ज्ञात हो उक्त कार्य कि अनुशंसा मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा कि गई थीं, कार्य होना है कदमा रंकनी मंदिर से भाया कदमा मार्केट मेन रोड, उलियान मेन रोड, अनिल सुर पथ होते हुए मेरिन ड्राइव तक एवं कदमा भाटिया बस्ती मेन रोड होते हुए सती घाट मेरिन ड्राइव तक, एवं अनिल सुर पथ मोड़ से रामनगर चौक भाया निर्मल महतो स्टेडियम तक सड़क, नाली एवं कलवर्ट का निर्माण होना है। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा जनता कि जरूरतों को देखते हुए कदमा के वैसे सड़को का चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण किया जा रहा जहां हमेशा जाम कि स्थिति बनी रहती है। पथ निर्माण के द्वारा 10 करोड़ 30 लाख कि लागत से करीब 10 किलोमीटर सड़क का निर्माण एवं नाली निर्माण कराया जा रहा। हम और हमारे लोग क्षेत्र में घूम घूम कर समस्यायों को चिन्हित कर रहे जिसका हरसंभव निदान किया जा रहा।



# मुख्यमंत्री के शहर आगमन को उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

## - 07 मार्च को बालीगुमा मैदान में मेघा डेयरी प्लांट का करेंगे शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला में 07 मार्च को झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का आगमन प्रस्तावित है। बालीगुमा मैदान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा मेघा डेयरी प्लांट का शिलान्यास किया जाना है। इस कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त अनन्य मित्तल ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया, मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम पीयूष सिन्हा, रूरल एसपी ऋषभ गर्ग तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त के द्वारा कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा के संबंध में दिशा निर्देश दिया। सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था के संधारण में किसी भी प्रकार से कोई चूक नहीं हो इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, झारखंड स्टेट मिल्क कॉपरेटिव फेडरेशन के जीएम, डीटीओ, डीपीआरओ (जनसम्पर्क), नगर निकाय के पदाधिकारी, भवन निर्माण के पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

# साकची धालभूम क्लब : सुरभि शाखा के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एक-दूजे के हुए 11 जोड़े

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** रविवार को साकची स्थित धालभूम क्लब परिसर में मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर 11 बेटियों का सामूहिक विवाह कराया गया। गाजे बाजे के साथ 11 दुल्हों की बारात एक साथ आयी। बारात आने से पहले मारवाड़ी समाज के युवाओं की टीम ने मायरा भरने का शानदार आयोजन किया। मायरा कार्यक्रम के दौरान राजस्थानी भजनों पर नृत्य भी किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यक्रम में मंच पर बतौर अतिथि विधायक मंगल कालिंदी, मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र भटर, झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, समाजसेवी ओमप्रकाश रिंगसिया, अशोक भालोटिया, राजकुमार चंदूका, अशोक चौधरी, अरूण बांकरेवाल, सुरभि शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल, सचिव कविता अग्रवाल, कार्यक्रम सायोंजिका रेणू अग्रवाल मौजूद थे। सभी अतिथियों को राजस्थानी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। मंच का सफल संचालन सचिव कविता अग्रवाल एवं स्थानीय भजन गायक मनोज शर्मा मोनु ने संयुक्त रूप से किया। विधायक मंगल कालिंदी ने सुरभि शाखा के मानव सेवा हेतु किए जा रहे कई कार्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि इसकी जितनी भी प्रशांसा की जाये कम हैं। इन कार्यक्रमों में वर-वधू के साथ ही उनके परिजनों ने भी हिस्सेदारी की। इसे सफल बनाने में सुरभि शाखा की पूरी टीम का योगदान रहा।

संपादकीय

## खसरे का प्रकोप

**अमरीका** यूरोप, ब्रिटेन के बाद भारत में खसरा फैल रहा है। हालांकि यह कोरोना महामारी सरीखा जानलेवा संक्रमण नहीं है, लेकिन त्वचा से जुड़ा खतरनाक संक्रमण जरूर है। इसे घरेलू स्तर पर 'माता', 'चेचक', 'शीतला माता' कहा जाता है और घरेलू, देशी टोटकों से ही इसका इलाज करने की कोशिशें की जाती हैं, लेकिन समय पर खसरे का यथोचित मेडिकल इलाज न किया जाए, तो यह गंभीर जटिलताओं, आजीवन विकलांगता और अंततः मौत का कारण भी बन सकता है। यह फेफड़ों और मस्तिष्क को प्रभावित कर सकता है। निमोनिया, मेनिनजाइटिस, अंधापन और दौरे का कारण भी बन सकता है। भारत में खसरे के संक्रमण का फैलाव चिंताजनक है, क्योंकि देश में औसतन हर साल करीब 10 लाख लोग खसरे का शिकार होते हैं। हालांकि औसतन मौत का कोई निश्चित डाटा उपलब्ध नहीं है, लेकिन इतने व्यापक स्तर पर लोग संक्रमित होते हैं, तो जाहिर है कि मौत का संभावित आंकड़ा भी उसी के अनुपात में ही होगा! खसरे के कुछ लक्षण कोरोना वायरस सरीखे हैं। यह संक्रमण भी किसी संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से, मुंह की लार से, हाथ मिलाने या गले लगाने से, गर्भावस्था या प्रसव अथवा देखभाल के दौरान मां से बच्चे को हो सकता है। खांसने या छींकने का वायरस हवा में और सतहों पर रह सकता है। यदि कमरे में खसरा पीड़ित है और वह वहां से चला गया है, तो आप एक घंटे बाद ही वहां जाएं। यह सावधानी न बरतने पर खसरे से संक्रमित होने का खतरा 90 फीसदी है। संक्रमित के मुंह या नाक से बहते द्रव्य के सीधे या हवा के जरिए संपर्क में आने से भी संक्रमण हो सकता है। ये विभिन्न डॉक्टरों के शोधों और प्रयोगों के ही निष्कर्ष हैं। त्वचा पर लाल दाने या चकत्ते निकल आएं और उनमें तेज खुजली और जलन हो, तो ये खसरे के शुरुआती लक्षण हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत, अमरीका और यूरोप में खसरे के फैलते संक्रमण पर चिंता जताई है और चेतावनी भी जारी की है। खसरा लाइलाज वायरस नहीं है। बाजार में इसके टीके उपलब्ध हैं। टीकाकरण खसरा रोकने का सबसे प्रभावी तरीका है। खसरा और रूबेला का टीका आमतौर पर दो खुराक में दिया जाता है। पहली खुराक बच्चे की 12-15 माह की उम्र में ही देनी चाहिए और दूसरी खुराक 4-6 साल की उम्र में दी जाती है। हालांकि भारत में खसरा टीकाकरण की सुविधाएं मौजूद हैं, फिर भी 2022 में करीब 11 लाख बच्चे भारत में खसरे के टीके की पहली खुराक लेने से ही चूक गए। यह आंकड़ा विश्व स्वास्थ्य संगठन का है। नतीजतन भारत उन 10 देशों की जमात में आ गया, जहां महामारी के बाद भी खसरे के टीकाकरण में सबसे ज्यादा कमी आई है। वैज्ञानिकों और चिकित्सकों का मानना है कि टीका खसरे को रोकने में काफी असरदार है। किसी स्कूल या समुदाय में टीकाकरण दर 93 फीसदी या उससे अधिक है, तो उसकी सामूहिक प्रतिरक्षा काम कर सकती है। भारत सरकार विभिन्न टीकाकरण के अभियान चलाती रही है और लगभग सभी टीके मुफ्त ही लगाए जाते हैं, फिर भी 11 लाख बच्चों से जुड़ी कोताही की जाएगी, तो यही संक्रमण एक दिन 'महामारी' भी साबित हो सकता है। ब्रिटेन में चिकित्सक मानते हैं कि खसरे के मद्देनजर स्वास्थ्य की अनदेखी हुई है। नियमों की अवहेलना की गई है और अब काफी खराब हालात हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, 2021 में दुनिया भर में खसरे से करीब 1,28,000 मौतें हुई थीं। यह अनुमानित आंकड़ा है। अब तीन साल बाद मौतों का आंकड़ा अधिक भी हो सकता है। मरने वाले लोगों की औसतन उम्र 5 साल से कम बताई जा रही है। ये कोई सामान्य आंकड़े नहीं हैं। खतरनाक तथ्य है कि खसरे के मामले 30 गुना बढ़े हैं, लेकिन टीकाकरण की औसत दर गिरती रही है। चूंकि कोरोना वैश्विक महामारी के बाद अब लोग खुल कर विदेश यात्राएं कर रहे हैं, लिहाजा खसरे का संक्रमण भी एक-दूसरे देश में फैल रहा है।


कोरोना महामारी सरीखा जानलेवा संक्रमण नहीं है, लेकिन त्वचा से जुड़ा खतरनाक संक्रमण जरूर है। इसे घरेलू स्तर पर 'माता', 'चेचक', 'शीतला माता' कहा जाता है और घरेलू, देशी टोटकों से ही इसका इलाज करने की कोशिशें की जाती हैं, लेकिन समय पर खसरे का यथोचित मेडिकल इलाज न किया जाए, तो यह गंभीर जटिलताओं, आजीवन विकलांगता और अंतत : मौत का कारण भी बन सकता है। यह फेफड़ों और मस्तिष्क को प्रभावित कर सकता है। निमोनिया, मेनिनजाइटिस, अंधापन और दौरे का कारण भी बन सकता है। भारत में खसरे के संक्रमण का फैलाव चिंताजनक है, क्योंकि देश में औसतन हर साल करीब 10 लाख लोग खसरे का शिकार होते हैं। हालांकि औसतन मौत का कोई निश्चित डाटा उपलब्ध नहीं है, लेकिन इतने व्यापक स्तर पर लोग संक्रमित होते हैं, तो जाहिर है कि मौत का संभावित आंकड़ा भी उसी के अनुपात में ही होगा! खसरे के कुछ लक्षण कोरोना वायरस सरीखे हैं। यह संक्रमण भी किसी संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से, मुंह की लार से, हाथ मिलाने या गले लगाने से, गर्भावस्था या प्रसव अथवा देखभाल के दौरान मां से बच्चे को हो सकता है।


### प्राकृतिक आपदा के कहर ने सरकार के लिए बहुत सी आर्थिक चुनौतियां खड़ी कर दी

## मुफ्त बिजली का प्रदेश पर आर्थिक प्रभाव

सत्यपाल वशिष्ठ


केन्द्र और राज्य में एक ही विचारधारा की सरकार होने से वित्तीय संकट नहीं आया, इसलिए उस समय की राज्य सरकार ने नए संसाधन उत्पन्न करने तथा मितव्ययिता पर ध्यान देने की भी आवश्यकता महसूस नहीं की। वर्तमान सरकार ने सत्ता पर कब्जा करने के हिसाब से, वित्तीय स्थिति का आकलन किए बगैर 10 गारंटियां सत्ता में आने पर देने का वादा कर दिया। सत्तासीन होने पर इन गारंटियों में से एक को पूरा किया है, जो कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने का वादा था। दूसरी गारंटी में 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की जगह अभी पिछली सरकार द्वारा दी जा रही 125 यूनिट मुफ्त बिजली को ही जारी रखा है, जिसको देने में भी सरकार को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।


**अन्य** राज्यों की तरह हिमाचल प्रदेश में मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की संस्कृति पिछली डबल इंजन सरकार में भी रही। केन्द्र और राज्य में एक ही विचारधारा की सरकार होने से वित्तीय संकट नहीं आया, इसलिए उस समय की राज्य सरकार ने नए संसाधन उत्पन्न करने तथा मितव्ययिता पर ध्यान देने की भी आवश्यकता महसूस नहीं की। वर्तमान सरकार ने सत्ता पर कब्जा करने के हिसाब से, वित्तीय स्थिति का आकलन किए बगैर 10 गारंटियां सत्ता में आने पर देने का वादा कर दिया। सत्तासीन होने पर इन गारंटियों में से एक को पूरा किया है, जो कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने का वादा था। दूसरी गारंटी में 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की जगह अभी पिछली सरकार द्वारा दी जा रही 125 यूनिट मुफ्त बिजली को ही जारी रखा है, जिसको देने में भी सरकार को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन मुफ्त उपहारों को बांटने का प्रभाव हिमाचल प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर भी पड़ रहा है, जो इस समय नाजुक दौर में है। हर व्यक्ति पर राज्य का ऋण 2023 में 1.02 लाख रुपए हो गया है। वर्तमान में हिमाचल सरकार पर कर्जा 87778 करोड़ रुपए हो गया है। प्राकृतिक आपदा के कहर ने सरकार के लिए बहुत सी आर्थिक चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। प्राकृतिक आपदा से 12000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। राज्य सरकार ने अपने ही स्तर पर 4500 करोड़ रुपए की सहायता लोगों को दी है। उधर केंद्रीय सरकार ने वर्तमान राज्य सरकार की ऋण सीमा को भी कम कर दिया है। हिमाचल सरकार ने नई पेंशन स्कीम के तहत जमा 9292 करोड़ रुपए केन्द्र सरकार से वापस मांगे क्योंकि कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम लागू कर दी है। यह राशि भी नहीं मिल सकी। बीबीएमबी से 4500 करोड़ रुपए लेने हैं जिसका भी भुगतान नहीं हुआ। हिमाचल प्रदेश सरकार ने अपने संसाधन बढ़ाने के लिए जल विद्युत परियोजनाओं पर जल उपकर लगाया। उससे 4000 करोड़ रुपए सालाना आने थे, वे भी फिलहाल अधर में लटके लग रहे हैं। नतीजतन हिमाचल प्रदेश सरकार को पूंजीगत व्यय कम करने पड़ रहे हैं। 2024-25 के बजट में राजकोषीय घाटा राज्य सकल घरेलू उत्पाद का 4.75 प्रतिशत है तथा सरकार ने अभी भी ज्यादातर धन ग्रांट इन एड तथा लोक ऋण से लेने



का प्रावधान रखा है, जो सरकार की खराब वित्तीय स्थिति को दर्शाता है। हिमाचल प्रदेश की खराब आर्थिक स्थिति की जिम्मेदार, मुफ्त उपहार देने की संस्कृति है, जिसका प्रभाव सरकारी उपक्रमों पर भी पड़ा है और हर साल इन उपक्रमों का घाटा बढ़ ही रहा है। सरकार को इन सरकारी उपक्रमों की हालत सुधारने पर भी जोर देना होगा क्योंकि इन्हीं से ही हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इन उपक्रमों में से एक महत्त्वपूर्ण उपक्रम हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड है, जिसके कर्मचारी एवं पेंशनर्ज पहली जनवरी 2024 को धरना-प्रदर्शन कर रहे थे, क्योंकि उनको वेतन तथा पेंशन का भुगतान पहली तारीख को नहीं किया गया। यह स्थिति 52 वर्षों में पहली बार आई। यह इसलिए हुआ क्योंकि हर 3 महीने में राज्य सरकार को 280 करोड़ रुपए राज्य की जनता को 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने की एवज में बिजली बोर्ड को देने होते हैं जो हिमाचल सरकार आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण जमा नहीं करवा सकी। 125 यूनिट बिजली मुफ्त पिछली सरकार द्वारा दी जा रही फ्रीबीज है। वर्तमान सरकार ने 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया है। तब सालाना यह राशि 3000 करोड़ रुपए पहुंच जाएगी। कुछ वर्षों से विद्युत परिषद की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर हो गई है। बिजली बोर्ड का घाटा 31 मार्च 2023 को 1823.97 करोड़ रुपए था जो अब शायद और तेजी से बढ़ा है। राज्य सरकार की तरफ से बजट भी बहुत कम दिया गया है। इससे बिजली बोर्ड के आधुनिकीकरण में समस्याएं आ रही हैं। केंद्र सरकार द्वारा विद्युत वितरण रेटिंग 2023 जारी की गई है, जिसमें हिमाचल प्रदेश विद्युत परिषद सी प्लस की रेटिंग के साथ सभी वितरण कंपनियों में 55वें स्थान पर रही। इसके कारण हैं : मुफ्त व कम दरों पर बिजली उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाना, सरकार द्वारा हर साल कम बजट देना, विभिन्न पदों को न भरना, जरूरी उपकरणों को उपलब्ध न करवाना, कर्मचारियों के लिए उचित शिकायत निवारण प्रणाली का न होना, कर्मचारियों में कार्य संस्कृति का न होना, स्वायत्त निकाय के रूप में काम न करने देना, बिजली सुधार ढंग से लागू न करना, सहभागिता प्रबंधन का न होना, उत्पादन और वितरण के कार्यों का अलग न होना आदि। हिमाचल राज्य विद्युत परिषद को विद्युत वितरण रेटिंग में सुधार करने के लिए विद्युत वितरण के कार्यों पर ही ध्यान देना चाहिए ताकि उपभोक्ताओं को अच्छी सेवाएं दे सकें। विद्युत परिषद को पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के कार्य को अपने हाथों में लेना चाहिए। विद्युत परिषद को अपनी वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए सब्सिडी का सही आकलन करके उसकी अग्रिम राशि सरकार से लेनी चाहिए, सरकारी विभागों से बकाया राशि प्राथमिकता पर लेनी चाहिए तथा सरकारी दफ्तरों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने चाहिए। सरकार को बिजली बोर्ड की कार्यप्रणाली को सुधार कर, इसे सशक्त बोर्ड बनाने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि इसका मौजूदा मानव संसाधन बहुत कुशल है। हि. प्र. पावर कारपोरेशन को बिजली परियोजनाओं को तय समय पर पूर्ण करना चाहिए ताकि लागत में वृद्धि न हो। तय समय से पीछे चली शौंगटौंग पन बिजली परियोजना, बिजली बोर्ड द्वारा बनाई जा रही ऊहल तृतीय चरण (जिसमें बिजली की लागत 15 रुपए प्रति यूनिट से भी ऊपर हो गई होगी) को जल्दी शुरू करना चाहिए। पावर निगम को वाहनों पर खर्चा नियंत्रण करने की आवश्यकता है तथा साथ में अन्य मितव्ययिता के उपायों से घाटे को बढने से रोका जा सकता है जो 31 मार्च 2023 को 689.23 करोड़ रुपए था। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के अभियंताओं तथा कर्मचारियों ने मुफ्त बिजली न लेने की घोषणा की है जो एक सही कदम है। हिमाचल के सभी लोगों को भी मुफ्त की रेवडियां लेने से परेहज करने के बारे में सोचना होगा, क्योंकि मुफ्त के उपहारों को रोकने की शक्ति अंततः मतदाताओं के पास है और यही देश हित में होगा।

दृष्टि कोण

## युद्ध बन गए हैं मुनाफे का कारोबार

**यूक्रेन** रूस युद्ध के तीन वर्ष पूरे हो चुके हैं और यह साफ जाहिर होता है कि इस अविवेकपूर्ण युद्ध को रोकने के प्रति न तो अमेरिका और न ही रूस इच्छुक है। आखिर कौन-सी वजह है, जिसके चलते यह युद्ध खत्म नहीं हो रहा? हजारों लोगों की जानें चली गईं और यूक्रेन में बड़े पैमाने पर विनाश हुआ, लेकिन फिलहाल युद्ध का कोई अंत नहीं दिख रहा है। यही नहीं, इस युद्ध में रूस की सैन्य प्रतिष्ठा पर भी आंच आती दिखी, क्योंकि वह अब तक यूक्रेन के केवल 17 फीसदी हिस्से पर ही कब्जा कर सका है। वास्तव में हमले के पहले वर्ष के बाद अमेरिका और रूस ने अपने सैन्य हथियारों का परीक्षण एवं प्रदर्शन करने के लिए युद्ध क्षेत्रों का उपयोग किया। ऐसा लगता है, मानो दोनों पक्ष अपने हथियारों की बिक्री और प्रदर्शन करना चाहते हैं, ताकि यह याद दिलाया जा सके कि जान-माल के नुकसान की परवाह किए बिना युद्ध हथियार बेचने के लाभदायक व्यवसाय को आधार प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जनरल आइजनहावर ने स्वीकार किया था कि अमेरिका एक 'सैन्य औद्योगिक प्रतिष्ठान' है। यूक्रेन युद्ध और गाजा पट्टी पर इस्राइल का हमला इस बात के ताजा उदाहरण हैं कि कैसे कम से कम युद्धविराम के जरिये समझौता किया जा सकता था, लेकिन अमेरिका और यूरोपीय संघ के सैन्य औद्योगिक प्रतिष्ठान के निहित स्वार्थों ने इसे रोक दिया। युद्धों से हथियारों की बिक्री होती है और यह अमेरिका एवं पश्चिमी देशों के लिए लाभप्रद उद्यम है। इससे रोजगार सृजित होता है और चुनाव प्रचार एवं उम्मीदवारों को धन मिलता है। पश्चिमी देशों में रोजगार के अवसरों के विस्तार का लालच, दुनिया के अन्य हिस्सों में निर्दोष लोगों की जान पर भारी पड़ता है, चाहे सरकारों के नैतिक दावे कुछ भी हों। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने हाल ही में कहा, 'यदि आप रूसी आक्रामकता से निपटने के लिए यूक्रेन की रक्षा में हमारे द्वारा किए गए निवेश को देखें, तो हमने जो सुरक्षा



सहायता प्रदान की है, उसका 90 फीसदी वास्तव में अमेरिका में निर्माताओं एवं उत्पादन पर खर्च किया गया है, जिससे अमेरिका में नौकरियां पैदा हुईं और हमारी अपनी अर्थव्यवस्था का ज्यादा विकास हुआ। इसलिए यह हमारे लिए फायदे का सौदा है, जिसे हमें जारी रखने की जरूरत है।' अमेरिकी विदेश मंत्री 2023 में ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड कैमरन के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। बीबीसी के विश्लेषक मैक्स मात्जा कहते हैं, 'हथियार हस्तांतरण और रक्षा व्यापार अमेरिकी विदेश नीति के महत्वपूर्ण उपकरण हैं, जिनका क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है।' अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि अमेरिकी सरकार ने 80 अरब डॉलर से अधिक की बिक्री के लिए सीधे सौदा किया है, जो 2022 से 56 फीसदी ज्यादा है। बाकी अमेरिकी रक्षा कंपनियों द्वारा विदेशी देशों को सीधे हथियार बेचा गया था। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने हाल ही में कहा कि प्रतिदिन युद्ध की लागत 13.6 करोड़ डॉलर है और अमेरिकी संसद एवं यूरोपीय संघ में यूक्रेन को सैन्य सहायता एवं आवंटन को लेकर हुए हंगामे के कारण पुतिन का मनोबल बढ़ा और उसने यूक्रेन पर बड़े और आक्रामक हमले का आदेश दिया। इसने यूक्रेन के करीबी अन्य यूरोपीय देशों को परेशान कर दिया है। और बदले में अमेरिकी हथियारों की विदेशों में बिक्री पिछले साल तेजी से बढ़ी, जो रिकॉर्ड कुल 238 अरब डॉलर तक पहुंच गई, क्योंकि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने हथियारों की मांग बढ़ा दी। यूक्रेन पर रूसी हमला शुरू होने के बाद से अमेरिका और यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को सैन्य सहायता और वित्तीय सहायता के रूप में क्रमशः 113 अरब डॉलर और 91 अरब डॉलर दिए हैं। प्रमुख अमेरिकी समाचार एजेंसी पोलिटिको ने वाशिंगटन और उसके आसपास क्या कुछ चल रहा है, उस पर प्रकाश डाला है। जब ज्यादा से ज्यादा हथियारों के उत्पादन और बिक्री के लिए तीव्र पैरवी के प्रयासों की बात आती है, तो पोलिटिको ने दावा किया कि 'व्हाइट हाउस चुपचाप दोनों दलों के सांसदों से आग्रह करता है कि वे घरेलू आर्थिक उछाल के लिए दूसरे देशों में युद्धों को बढ़ावा दें। डेमोक्रेट्स एवं रिपब्लिकन, दोनों दलों के राजनेता रूस का प्रतिरोध करने के लिए यूक्रेन को सहायता देने का समर्थन करते रहे हैं, ताकि यह साबित किया जा सके कि ऐसा करना अमेरिका में रोजगार सृजन के लिए अच्छा है।' सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी और रणनीतिकार, जो हथियार उद्योग में आकर्षक भूमिका निभाते हैं, यह सुनिश्चित करते हैं कि रक्षा क्षेत्र के दिग्गजों की बोली यथासंभव प्रभावी तरीके लगाई जाए।

कुछ अलग

## बेरोज़गारी पलायन को मजबूर कर रहा है

**मुझे** कभी कभी दैनिक मज़दूरी मिल जाती है और कई बार तो हफ़्तों नहीं मिलती है। मेरी पत्नी लोगों के घरों में जाकर काम करती है। उसी से अभी घर का किसी प्रकार गुजारा चल रहा है। ऐसा लगता है कि बेरोजगारी के कारण अब बेटी की पढ़ाई भी छुड़ानी पड़ेगी क्योंकि फीस देने के लिए हमारे पास पैसा नहीं है। बीमार होने पर हम दवाई भी नहीं खरीद पाते हैं। सरकार की तरफ से भी हमें कोई रोजगार नहीं मिल रहा है। मनरेगा से भी कोई लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसा लगता है कि रोज़गार के लिए दूसरे शहर ही जाना पड़ेगा।" यह कहना है 35 वर्षीय रुपाराम का, जो राजस्थान के बीकानेर स्थित लूणकरणसर ब्लॉक के कालू गांव में अपने परिवार के साथ रहते हैं। करीब 10334 की जनसंख्या वाला यह गांव जिला मुख्यालय से 92 किमी और ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 20 किमी की दूरी पर स्थित है। यहां अनुसूचित जाति की संख्या करीब 14।5 प्रतिशत है। इस गांव में साक्षरता की दर लगभग 54।7 प्रतिशत है, जिसमें महिलाओं की साक्षरता दर मात्र 22।2 प्रतिशत है। इसके बावजूद गांव में बेरोज़गारी चरम पर है। ज़्यादातर लोग दैनिक मज़दूरी पर निर्भर हैं। जिसकी वजह से उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। कृषि योग्य भूमि कम होने के कारण युवाओं के पास स्थाई रोज़गार का कोई साधन उपलब्ध नहीं है। बेरोजगारी के कारण लोगों का गुजारा मुश्किल हो रहा है। इसका प्रभाव बच्चों की शिक्षा पर पड़ रहा है। आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं होने के कारण कई ग्रामीण अपने बच्चों के स्कूल की आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। जिससे वह बच्चे अपनी पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। इस संबंध में गांव की एक 18 वर्षीय किशोरी ममता का कहना है कि "12वीं के बाद अब मुझे अपनी पढ़ाई छोड़नी होगी, क्योंकि मेरे माता पिता के पास रोज़गार का कोई साधन नहीं होने के कारण वह मेरी पढ़ाई का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। मेरा पढ़ने का बहुत मन करता है, पर मैं पढ़ाई नहीं कर सकती। कॉलेज में जाने और बुक्स का खर्च बहुत अधिक होता है। घर का खाना ही बहुत मुश्किल से चल पाता है तो ऐसे में वह मेरी पढ़ाई का खर्च कहां से उठाएंगे? गांव की एक 26 वर्षीय महिला चंदा का कहना है कि "मेरे पति खेत में दैनिक मज़दूर के रूप में काम करते हैं। जिससे घर का खर्च पूरा नहीं पाता है। हमारे गांव में रोजगार का कोई अन्य साधन भी नहीं है जिससे कि हम अपना खाना पीना ठीक से चला सकें। कई कई दिनों तक पति को काम भी नहीं मिलता है। मेरे तीन बच्चे हैं जो घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। गांव की अन्य महिला प्रेरणा का कहना है कि मेरी बेटी 10वी कक्षा मे पढ़ती है। घर में रोजगार की कोई उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हम उसका दाखिला अच्छे स्कूल में नहीं करवा पा रहे हैं। घर की आर्थिक हालत खराब रहने की वजह से वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी है। जिसका नकारात्मक प्रभाव उसकी पढ़ाई पर पड़ने लगा है। इसी कारण वह पिछले वर्ष दसवीं में फेल हो गई थी। हालांकि उसे पढ़ने का बहुत शौक है और मैं भी उसे पढ़ाना चाहती हूं। लेकिन बेरोजगारी की मार ऐसी है कि घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में हम अपने बच्चो को कहां से पढ़ा पाएंगे? गांव के 40 वर्षीय भीमाराम कहते हैं कि "मैं उंट गाड़ी चलाने का काम करता हूं। जिसमें लोगों के सामान को उनके घर तक पहुंचाने का काम है। इससे मुझे कुछ ज्यादा बचता नहीं है। यानि मेहनत ज्यादा है और कमाई कम है। बेरोजगार घर बैठने से अच्छा है कि मैं ये काम कर लेता हूँ।" वह बताते हैं कि उनका परिवार मूल रूप से इसी कालू गांव का निवासी रहा है। अभी तक किसी प्रकार से गांव में ही रहकर रोज़गार कर रहे थे।

देश दुनीया से

## बीते दशक में बैंकिंग और आर्थिक क्षेत्र में कई सुधार; बदलते चेहरे के साथ तेज विकास की संभावना


1991 में विदेश व्यापार, कर सुधार, विदेशी निवेश आदि क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अनेक उपाय किए गए, जिनसे भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ने में मदद मिली। मोदी सरकार के 2014 में सत्ता में आने से पहले, यानी 2013 में वर्तमान मूल्य पर भारत की जीडीपी 18 खरब डॉलर और 2007 में लगभग 10 खरब डॉलर थी। इस तरह, 1947 से ठीक 60 वर्षों बाद भारत की जीडीपी 2007 में 10 खरब डॉलर की हुई। आज रियल जीडीपी के हिसाब से भी भारतीय अर्थव्यवस्था 30 खरब डॉलर की हो गई है। 2014 में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, जबकि 2019 में, यानी सिर्फ पांच वर्षों के भीतर यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई।


**वर्ष** 1991 से देश में आर्थिक सुधार का शुभारंभ हुआ था, लेकिन इस दिशा में अब तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। 1991 में विदेश व्यापार, कर सुधार, विदेशी निवेश आदि क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अनेक उपाय किए गए, जिनसे भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ने में मदद मिली। मोदी सरकार के 2014 में सत्ता में आने से पहले, यानी 2013 में वर्तमान मूल्य पर भारत की जीडीपी 18 खरब डॉलर और 2007 में लगभग 10 खरब डॉलर थी। इस तरह, 1947 से ठीक 60 वर्षों बाद भारत की जीडीपी 2007 में 10 खरब डॉलर की हुई। आज रियल जीडीपी के हिसाब से भी भारतीय अर्थव्यवस्था 30 खरब डॉलर की हो गई है। 2014 में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, जबकि 2019 में, यानी सिर्फ पांच वर्षों के भीतर यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में श्वेत पत्र के माध्यम से यूपीए सरकार के कार्यकाल की नाकामियों और मोदी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों को आम जनता के समक्ष रखते हुए बताया कि 2014 से पहले देश आर्थिक संकट का सामना कर रहा था, जिसके कारण अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में मोदी सरकार को बहुत ज्यादा मशक्कत करनी पड़ी। इसके जवाब में कांग्रेस ने ब्लैक पेपर पेश किया, जिसमें मोदी सरकार की नाकामियों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि भाजपा लोकतंत्र को समाप्त करने का काम कर रही है और इसके कार्यकाल में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार, भारत की जीडीपी वर्तमान मूल्य पर अभी 37.3 खरब डॉलर की है, जबकि आजादी के समय भारत की जीडीपी 227 अरब डॉलर की थी। मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद बैंकिंग और आर्थिक क्षेत्र में कई सुधार किए, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण है वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का शुभारंभ, बैंकों का आपस में विलय, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम-स्वनिधि योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता कोड (आईबीसी) आदि का आगाज। मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के सफर को आर्थिक सुधारों के संदर्भ में बहुत ही अहम बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 में नॉमिनल जीडीपी के सात प्रतिशत रहने की संभावना है, जबकि वित्त वर्ष 2024 में जीडीपी के 7.3 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ने का अनुमान जताया गया है। यही नहीं, यह संभावना भी जताई गई है कि भारत की जीडीपी 2030 तक सात प्रतिशत की दर से आगे बढ़ सकती है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने भी भारत के वित्तीय क्षेत्र में आई मजबूती और सरकार द्वारा



किए गए हालिया संरचनात्मक सुधारों की वजह से सरकार के इस दावे की पुष्टि की है। ऐसे में, 2027 में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 50 खरब डॉलर और 2030 में 70 खरब डॉलर से भी अधिक का हो जाएगा। पीपीपी के मामले में 2023 में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, जबकि चीन और अमेरिका क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर थे। अस्सी के दशक में पहली बार, वित्त वर्ष 1989-90 में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) सूचकांक ने 1,000 के अंक के स्तर को पार किया था। वर्ष 2006 में बीएसई सूचकांक ने 10,000 अंक के स्तर को पार किया। फिर वित्त वर्ष 2014-15 में यह 30,000 अंक के स्तर को और वित्त वर्ष 2018-19 में 40,000 अंक के स्तर को पार किया। वित्त वर्ष 2023 में रिकॉर्ड 70,000 अंक के स्तर को पार कर गया। निफ्टी सूचकांक भी वर्ष 2023 में रिकॉर्ड 21,000 अंक के स्तर को पार कर गया। भारत में मुद्रास्फीति और बेरोजगारी दर नियंत्रण में है। इसके अलावा, प्रति व्यक्ति आय में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में आगामी वर्षों में भी मजबूती बनी रहेगी। बेशक जीडीपी के अनुपात में सरकारी कर्ज का प्रतिशत अधिक है, लेकिन वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और अन्य कर व गैर-कर राजस्व संग्रह में आ रही तेजी से इसमें आने वाले वर्षों में कुछ कमी आने की संभावना है।

आप का नजरीया

## कूंजां के गीत पर कुंजू उदास

**बहुत** पहले जब संस्कृति भूगोल बनाती थी, तब डोगरी और कांगड़ी के बीच सेतु बन कर खड़ा एक लोकगीत 'कूंजां जाई पेइयां' हर सरहद के पार पहुंच जाता था। आज भी मल्लिका पुखराज के बाद उनकी बेटी ताहिरा सैयद पाकिस्तान में 'कूंजां' में भाषा, बोली या अर्थ से बेखबर उस युग को ढूंढ रही हैं, तो जिक्र एक साथ पपरोला और नादौन तक का भी आ जाता है। इसी तरह प्रताप शर्मा ने 'जीणा कांगड़े दा' जब गाया, तो पंजाब के सांस्कृतिक मिजाज में यह क्षेत्र घुल मिल जाता रहा। गीतों ने जो तब चुना वह अब 'नाटी सिरमौर आली ए' की धुन पर या 'रोहड़ जाना मेरी आमिए' की लय पर हिमाचल के सुर जोड़ देता है, लेकिन क्या आज 'कूंजां' बूढ़ी हो गईं या राजनीतिक अवसाद से घिर गईं। कम से कम जो हिस्सा 'कूंजां' के माध्यम से देवर रूपी समाज को 'इक घुट पी जाइयां देरा' कहते हुए साझी विरासत का प्रदर्शन करता था, क्या उसे राजनेताओं ने खंडित कर दिया। क्यों आज हमीरपुर की 'कूंजां', कांगड़ा से अलग हो गईं। क्यों 'जीणा कांगड़े दा' जैसा प्रभाव छोडऩे वाली सांस्कृतिक विरासत हिमाचल में घुल मिल कर भी अपनी ही जमीन पर हार गई। कुलदीप शर्मा जैसा गायक आज भी शिमला से नीचे उतर कर 'इन्हां बडियां जो तुडक़ा' लगा रहा है, लेकिन सारी फिजां पर सियासत का कब्जा है। गीतों की आशा राजनीति की निराशा में क्यों उदास है। क्यों शिलान्यासों की पट्टिकाओं पर आकर 'कूंजा' पूछ रही हैं कि वे नौण कहां गए जहां का पानी पी कर कभी सारे मोहल्ले इक_ होते थे। आज 'जीणा कांगड़े दा' क्यों अपनी खिड़कियां सत्ता के पूर्व की ओर नहीं खोल पा रहा है। 'कूंजां' अगर देहरा में केंद्रीय विश्वविद्यालय की रात दिन बनती इमारतों पर आ कर बैठती हैं, तो धर्मशाला के जदरांगल की जमीन उनके लिए क्यों अछूत हो गई। ये कूंजां गहरे काले रंग में थीं, तो क्या अब इनका दिल भी काला हो गया। आखिर ये अब अपनी उड़ारी या उडऩे के नए रास्ते ढूंढते हुए कांगड़ा से क्यों रूठ गईं। साक्ष्य बताते हैं कि 'कूंजां' अब शिमला में मंत्रियों की बोली सीख रही हैं, तो सियासी पंडितों को भय है कि इनकी वजह से सत्ता की भाषा कहीं सदा के लिए ही बदल न जाए। कूंजां अपने संरक्षण के लिए पूरे प्रदेश में नई हरियाली देख रहीं, लेकिन भय यह है कि कहीं जहां के गीत गाकर ये प्रजाति शिमला तक पहुंच गई, उस कांगड़ा के लोगों के लिए यह अभिशाप न बन जाएं। आज कूंजां की प्रतिस्पर्धा में पौंग डैम के प्रवासी पक्षी आ चुके हैं। क्या कूंजां इसलिए कांगड़ा छोड़ चुकी हैं या इसके लिए दाना कम हो गया है। कल तक जो प्रदेश भाजपा की सत्ता में उड़ते पंछियों को पहचान रहा था, वह आज भी कुछ कटे पंख देख रहा है। जाहिर है ये पंख पंक्षियों के ही हैं। कुछ देशी और कुछ प्रवासी, लेकिन मंच पर कटे पंख लगा कर न जाने कितने नेता प्रयास कर रहे हैं, तो कहीं दूर सुधीर शर्मा के खेत में आहें उग रही हैं। वहां घायल कोई 'कूंजां' कोशिश कर रही है कि एक बार फिर से गाने के प्रयत्न से साबित किया जा सके कि 'नादौन के नोण का पानी आज भी मीठा है।' आश्चर्य यह कि जिस 'देरा' यानी देवर को 'कूंजां' प्रवाभित करती आई हैं, उसे अब भरोसा ही नहीं कि कांगड़ा के अंचल में कुछ मीठा भी हो सकता है। यही कड़वाहट बयानों में आती है, तो ब्यास के तट पर सुजानपुर टीहरा में 'कपड़े धोयां नाले रोआं' गा गा कर कुंजुआ को याद किया जा रहा है।

**संक्षिप्त खबरें**

### चतरा उपायुक्त अबू इमरान का हुआ तबादला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा के उपायुक्त अबू इमरान का तबादला हो गया। यह तबादला आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर हुआ है। अब चतरा के नये डीसी के रूप मे घोलप रमेश गोरख होंगे। इसके पूर्व डीसी कोडरमा जिले में पदस्थापित थे। जानकारी के अनुसार डीसी कोडरमा मे ईमानदारी पूर्वक कार्य करते हुये ग्रामीणो के प्रेरणास्त्रोत बने रहे है। नये डीसी घोलप रमेश गोरख के चतरा तबादला होने पर प्रतापपुर के सांसद प्रतिनीधी सतेन्द्र पासवान, मंडल अध्यक्ष बिनोद कुमार शौंडिक, समेत दर्जनो भाजपाईयो ने हर्ष व्यक्त किया है।

## सिमरिया रामनरायन सिंह का चोरी गया हाईवा बरामद, एक गिरफ्तार, एक फरार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के मुरवे ईश्वरदयाल सिंह पेट्रोल पंप के समीप बीते 2 मार्च के रात्रि खड़ी हाईवा नम्बर बीआर 24 जीबी 3748 को अज्ञात चोरों ने हाईवा लेकर फरार हो गया था। जिसकी लिखित शिकायत हाईवा ऑनर रामनरायन सिंह ने सिमरिया थाना को दी गयी थी। जिसके आलोक में सिमरिया पुलिस ने सरायकेला खरसावां जिले के इचा गढ़ थाना क्षेत्र के चौकाधान के बंसा से हाईवा समेत एक आरोपी अंसारुल को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधी में चतरा थाना क्षेत्र के आरा गांव निवासी अंसारुल पिता तबारक है। वहीं फरार आरोपी सिमरिया थाना क्षेत्र के डाड़ी गांव निवासी जावेद पिता इलाही मियां है जो जंगल का लाभ लेकर फरार होने में कामयाब हो गया है। गिरफ्तार आरोपी को कांड संख्या 32/24 379 के तहत जेल भेज दिया गया है। प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ अजय केशरी ने बताया कि बीते 2 मार्च को हाईवा चोरी का मामला सिमरिया थाना को दी गयी थी। जिसके आलोक में थाना प्रभारी चंदन कुमार द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए धर पकड़ के लिए एक टीम गठित किया ।साथ हीं उक्त हाईवा में लगे जीपीएस के माध्यम से पीछा किया गया। चोरों ने उक्त हाईवा को लेकर सरायकेला खरसावां जिला के इचा गढ़ थाना क्षेत्र के चौकाधान पहुंच चुका था। जहां इचा गढ़ पुलिस के मदद से उक्त हाईवा और चोर को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार चोर ने बताया कि हाईवा को लेजाकर कटवा देते और वहां से रुपया ले लेते। किन्तु बीच में हीं हम पकड़े गए। गिरफ्तारी टीम में एसडीपीओ अजय केशरी, थाना प्रभारी चंदन कुमार, नन्दलाल कुमार, विक्रमादित्य पांडेय, ईचागढ़, बजरंग महतो चौका थाना प्रभारी शामिल थे। वहीं मौके पर बिनोद तिवारी शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में बस और बोलेरो में भीषण टक्कर, आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले में बस और बोलेरो की आमने-सामने से टक्कर हो गई। इस टक्कर में बोलेरो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस टक्कर की वजह से आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। इसमें बोलेरो में सवार 10 वर्षीय बच्ची भी शामिल है। घटना के बाद सभी को आनन-फानन में सदर अस्पताल ले जाया गया है। जहां सभी का इलाज चल रहा है। घायल 10 वर्षीय बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर किया गया है। बताया गया बस परिचालन के लिए जो समय निर्धारित किया रहता है, वह फेल हो गया था। ऐसे में उस टाइम को मेंटेन करने लिए चालक बस को तेजगति में चला रहा था। इसी बीच सदर थाना क्षेत्र के चतरा-सिमरिया मुख्यपथ पर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के समीप सामने से आ रही बोलेरो से बस की सीधी टक्कर हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सड़क से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद राहत बचाव कार्य शुरू हुआ। सड़क हादसे में आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## पूर्व थाना प्रभारी विवेक कुमार को दी गई विदाई, नए थाना प्रभारी चंदन कुमार का किया गया स्वागत



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व थाना प्रभारी विवेक कुमार एवं एसआई विनय कुमार सिंह को हाईवा एसोशियसन और पूर्व जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश सिंह ने भाव भिंनी विदाग़री दिया। वहीं वर्तमान नए थाना प्रभारी चंदन कुमार को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। विवेक कुमार सिमरिया थाना में 40 वें थाना प्रभारी के रूप में योगदान दे थे। वे सरल स्वभाव एवं हंसमुख प्रभाव के व्यक्ति थे। ग्रामीणों एवं सभी लोगों के साथ उनका अच्छा एवं कुशल व्यवहार था। उनके कार्यकाल भी बहुत हीं सराहनीय रहा। हालांकि क्राइम की बात करें तो उनके कार्यकाल में काफी हद तक क्राइम में कंट्रोल रहा। किन्तु किसी भी त्योहार हो या आयोजन इनका निगहबानी काफी रहती थी।इनके कार्यकाल को सिमरिया वासियों ने काफी सराहा भी था। किसी के साथ बात करना हो या कानूनी कार्रवाई हो सभी में इनका सरल स्वभाव के साथ हंस कर बात करना यह लोगों को काफी प्रभावित करता था। इनके जाने से लोग हालांकि काफी दुखी हुए किन्तु सरकारी रूल प्रक्रिया के तहत उन्हें ट्रांसफर होना हीं था। यह प्रक्रिया सभी पदाधिकारियों के साथ बना हुआ है। इस प्रक्रिया को सभी सरकारी कर्मचारियों हो या पुलिस पदाधिकारी हो या आईएस आईपीएस पदाधिकारी सभी को पालन करना पड़ता है। विदाई के दौरान थाना प्रभारी विवेक कुमार काफी भावुक हो गए परन्तु विभाग के आगे किसी का जोर नहीं चलता। उन्हें मौजूद लोगों ने थाना प्रभारी विवेक कुमार और एसआई विनय कुमार सिंह को अंगवस्त्र एवं जरूरी सामान देकर विदाई दिया और कहा कि आप जहां रहें इसी तरह आप अच्छे व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते रहें। वहीं वर्तमान नए थाना प्रभारी चंदन कुमार को लोगों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई एवं स्वागत किया है। मौके पर जिला परिषद सदस्य जय प्रकाश सिंह, हाईवा एसोशियसन के अध्यक्ष कामख्या नरायण सिंह, उपेंद्र कुमार सिंह, महेंद्र केशरी, रूपु सिंह, अजय पांडेय, मिथलेश कुमार सिंह, संजय सिंह, पंकज सिंह,सुमन कुमार सिंह,पप्पू सिंह,संजय यादव, संतोष यादव, थाना एसआई बिनोद तिवारी के अलावे पुलिस कर्मी और दर्जनों एसोशियसन के लोग शामिल थे।

## गिद्धौर प्रीमियर लीग को लेकर हुई बैठक अध्यक्ष बने प्रेम सचिव निरंजन

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रविवार को गिद्धौर प्रीमियर लीग क्रिकेट खेल आयोजन हेतु बैठक किया गया। बैठक में खेल प्रेमियों से संबंधित जुड़े लोग उपस्थित हुए।जहां सर्व समिति से खेल को संचालित करने के लिए अध्यक्ष प्रेम कुमार राणा को चयन किया गया। एवं सचिव निरंजन कुमार दांगी को चयन किया गया।एवं अन्य सदस्य इस बैठक में टीम में सम्मिलित हुए मौके पर उपस्थित देवदीप कुमार राहुल कुमार सोनू सिंह विकास कुमार सुमित कुमार भोला कुमार संतु कुमार आशुरंजन कुमार उपस्थित थे।

## गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग के आदेश अनुसार युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना को मिली गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के आदेश अनुसार एक युवक को शनिवार को गिरफ्तार कर रविवार सुबह जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि युवक का नाम राजेंद्र दांगी के पुत्र दीपक कुमार 25 वर्ष है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का किया आयोजन जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** लायंस क्लब ऑफ चतरा यूनाइटेड ने साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जांच शिविर आयोजित किया। आज सुबह 6:30 बजे से 8:30 बजे तक आईडीबीआई बैंक में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर में 30 मरीजों का शुगर व बीपी की जांच की गई। जरूरतमंदों को सुविधाजनक जांच व इलाज उपलब्ध कराने के लिए अध्यक्ष डॉ. हर्ष देव गुप्ता ने सभी लाइन मेंबर्स का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव माधवी गुप्ता, उपाध्यक्ष चन्द्रशेखर लाल गुप्ता, सतीश लाल गुप्ता, मोहम्मद जसीम, मोहम्मद तलहा आदि ने सक्रिय भूमिका निभायी।

## घोलप रमेश सड़कों पर मां के साथ बेचते थे चूड़ी, गाय खरीदने मिले लोन से की पढ़ाई, अब हैं आईएएस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** यदि मन में किसी लक्ष्य को पाने की ठान ली जाए तो बड़े से बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है रमेश घोलप ने। बचपन में कभी मां के साथ सड़कों पर चूड़ी बेचने वाले रमेश आज आईएएस अफसर हैं। कठिन परिस्थितियों में इस मुकाम को हासिल करने वाले रमेश की कहानी बेहद संघर्ष पूर्ण रही है। जानिए कैसा रहा उनका सफर। आईएएस रमेश घोलप मूलतः महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में स्थित 'महागांव' के रहने वाले हैं।-फिलहाल वे झारखंड के खूंटी डिस्ट्रिक्ट में सब डिविजनल मजिस्ट्रेट(एसडीएम) हैं, -गरीबी से संघर्ष कर आईएएस बने रमेश घोलप ने पिछले साल बतौर एसडीओ बेरमो में प्रशिक्षण प्राप्त किया। -इन्होंने अभाव के बीच ना सिर्फ आईएएस बनने का सपना देखा, बल्कि इसे अपनी मेहनत से सच भी कर दिखाया। -काम किया, रुपए जुटाए और फिर पढ़ा। कलेक्टर बनने का सपना आंखों में संजोए रमेश पुणे पहुंचे। -पहले प्रयास में विफल रहे, पर वे डटे रहे। साल 2011 में पुनः यूपीएससी की परीक्षा दी। -इसमें रमेश 287वां स्थान प्राप्त कर आईएसएस बन चुके थे ।

## लातेहार में मुख्यमंत्री का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** गढ़वा कार्यक्रम में जाने के दौरान रविवार को झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने 10 मिनट के लिए लातेहार परिसदन भवन में रुके जहां लातेहार विधायक बैजनाथ राम समेत कई कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान चंपई सोरेन ने झारखंड सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया साथ ही कहा कि गरीबों कि हक अधिकार के लिए झारखंड सरकार सदैव लड़ने का काम किया है। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर, बिस सुत्री अध्यक्ष अरुण दुबे सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झारखंड प्रजापति महासंघ ने सम्मेलन कर किया प्रखंड समिति का पुनर्गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत बरछिया स्थित थाना के समीप झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ के बैनर तले प्रखण्ड स्तरीय एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन कर प्रखण्ड स्तरीय समिति का पूर्णगठन किया गया।सम्मेलन मे बतौर मुख्य अतिथि निवर्तमान माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश युवा अध्यक्ष शंभू प्रजापति, पूर्व जिला परिषद सदस्या नीरा देवी, रमन कुमार महतो, महेंद्र प्रजापति, पंकज प्रजापति, भुनेश्वर प्रजापति, डाक्टर सुरेंद्र कुमार के अलावा काफी संख्या में गणमान्य तथा बुधिजीजिवी पहुंचे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति ने कहा कि कुम्हारों का पुश्तेनी काम विलुप्त होते जा रहा है हम सब राज्य सरकार से मांग करेंगे की हमे रोजगार से जोड़ा जय था पीएम विश्वकर्मा योजना हम लोगो के हित में केंद्र सरकार से चलाया जा रहा है उसका हम सब लाभ ले, तथा हम लोग एक जुटता और समनता का परिचय दे ताकि हमारी राजनीति भागीदारी सुनिश्चित हो। जिसका कोई नेता नहीं उसका कोई पहचान नहीं कुम्हार एक सृष्टि का निर्माता है हम रहे न रहे मेरा समाज रहना चाहिए। इसके पश्चात प्रखण्ड स्तरीय कमेटी पुनर्गठन पर चर्चा किया गया।चर्चा के पश्चात उपस्थित समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से प्रखण्ड अध्यक्ष आनंद प्रजापति, सचिव सोनु प्रजापति, कोषाध्यक्ष जतन प्रजापति, उपाध्यक्ष बैजनाथ प्रजापति, पुनेश्वर प्रजापति, डा0 रणधीर प्रजापति को बनाया गया। मौके पर राजेश प्रजापति, अयोध्या, दिलीप, संदीप, राकेश, अवध, नरेश,भीम, राजेंद्र, रविन्द्र, मनराज, सुरेश, प्रकाश, गुलशन, संदीप, पुनेश्वर, बिनेश्वर, रूपेश, पप्पू, कमलेश, खुसिलता देवी, नमिता देवी, खुशबू देवी, राधा देवी, रानी देवी सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## बनवारी शाहू महाविद्यालय में पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, निबंध प्रतियोगिता का होगा आयोजन



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय के समीप बनवारी शाहू महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप तिवारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि उप विकास आयुक्त, स्वीप कोषांग, लातेहार के पत्रांक 06 दिनांक 29/02/2024 के आलोक में सभी इच्छुक छात्र -छात्राओं को सूचित किया जाता है की मतदान जागरूकता कार्यक्रम के तहत पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय परिसर में होना है जिसकी समय सारणी निम्नवत है :-पेंटिंग के छह मार्च, पोस्टर मेकिंग नौ मार्च निबंध प्रतियोगिता ग्यारह मार्च समय - सुबह 12:00 बजे तय किया गया है साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र -छात्राओं को पुरस्कृत किया।

## हल्ला बोल कार्यक्रम जनता के पैसे लुटने में शामिल लोगों को करेगी पर्दाफाश : अमित पांडेय



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में रविवार को प्रेस वार्ता आयोजित कि गई। प्रेस वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने कहा कि आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम होर्डिंग वाली सरकार के विरुद्ध है जिसमें आजसू पार्टी के कार्यकर्ता सरकार के लूटतंत्र को जनता के समक्ष रख कर लोगों को गोलबंद कर रहे हैं इसी क्रम में डेमू ग्राम में एक तालाब का निरीक्षण किया गया था लेकिन योजना स्थल पर किसी प्रकार का बोर्ड नहीं था। उस दौरान कहा गया था कि भूमि संरक्षण के लिए सरकार के विभिन्न विभागों से योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन उन योजनाओं में भारी लूट के कारण जनता को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है परंतु कल भूमि संरक्षण विभाग के पदाधिकारी के द्वारा वहां के मुखिया से ये पूछते नजर आ रहे थे कि ये योजना भूमि संरक्षण विभाग का है कि नहीं इसे आजसू पार्टी हास्यास्पद नजरों से देखती है । मुखिया ने ये तो बताया कि ये योजना उस विभाग से नहीं है परंतु किस विभाग एवम किसके द्वारा ये घोटाला किया गया उसका जिक्र नहीं किया। ये प्रकरण चोर के दाढ़ी में तिनके के समान प्रतीत होता है।आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम ऐसे लोगों का पर्दाफाश कर के जनता के पैसे को लूटने में शामिल लोगों को उनके अंजाम तक पहुंचाने तक चलते रहेगा। मौके पर ओबीसी जिलाध्यक्ष नितेश जयसवाल अभिजीत सोनू कौशल जयसवाल ओमप्रकाश कुमार आकाश कुमार आनंद कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## शिक्षक शराब के नशे में धुत्त, बच्चे के भविष्य के साथ खिलवाड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार : जिले** में शिक्षा की व्यवस्था इतनी लचर हो गई है कि शिक्षक स्कूल छोड़ दारू पीने के लिए फरार हो जा रहे हैं बच्चे पढ़ें या ना पढ़ें इनको कोई मतलब नहीं सिर्फ इन्हें अपने वेतन का फिक्र लगा रहता है।इसका मुख्य कारण है कि ऐसे शिक्षकों पर विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है और यह आराम से बैठकर सरकारी रोटी का लुफ्त उठा रहे हैं जिसका खामियाजा बच्चों को भुगतान पड़ रहा है बच्चों को ना तो सही शिक्षा मिल पा रहा ना ही मध्याह्न भोजन ना ही स्कुल ड्रेस जिसका नतीजा है कि बच्चे बिना ड्रेस के ही स्कूल में नजर आ रहे हैं ऐसा इसलिए कहा जा रहा है एक मामला लातेहार सरयू प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय सोनवार का है जहां स्कूल के प्रधानाचार्य प्रकाश नगेशिया जो प्रतिदिन शराब पीकर स्कूल आते हैं जिसके कारण स्कूल में ना तो पढ़ाई हो रहा है ना ही बच्चों को मध्याह्न भोजन का लाभ मिल रहा है।ना ही स्कुल ड्रेस जिसका नतीजा है कि 54 बच्चे में 10 बच्चे ही बिना ड्रेस के स्कुल आ रहे हैं इस संबंध में बच्चों से पूछे जाने पर बताया कि स्कुल में मात्र एक शिक्षक है वह भी प्रतिदिन दारू पीकर स्कुल आते हैं जिसके कारण स्कूल में पढ़ाई नहीं होता है। यहां तक कि स्कूल में भी सर दारू मंगवा लेते हैं। यहीं बैठ कर पीते हैं। और स्कूल छोड़कर बाहर भी चले जाते हैं।अपनी मनमर्जी से आते हैं ।अगर सर का आने में लेट हो गया तो हमलोगों को बोल दिया जाता है कि स्कूल बंद करके चले जाने के लिए।आगे बच्चों ने कहा कि हम लोग चाहते हैं कि स्कूल में पढ़ाई हो हम लोगों को ड्रेस मिले मध्याह्न भोजन का लाभ मिले। यहां तक की कोई पदाधिकारी भी स्कूल में जांच करने के लिए नहीं आते हैं ताकि स्कुल का सुधार हो **क्या कहते हैं ग्रामीण :** वहीं ग्रामीणों ने बताया कि जब से प्रकाश नगेसिया स्कूल में आए हैं तब से स्कूल शराब का अड्डा बन गया है स्कूल के प्रधानाचार्य स्कूल में ही शराब पीते हैं यही रवैया हमेशा से चलते आ रहा है जिसके कारण बच्चें भी स्कूल जाने से कतराते हैं अगर स्कूल के शिक्षक ही शराब पीकर स्कूल में आएंगे तो बच्चों का भविष्य क्या होगा इससे साफ स्पष्ट होता है कि बच्चों का भविष्य अंधकार में चले जा रहा है हम लोग इतने कमाते भी नहीं है कि बाहर में बच्चों को पढ़ा सकें गरीबों की मजबूरी वश यहां पढ़ने पर विवश हो रहे हैं। कोई पदाधिकारी भी स्कूल में जांच के लिए आते भी नहीं है कि हम लोग इस संबंध में शिकायत करें अगर हम लोग इसका विरोध करते हैं तो कहा जाता है कि आप लोगों को जो मन में आए वो करें हमको कोई फर्क नहीं पड़ेगा सभी जगह पर हमारा कंसल्ट है वहीं अध्यक्ष भी हम लोगों के ऊपर ही भड़क जाते हैं जिसका कारण है कि हम लोग कुछ नहीं कह पाते हैं **क्या कहते हैं प्रधानाचार्य :** प्रकाश नगेशिया से पूछे जाने पर बताया कि ऐसी कोई बात नहीं है मेरे ऊपर झूठा आरोप लगाया जा रहा है **क्या कहते हैं शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार :** इस संबंध में पूछे जाने पर शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार ने बताया कि यह मामला अभी मेरे संज्ञान में आया है अगर ऐसी कोई बात है तो इसकी जांच कर ऐसे शिक्षक पर कार्रवाई की जाएगी।

## बरवाडीह में तैलिक साहु समाज का सम्मेलन आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत सिंचाई विभाग के परिसर में रविवार को तैलिक साहु समाज के सम्मेलन आयोजित कन्हाई प्रसाद के अगुवाई में की गई। जहां मुख्य अतिथि के रूप में तैलिक साहु समाज के प्रमंडल अध्यक्ष रामदास साहू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों का स्वागत फूलमाला पहनाकर एवं अंगवस्त्र देकर किया गया। मौके पर रामदास साहू ने कहा कि आज हमारा समाज सिर्फ और सिर्फ व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि समाज में प्रचलन बन गया है कि हमारे बच्चे किसी तरह मैट्रिक पास कर लें और उसे व्यवसाय में लगा दिया जाए जबकि हमें चाहिए कि हमारे बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करें और अपने सुखमय जीवन को सफल बनाया जाए।इस दौरान तैलिक साहु समाज का प्रखंड कमेटी का विस्तार भी किया गया। जहां समाज का प्रखंड अध्यक्ष के रूप में जितेन्द्र साह, संरक्षक भोला प्रसाद, उपाध्यक्ष सखीचंद प्रसाद, सचिव कृष्णा प्रसाद, कोषाध्यक्ष भीम प्रसाद संगठन मंत्री प्रभु साव मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद छिपादोहर व हिमांशु गुप्ता इसके अलावा महिला अध्यक्ष ऋतु देवी संरक्षक लीलावती देवी साथ अन्य पदों पर महिलाओं को मनोनीत किया गया। मौके पर पलामू जिला अध्यक्ष लल्लन साहु समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच युवक गंभीर रूप से घायल

**महुआडांड़ (लातेहार)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिन रविवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना महुआडांड थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर स्थित संत जेवियर अकैडमी के समीप विपरीत दिशा से आ रहे हैं हाईवा वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवक अभिषेक नगेसिया पिता सकलदीप नगेसिया एवं राहुल नगेसिया पिता कुलदीप नगेसिया महुआडांड प्रखंड के ग्राम कुड़ो के निवासी है। मवेशी के लिए चारा लेने बाजार आए हुए थे, इसी दौरान लौटने के क्रम में तेज रफ्तार आ रही हाईवे वहां की चपेट में आ गए जिससे दोनों युवकों का दाहिना पैर टूट गया। एंबुलेंस से दोनों घायल युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर रवि के द्वारा दोनों युवकों को रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना बारेसाढ़ थाना क्षेत्र के सुग्गाबांध मोड़ के समीप की है, जहां सामने से आ रहे हैं अज्ञात बोलेरो वाहन के टक्कर से तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।

## जल जीवन मिशन व स्वच्छ भारत मिशन फेज टू का दो दिवसीय ट्रेनिंग आयोजीत किया गया

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार के दिन कुजू दक्षिणी पंचायत भवन के सभागार में दीप प्रज्वलित कर जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत अभियान फेज 2 के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें ट्रेनर अजय कुमार महतो , उर्मिला देवी ने पानी के रखरखाव सहित कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया जिसमें मुख्य रूप से कुजू दक्षिणी पंचायत की जलसहिया रिजवाना खातून ,उप मुखिया मीना देवी अग्रवाल ,पंचायत समिति सदस्य सरिता सहाय, वार्ड सदस्य रमेश चौधरी, वार्ड सदस्य अमृता देवी, अनिल अग्रवाल शाहित बुमरी पंचायत के उप मुखिया विश्वकर्मा बेदिया ,वार्ड सदस्य बालेश्वर मुंडा, परमेश्वर बेड़िया नरेश बेड़िया अक्षय कुमार जेएसएलपीएल के श्वेता अग्रवाल दीपा झा आदि दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।



## बरलंगा थाना क्षेत्र मे खुलेगा एचपी पैट्रोल पंप जमीन का सीमांकन किया गया

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बरलंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत हेंठबरगा मौजा के मूंगा टांड में एक सौ फीट लंबा एक सौ फीट चौड़ा एरिया में जीतू महतो के द्वारा एचपी पेट्रोल पंप खोला जाएगा। उक्त पैट्रोल पंप को खोलने में संजय तासी का 6 डिसमिल जमीन के अलावा जीतू महतो के द्वारा अपने खरीदे हुए जमीन जमीन में पैट्रोल पंप खोल रहा है।यहां पेट्रोल पंप खुलने की बात को सुनते ही क्षेत्र के लोगों में उत्सुकता दिखाई दिया। इस दौरान बरलंगा पंचायत के मुखिया पति त्रिलोचन प्रजापति ने कहा की पैट्रोल पंप खोलने में जमीन की अगर और आवश्यकता पड़े तो उन्होंने जमीन देने की इच्छा जागृत किया।उन्होंने आगे बताया कि उक्त पेट्रोल पंप के खुलने क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिलेगा तथा गोला से झालदा से जाने में वाहन चालकों को पैट्रोल व डीजल के लिए परेशान होना नहीं पड़ेगा। जमीन की सही मापी कराने के लिए चितरपुर के सोंढ बस्ती से अमीन कामेश्वर महतो को बुलाया गया था जिन्होंने जमीन का संतोष जनक मापी किया और पैट्रोल पंप के लिए जमीन का सीमांकन किया। मौके पर निर्मल महतो,जीतू महतो, संजय तांती,गोविंद तांती,आशीर्वाद तांती के अलावा गांव के कई लोग मौजूद थे।

## सीसीएल अंतर क्षेत्रीय खेल कुद प्रतियोगिता में बरकासयाल क्षेत्र रहा ओवरऑल चैंपियन



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के गांधी स्टेडियम मैदान में चल रहे दो दिवसीय सीसीएल अंतर क्षेत्रीय खेल कुद प्रतियोगिता के दुसरे दिन रविवार को बिजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर इस खेल का समापन किया गया। वहीं इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल रांची हेडक्वार्टर डायरेक्टर आफ पर्सनल हर्षनाथ मिश्रा व डायरेक्टर आफ फाइनेंस पवन कुमार शामिल हुए। जिनका स्वागत बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह ने किया। वहीं आए हुए अतिथियों का स्वागत भारत भारती विधालय के बच्चों द्वारा किया गया। वहीं महाप्रबंधक अजय सिंह ने युनियन में एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार व सभी अतिथियों का अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। बता दें कि इस प्रतियोगिता में कुल 14 प्रक्षेत्रों के खिलाड़ी शामिल हुए हैं। दो दिन तक चलने वाले इस खेल में बरकासयाल क्षेत्र ने 185अंक प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियन बना। वहीं दूसरी उपविजेता रांची हेडक्वार्टर की टीम रही जिसने 130 अंक ही प्राप्त कर सकी।तीसरे स्थान पर बीएंडके क्षेत्र रहा।वहीं सभी अतिथि ने खेल कुद प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी।

## दीपक शर्मा को युवा कांग्रेस रामगढ़ जिला का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अजीत करमाली के द्वारा रामगढ़ यश टावर में एक आवश्यक बैठक रखी गई जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित जिला प्रभारी फहद खान एवं सह प्रभारी प्रतीक सिंह के नेतृत्व में दीपक शर्मा जी को रामगढ़ जिला का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।दीपक शर्मा को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर रामगढ़ के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दी ।

## बालू उठाव को लेकर संयुक्त मोर्चा का धरना प्रदर्शन 5 को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** संयुक्त मोर्चा के बैनर वाशरी कॉलोनी में मोर्चा के संयोजक सुन्दर बेदिया की अध्यक्षता में बैठक की गई जिसमें आगामी 5 मार्च को डाड़ी प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया जिसको सफल बनाने को लेकर संयुक्त मोर्चा के सभी दलों ने एक स्वर में कहा कि व्यापक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित किया जाएगा। बालू की समस्या से क्षेत्र के सभी ग्रामीण परेशान है साथ ही इसको लेकर इस क्षेत्र के ग्रामीण आक्रोशित है बालू नहीं मिलने से अबुवा आवास, पीएम आवास,सहित दर्जनों सरकारी योजनाएं बाधित हो गया है। जिसकी वजह से क्षेत्र में बेरोजगारी भी बढ़ी है। बैठक में सोहराय किस्कू, राजेंद्र गोप, आर डी मांझी, प्रदीप रजक, तूफानी राम,मनोज राम, सुदर्शन मंडल, हुकुमनाथ महतो, विजय प्रसाद, संजय राम, कमल गोप, शहीद अंसारी, नेमन यादव, सुनील सिंह, रामचंद्र महतो, दिनेश बेदिया, रूपलाल बेदिया, मोती साव, गुलाम मुस्तफा, जमीर अंसारी आदि मोर्चा के लोग उपस्थित थे।


पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

1. ई-निविदा सं.: 241-DHN-2023-24, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** (अवशेष कार्य) व. मंडल अभियंता (2)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद के अधीन ग्रैंड कार्ड सेक्शन में फीडर रूट से डेडिकेटेड फ्राइट कॉरिडोर में अप-ग्रेडेशन करने के संबंध में पुल सं.305, 352, 371, 374, 384, 401,410 और 414 एवं अन्य का पुर्ननिर्माण एवं मजबूतीकरण। 09 (नौ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रु. में):** 4,94,65,480.86

2. ई-निविदा सं.: 242-DHN-2023-24, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** व.मं.अभि./1/धनबाद के क्षेत्राधिकार में सहा.मं.अभि/लातेहार के अधीन टोरी-शिवपुर सेक्शन में चौबीस महीनों की अवधि के लिए सीसीएल साइडिंग का ट्रैक संरक्षण एवं अन्य सहायक कार्य। 24 (चौबीस) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रु. में):** 4,91,68,461.20

3. ई-निविदा सं.: 243-DHN-2023-24, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** सहा.मं.अभि./लातेहार के अधीन टोरी-शिवपुर सेक्शन में जल आपुर्ति, सिवरेज प्रणाली का सुधार एवं मरम्मत तथा सर्विस भवन एवं स्टाफ आवासों का अन्य सहायक कार्य से संबंधित बचा हुआ कार्य। 09 (नौ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रु. में):** 61,57,657.93

4. ई-निविदा सं.: 244-DHN-2023-24, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** सहा. मं. अभि./1/धनबाद के अधीन रागाटॉड कॉलोनी में अधिकारियों के आवासों (691/A to D, 692/A & B, 758/A to D, 201/A & B एवं 913/A&B) का नवीनीकरण एव मरम्मत। 06 (छ:) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रु. में):** 76,54,924.22

5. ई-निविदा सं.: 245-DHN-2023-24, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** धनबाद मंडल:-सीटीआर (पी)-24.014 टी.कि.मी. (मं. अभि., भू-संपदा के अधीन 11.96 टी.कि.मी.) के साथ अन्य सहायक कार्य। 12 (बारह) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रु. में):** 2,71,96,446.59

6. ई-निविदा सं.: 246-DHN-2023-24, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** सहा.मं.अभि./1/धनबाद के क्षेत्राधिकार अधीन धनबाद में क्रिकेट मैदान में स्वचालित फव्वारा प्रणाली की आपूर्ति एवं इंस्टालेशन। 03 (तीन) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रु. में):** 15,79,009.92

7. ई-निविदा सं.: 247-DHN-2023-24, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** सहा.मं.अभि./1/धनबाद के क्षेत्राधिकार अधीन धनबाद में वॉलीबाल कोर्ट का निर्माण। 03 (तीन) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रु. में):** 16,37,266.41

**ब्याने की राशि (रु. में):** ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in. पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू।

**निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई-निविदा बंद होने की तारीख 22.03.2024 को 12:00 बजे तक, ई-निविदा खुलने की तारीख 22.03.2024 को 12:30 बजे से।

**वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in. ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/02418/डीएचएन/ईएनजीजी/टी/23-24/92


# महिलाओं को राजनीति में आगे आना चाहिए : चंद्रप्रकाश

### कल्याणी महिला संघ का पंद्रहवां महाधिवेशन मनाया गया, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** एस एस प्लस टू हाई स्कूल मैदान में रविवार को कल्याणी महिला संघ का पंद्रहवाँ महाधिवेशन मनाया गया। महाधिवेशन के बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी,विशिष्ट अतिथि विधायक सुनीता चौधरी,जिप अध्यक्ष सुधा चौधरी,मुखिया नीता देवी, चंद्रशेखर महतो,बजरंग कुमार महथा मौजूद थे। कार्यक्रम का सुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर एवं स्वागत गीत से किया गया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि महिलाओं को राजनीति के क्षेत्र में आगे आना चाहिए।राजनीति में महिलाओं की कम भागीदारी देखी जाती है। केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं को आरक्षण देने के लिए ठोस कदम उठाई है। केंद्र स्तर में



महिलाओं के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। ताकि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। महिलाएं आज उन्नति की राह में अग्रसर है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री को जाता है। विधायक ने कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे आकर कार्य करना चाहिए। महिलाएं जागरूक नहीं होंगी तो हमारा समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। इससे पूर्व महिलाओं ने ड़ीवीसी चौक से जुलूस निकालकर कार्यक्रम स्थल में पहुँची। कई संस्थाओं का स्टोल भी लगाया गया था। जिसका अवलोकन किया गया।

**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन**

अधिवेशन के दौरान महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें डांडिया ,नाटक, गीत एवं डांस आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसका लोगों ने भरपूर आनंद लिया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रामविनय महतो, अध्यक्ष उर्मिला देवी,सचिव मीना देवी, कोषाध्यक्ष रीमा देवी, सुनीता देवी, ममता देवी, मंजू देवी, उमा देवी, रेखा देवी,सरिता देवी, सुनीता देवी, सुमोलो देवी के अलावे बिगलाल ठाकुर, उषा देवी, पिंकी देवी, इंदरजीत महतो, ललिता देवी, इंदु देवी ,सबिता ,स्नेहलता देवी, देवंती,अनिता ,राजेश महतो आदि मौजूद थे।

## श्री श्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ का किया गया ध्वजारोहण सह भूमि पूजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा छठ मंदिर के प्रांगण मे सात दिवसीय श्री श्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ को लेकर को ध्वजारोहण सह भूमि पूजन की गया।अयोध्या से आये आचार्य पद्मनाभ दास और विपिन कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में अनुष्ठान संपन्न हुआ। यजमान के रूप में गोपाल करमाली पूजा पर बैठे। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार से आसपास के गूंजायमान रहा।वहीं सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह सहित कई श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान में भागीदारी निभाते हुए विधिपूर्वक ध्वज स्थापना किया। हर-हर महादेव के जयकारों के बीच ध्वज स्थापित किया गया। अनुष्ठान के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। सात दिवसीय श्री श्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ आगामी न अप्रैल को भव्य कलशयात्रा के साथ आरंभ होगा और 15 को पूर्णाहुति के संपन्न होगा।मौके पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, कमेटी अध्यक्ष संजीत राम आजाद भुइयां, सचिव अशोक तिवारी, उपाध्यक्ष आजाद भुइयां, कोषाध्यक्ष सतीश सागर, मुखिया अजय पासवान, दीपक भुइयां, रामाशंकर पांडेय, मनोज राम, संजय मिश्रा, दीपक कुमार, डब्लू पांडेय, संजय वर्मा, मुन्ना श्रीवास्तव, ललन सिंह, बैजनाथ राय आदि उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक ममता देवी ने दुलमी के पत्रकार से मुलाकात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखण्ड प्रभात खबर के वरिष्ठ पत्रकार धनेश्वर कुंदन जी पिछले कुछ महीनों से किड़नी संबधी बीमारी से पीड़ित हैं उनका इलाज रांची में चल रहा था। उनके परिजनों ने दो दिन पहले छूटी कराकर उन्हें घर लाए हैं। इसकी जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक श्रीमती ममता देवी जी उनके गांव होनहे पहुंची और पत्रकार धनेश्वर कुंदन और उनके परिजनों से मिलकर बात की एवं उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली साथ ही ईश्वर से उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मौके पर करदीप महतो, महेंद्र ओहदार, राजकुमार महतो, सराफत अंसारी, गौरी शंकर महतो, प्रभु परमेश्वर, दूधेश्वर महतो पत्रकार सुरेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अनुसूचित जाति नायक समाज संघ रामगढ़ जिला इकाई की बैठक की गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** थाना चौक रामगढ स्थित अम्बेदकर उद्यान मैं अनुसूचित जाति नायक समाज संघ रामगढ़ जिला इकाई की बैठक की गई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय नायक व सभा संचालन जिला सचिव बिनोद नायक के द्वारा किया गया बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने अपना-अपना विचार दिए कि समाज को हर हाल में एकजुट व मजबूत करना है 14/03/024 को समाज के आन बान और शान स्वर्गीय राजेन्द्र नायक जी की प्रथम पुण्य तिथि अम्बेदकर उद्यान में किया जाएगा। इस बैक में मुख्य रूप से यह विचार आया कि संगठन का नियामावाली बनाकर रजिस्ट्रेशन करवाया जाय इसके लिए 14 मार्च को स्वर्गीय राजेन्द्र नायक जी का पुण्य तिथि कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद संगठन को शक्त बनाने हेतु जिला स्तर पर सदस्यता-अभियान चलाया जाय। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि समाज के बुद्धिजीवि श्री पुन्नुराम नायक, विशिष्ठ अतिथि अन्तरास्ट्रीय मानव अधिकार आयोग एसीएम एस सी, एस टी, सेल के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष अनिल नायक उपस्थित हुए । मौके पर बसंत राम नायक राजेन्द्र नायक रवि नायक करमु नायक जगु घासी, शंकर नायक दिलीप नायक, रितेश नायक, ज्ञानी नायक तथा समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## शोक सभा का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मांडू चट्टी स्थित सुभाष स्टेडियम मांडू में बालेश्वर भुईया के अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में हमारे ही गांव समाज के विजय साव पिता स्वर्गीय त्रिवेणी साव व सोनू राम पिता स्वर्गीय सरजू रविदास का आकस्मिक देहांत हो जाने के कारण आज का होने वाला माता शबरी जयंती समारोह पस्चात 3,3,2024 का शोभायात्रा एवं झांकी को स्थगित किया गया शोक सभा में उपस्थित लोगों ने दोनों मृत्यु व्यक्ति के दिवंगत आत्मा शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण किया और ईश्वर से मृत परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने का ईश्वर से प्रार्थना किया सभा में मुख्य रूप से धनेश्वर साव नवरत्न कुमार ऊर्फ ननकू, महेश यादव ,अर्जुन राम ,अमित कुमार दीपक कुमार, विक्की कुमार, वीरेंद्र कुमार ,विजय कुमार, लालमोहन, सिटन भुइयां गौरी, कुंदन, सुनील कुमार, अंजय कुमार, दिलीप कुमार ,तूफान कुमार एवं माता शबरी जयंती समारोह पूजा कमेटी के सभी सदस्य व कार्यकर्ता गण के साथ साथ सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## रामगढ़ विधायक ने हेमतपुर से सोसो कलां भाया जांगी तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य का किया शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा रविवार को झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग के तहत् मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत हेमतपुर से सोसो कलां भाया जांगी तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण करते हुए नारियल फोड़ कर किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उक्त मार्ग लंबे अरसे से खराब था जिससे ग्रामिणों को आने जाने में काफी परेशानी होती थी इस मार्ग के बन जाने के बाद लोगों को काफी सहुलियत होगी।रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र को चहुंमुखी विकास करना मेरा लक्ष्य है। मौके पर जिला परिषद् अध्यक्ष सुधा चौधरी, जिला परिषद् सदस्य सरस्वती देवी, मुखिया नीता देवी, समाज सेवी चंदर महतो, अशोक महतो, दिनेश महतो, त्रिभुवन महतो, पूर्व मुखिया बजरंग महथा, बालगोविंद महतो तथा संवेदक सहित कई लोग मौजूद थे।

## तत्वज्ञान से ही होगा मानव जीवन का कल्याण : संत रामपाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** दुलमी प्रखंड अंतर्गत ढुठुवा गाँव में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के सानिध्य में जिला स्तरीय विशाल सत्संग समागम प्रोजेक्टर के माध्यम से सम्पन्न हुआ । सत्संग में श्रद्धालुओं को पवित्र वेद, पुराण, कुरान शरीफ, बाइबल, गुरु ग्रंथ साहिब व श्रीमद् भागवत गीता आदि धर्म ग्रंथो में छिपे हुए रहस्यों का महत्व बताया गया। इस दौरान सृष्टि की रचना कब और कैसे हुई प्रत्येक जीव क्यों जन्म लेता है व क्यों मरता है जीव कहां से आता है और वह कहां जाता है जीव की गति होती है या नहीं 84 लाख योनियों क्यों भोगनी पड़ती है इससे छुटकारा कैसे मिलता है । आदि रहस्याओं को सत्संग में श्रद्धालुओं को बताया गया संत रामपाल जी महाराज की ओर से समाज में फैली कुरीतियां व बुराइयों को दूर करने का मिशन चलाया हुआ है साथ ही आए दिन हो रहे अपराध से बचाव के लिए गांव-गांव व शहर - शहर में सत्संग व जागरूकता अभियान चला रहे हैं सत्संग से जुड़े जिला संयोजक राजेश महतो ने बताया कि पवित्र धर्म के पवित्र सद्ग्रन्थों में छुपे ऐसे कई गुढ़ रहस्यों को सरल शब्दों में बताने वाले शास्त्र प्रमाणित पुस्तकें जीने की राह, ज्ञान गंगा, गीता तेरा ज्ञान अमृत भी श्रद्धालुओं को वितरित की गई। साथ ही बताया गया कि संत से उपदेश लेने पर तत्व ज्ञान तो होता ही है साथ ही साथ सर्व सुख भी मिलता है मर्यादा में रहकर भक्ति करने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है, सत्संग में विशेष रूप से विकास महतो, रोहित महतो, सतप्रकाश ठाकुर, बालगोविन्द कुमार, पंकज पटेल, कुलदीप कुमार, जयलाल महतो कुमारी जूही, लक्ष्मी कुमारी, अंजू देवी , मंजू देवी समेत सैकड़ो की संख्या में पुरुष एवं महिला श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सब जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला बॉक्सिंग संघ ने सब जूनियर झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित सब जूनियर चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया जो जमशेदपुर में तीन दिवसीय दिवसीय चैंपियनशिप जो 6 मार्च से आरंभ होगा उसमें भाग लेने रामगढ़ के बॉक्सर महिला एवं पुरुष वर्ग के बॉक्सर जाएंगे जिसमें आज तमाम बॉक्सरों का ट्रायल लिया गया जो झारखंड स्टेट चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे उसमें महिला वर्ग से अंजली कुमारी कृतिका रानी हिमानी कुमारी हिस्सा लेगी एवं पुरुष वर्ग में बादल कुमार हिस्सा लेंगे इन सबों के कोच कमल नायक जमशेदपुर टाटा जाएंगे जो प्रतिदिन रामगढ़ जिला में बॉक्सिंग का प्रशिक्षण देते हैं आज इस सिलेक्शन कमेटी में बच्चों का चयन के लिए मुख्य प्रशिक्षक द्रोणाचार्य अवार्डेड बीबी मोहंती को मुख्य रूप से बुलाया गया ताकि बच्चों का प्रशिक्षण एवं सिलेक्शन किया जा सके हम सबों की देखरेख में आज महिला और पुरुष वर्ग के बॉक्सरों का सेलेक्शन किया गया आज इस सिलेक्शन के मौके पर अध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी सचिन शशि पांडे मोहम्मद बारीक राजी गांधी राकेश कुमार मनीष कुमार के अलावा संघ के लोग मौजूद थे आज रामगढ़ जिला बॉक्सिंग संघ द्वारा पालक और बालिका वर्ग के बॉक्सरों का चयन किया गया हम सब शुभकामना देते हैं कि गत दिन होने वाले स्टेट चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## झामुमो पंचायत समिती बलकुदरा की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झामुमो पंचायत समिती बलकुदरा की बैठक रिचीबंधा फुटबॉल ग्राउंड मे हुई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष सुनील मुंडा और संचालन पंचायत सचिव सन्नी मुंडा ने किया। बैठक मे बलकुदरा छाई-डैम मे हम स्थानीय विस्थापित ग्रामीणो द्वारा अपने अधिकार को लेकर विगत वर्षो से पीवीयुएनएल प्रबंधन के खिलाफ लोकतांत्रिक ढंग से बीच-बीच में बैठक कर प्रेस मीडिया-समाचार पत्र और जुलूस धरना-प्रदर्शन के माध्यम से कई एक बार मांग पत्र सौंप चुके हैं। लेकिन पीवीयुएनएल प्रबंधन हम स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों की मांगों पर अभी तक किसी तरह का सकारात्मक पहल नहीं किया है। हम विस्थापित ग्रामीण बाध्य होकर दिनांक 12/03/2024 , दिन-मंगलवार को एक दिवसीय भूख हड़ताल पीवीयुएनएल कंपनी,पतरातू के मैन गेट के समक्ष सैकड़ो की संख्या मे स्थानीय विस्थापित ग्रामीण उपस्थित होंगे। एक दिवसीय भूख हड़ताल की विधि व्यवस्था किसी तरह से भंग होती है। तो उसकी सारी जवाब देही पीवीयुएनएल प्रबंधन एवं प्रशासन की होगी। बैठक मे मुख्य रूप से झामुमो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह विस्थापित योगेंद्र यादव, मनोज महली, अनिल मुंडा, रवि महली, कुणाल यादव, सुभाष यादव, अरविंद यादव, दिवाकर नाग, गुलचंद मुंडा, सतीश मुंडा, अरविंद यादव, रंजीत मुंडा, बंधन मुंडा, विजय मुंडा, दशरथ यादव, शशि यादव, सुकेश मुंडा, दिनेश मुंडा, रूपेश मुंडा, विकाश यादव इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

## गिद्दी डीएवी में फीस बढ़ाने के विरुद्ध गोलबंद हुए अभिभावक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** गिद्दी डीएवी विद्यालय में फीस बढ़ाने का मामला काफी तुल पकडते जा रहा है। इसे लेकर रविवार को विधालय में पढ़ने वाले छात्रों के अभिभावक व साथ ही इस मामले को लेकर क्षेत्र के सभी मजदूर एवं युनियन प्रतिनिधि भी एक साथ हो कर गोलबंद हो गये हैं। रविवार को गिद्दी ए उत्खनन कार्यशाला प्रांगण में फीस बढ़ाने के मामले पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया एवं विधालय प्रबंधन के विरुद्ध नारे लगाया गया। कहा गया कि विद्यालय प्रबंधन यदि री एडमिशन के नाम पर व्यवसायिक करण बंद करे साथ ही मंथली फीस में निर्धारित शुल्क ले अन्यथा हमें बाध्य हो कर डीएवी विद्यालय को बंद कर केंद्रीय विद्यालय को वापस लाने की मांग किया जाएगा। इस बावत निर्णय लिया गया कि सोमवार को सभी अभिभावकों के द्वारा दस बजे डीएवी विद्यालय गेट के समक्ष एकत्रित होंगे तथा विद्यालय प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा जाएगा। मौके पर आजसू नेता गुड्डु यादव, युनियन प्रतिनिधि में गौतम बनर्जी, सुधिर सिंह, अरविंद कुमार उपाध्याय, पवन कुमार, बिरजू साव, उत्तर कुमार, रंधीर सिंह, सुरेश महतो, अजय महतो, संतोष कुमार दास, राम बैठा, रीत कपूर, पुनित ठाकुर, सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

## लिपिया गांव में पहुंचा जंगली हाथी, ग्रामीणों में फैली दहशत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला(रामगढ़):** गोला वन क्षेत्र के रकुआ पंचायत अन्तर्गत लिपिया गाँव में रविवार की सुबह एक जंगली हाथी पहुँच गया। इस नजारे को देखकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीण भी झुंड बनाकर हथीके पिछे दौड़ते हुए उसे भगाने का प्रयास करने लगे। संभावना व्यक्त की जा रही है कि यह जंगली हाथी गोमिया वन क्षेत्र से भटकते हुए गोला वन क्षेत्र में प्रवेश कर गया है। आशंका जताई जा रही है कि यह वही हाथी है जो गत दिनों गोमिया वन क्षेत्र में तीन व्यक्तियों को मौत के घाट उतार चुका है। गोमिया वन क्षेत्र के कर्मचारियों द्वारा इसे खदेड़कर इस क्षेत्र में कर दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से जंगली हाथियों से सुरक्षा दिलाने एवं दहशत से निजात दिलाने की मांग की है। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे लोग जंगली हाथी के करीब ना जाएं। विभाग ने बताया कि शाम ढलने के बाद ही इन हाथियों को अन्यत्र भगाया जा सकेगा।

# आदिवासी सामाजिक सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करना हमारा कर्तव्य : डॉ. रामेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा कुडू प्रखंड अंतर्गत विधायक निधि से नवनिर्मित ऊपरी कक्ष राजी पड़हा भवन का उद्घाटन किया गया एवं भूमिदाता स्वर्गीय ठकरू उरांव जी की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में लोग शामिल हुए एवं पाहन पुजार द्वारा पारंपरिक पूजा पद्धति कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की आदिवासी सामाजिक सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है,यह हमारी पहचान है जिन्हे पुरखों ने हमे उपहार स्वरूप दिया है। आधुनिक युग में हमें अपनी पूजा, पद्धति, संस्कृति, धरोहर, एवं आदर्शों को हृदय में संजोएं रखने की जरूरत है ताकि भावी पीढ़ी का भी धार्मिक सांस्कृतिक उत्थान हो सके। इसी क्रम में आज विधायक निधि से कुडु प्रखंड में राजी पड़हा भवन में नवमंजिला कक्ष का निर्माण किया गया है,और मैं स्वर्गीय ठकरू उरांव जी को एवं उनके परिवार को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने आदिवासी समाज के कल्याण के लिए अपनी संपत्ति में से भूमि दान दिया। उन्होंने समाज को सर्वोपरि समझा और उनके सहयोग से आज धार्मिक केंद्र पड़हा भवन तैयार हो पाया हमें उनके पदचिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने मानवता का परिचय दिया और हम उनके विशाल हृदय का सम्मान करते हैं। वर्तमान युग में आदिवासियत बचाने की जरूरत है पहला जमीन, दूसरा भाषा, तीसरा संस्कृति, हमें गर्व से कहना चाहिए की हम आदिवासी हैं। जब मैं सांसद था क्षेत्र बड़ा होने के कारण हमने अखड़ा का निर्माण कम बना पाया पर फिर से लोहरदगा की जनता ने मुझे विधायक के रूप में मौका दिया तब मैंने संस्कृति परंपरा को बचाने के लिए अब तक 170 अखड़ा का निर्माण कराया है और अभी 60 अखड़ा में सोलर लाइट भी लगाया जा रहा है, एवं जिले में 40 धुमकुडिया भवन का निर्माण कराया जा रहा है,हमने झारखंड सरकार के वर्तमान बजट में पास किया है कि आदिवासी बहुल क्षेत्र में अखड़ा का निर्माण कराया जाए एवं पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर एवं नगाड़ा का वितरण किया जाए। यह सरकार क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर कार्य कर रही है। धर्म गुरु राजेश लिंडा ने कहा की आदिकाल से हमारे पूर्वजों ने अखड़ा, धुमकुड़िया बनाया और आज हमें इसे उपयोग करने की जरूरत एवं आगे बढ़ाने की जरूरत है आज शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक ज्ञान भी आवश्यक है। पड़हा भवन के माध्यम से रीति रिवाज को बचाया जा सकता है हमें अपने पर्व के महत्व को भी जानने की आवश्यकता है। मैं पूरे समाज की ओर से माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव का धन्यवाद देना चाहता हूं कि उनके सहयोग से यह पड़हा भवन तैयार हो पाया है। मौके पर धर्म गुरु राजेश लिंडा,रोहित प्रियदर्शी उरांव, बिरसा उरांव, जलेश्वर उरांव, अनिल टाना भगत, सोमे उरांव, कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय सहदेव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना भगत, जमील खान, इकबाल खान, चमरा उरांव,जतरू उरांव, अवधेश उरांव, विशाल डुंगडुंग, चंद्रशेखर भगत, संगीता उरांव, संतोषी उरांव, प्यारी उरांव, मंगरा उरांव, विष्णु उरांव, कृष्णा उरांव, सुनीता उरांव, चांदनी उरांव, सुरभि उरांव, सनी उरांव, सोमदेव उरांव, सूरज मुंडा, असलम अंसारी, संजय नायक, राहुल उरांव, सुशील उरांव, नीरज मुंडा, माजिद अंसारी, जंतरी उरांव, सबीना उरांव, अनिल उरांव, सुशीला उरांव, ललिता उरांव, इंतखाब आलम, गर्भु उरांव, राजकुमार उरांव, आदि उपस्थित थे।

जनता की समस्याओं का निदान करना उनकी पहली प्राथमिकता : सुखदेव भगत

# सुखदेव भगत ने बीडीओ से मिलकर जनता की समस्याओं का निदान करने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व विधायक सह लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी सुखदेव भगत पेशरार प्रखंड पहुंचकर वहां के ग्रामीण एवं कांग्रेसजनों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने सुखदेव भगत को बताया कि अबुवा आवास के चयन में अनियमितता बरती गई है। वन अधिकार कानून के तहत ग्रामीणों को जमीन पट्टा देने का मामला वर्षों से लंबित है,जमीन का ऑनलाइन नहीं हो रहा है,पदाधिकारी एवं कर्मचारी समय से नहीं आते हैं,बैंक से संबंधित मामला सहित, सर्वजन पेंशन का मामला सहित अनेक समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका निदान करने की मांग किए। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि जन समस्याओं का निदान करना उनकी पहली प्राथमिकता है। अति नक्सल प्रभावित पहाड़ी इलाका में ग्रामीणों को समय से काम नहीं हो रहा है जिससे जनता काफी परेशान होते हैं यह बर्दाश्त किया जाएगा। श्री भगत ग्रामीणों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात कर उनसे अबुवा आवास, सर्वजन पेंशन, ओलावृष्टि सहित अनेक समस्याओं पर चर्चा किये। श्री भगत ने कहा कि अबुवा आवास की जो सूची बनी है उसमें बहुत से आदिवासियों को सदान या पिछड़ा जाति में शामिल कर लिया है इसमें सुधार करें। समय से कर्मचारी आए और समय से जनता का काम हो यह बात यह सुनिश्चित किया जाए। मौके पर श्री भगत ने डीएफओ से वार्ता कर वन अधिकार कानून के तहत ग्रामीणों को दी जाने वाली जमीन का पट्टा का मामला जो वर्षों से लंबित है इस काम को जल्द से जल्द करने की बात कहे। श्री भगत बैंक पहुंचकर वहां के मैनेजर से मिलकर ग्रामीणों को समय से बैंक में कार्य हो एवं किसानों को केसीसी ऋण ज्यादा से ज्यादा दिया जाए साथ ही प्रखंड मुख्यालय के खाता यहां के बैंक में नहीं है उसे पर विशेष ध्यान देने की बात कहें। श्री भगत फिर जेएसएलपीएस कार्यालय पहुंचकर वहां के पदाधिकारी से मुलाकात कर महिला मंडल को दी जाने वाली सुविधाओं एवं ऋ ण देने संबंधित मामला का अधतन स्थिति का जानकारी लिए। पदाधिकारी ने श्री भगत को बताया कि पेशरार प्रखंड को तीन क्लस्टर में बांटा गया है,35 ग्राम संगठन है,438 स्वयं समूह महिला समिति है इन समितियां को शत प्रतिशत ऋण देने का काम किया गया है।

## बुधवार से ट्रक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे : कंवलजीत सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारियो एवं कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक आज पतरा टोली बिजली ऑफिस के समीप संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने की। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए यह कहा गया कि हिंडाल्को कंपनी कहीं ना कहीं ट्रक मालिको को एवं चालकों को लगातार परेशान कर रही है और एग्रीमेंट के मुताबिक 12 ट्रिप भी महीना में नहीं दिया जा रहा है और विभिन्न तरह के नुस्खे निकाल कर ट्रकों को खड़ा कर दिया जा रहा है। कहीं ना कहीं कंपनी की मंशा साफ है कि छह चक्का ट्रकों को किसी भी तरह से हटाया जाए। इस पर एसोसिएशन ने यह तय किया कि एक माह पूर्व ही हम लोग हड़ताल पर जाने वाले थे लेकिन कंपनी ने आश्वस्त किया था कि ट्रिपो में सुधार किया जाएगा एवं ट्रक चालकों एवं मालिकों को परेशान नहीं किया जाएगा। लेकिन आज एक महीने बीतने के बाद भी कंपनी ट्रक मालिक को एवं चालकों को बुरी तरह से परेशान कर रही है और ट्रिप नहीं देने के कारण ट्रक मालिक कर्ज के बोझ के तले दबते चले जा रहे हैं। एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि बुधवार से कुजाम, अमतीपानी, न्यू अमतीपानी (चिरोड़ीह) एवं विमरला के ट्रक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे और एसोसिएशन कंपनी से यह भी मांग करती है कि चालक, उपचालक, लोडर, अनलोडर के सुरक्षा मानकों के साथ-साथ मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाए। दूसरी ओर लोहरदगा हेसल में नए अनलोडिंग स्टेशन से जो बॉक्साइट शिफ्टिंग किया जाएगा या बाहर भेजा जाएगा वह सभी ट्रक यहां के स्थानीय लोगों के ही चलेंगे और कंपनी अगर मनमानी करेगी तो एसोसिएशन इसका विरोध करेगा और आंदोलन करेगा,एसोसिएशन ने यह भी साफ किया कि अब एसोसिएशन भी नियम के अनुसार ही कार्य करेगी और नियम के अनुसार ही लोडिंग लेगी और तय एग्रीमेंट के मुताबिक ही कंपनी से वार्ता होगी और कंपनी की जो मँशा है कि बड़े ट्रकों से ढुलाई की जाएगी तो एसोसिएशन कंपनी को यह साफ चेतावनी देती है कि यहां लोहरदगा जिले में किसी भी तरह से बड़े ट्रकों को बॉक्साइट में नहीं चलने दिया जाएगा।

# बाल कृष्णा सिंह ने मोदी की गारंटी पत्र घर-घर वितरण कार्यक्रम का चलाया अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय कमेटी के निर्देशा अनुसार भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह के द्वारा भंडरा प्रखंड के विभिन्न गांव में घर-घर जाकर देशवासियों के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का पत्र को लाभार्थी व लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत समृद्ध मोदी की गारंटी पत्र घर-घर जाकर वितरण करते हुए केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रेरणा के साथ देश को आगे ले जाने का कार्य कर रहे हैं। भाजपा सरकार देश के गरीब, किसान, मजदूर, महिला जरूरतमंद के लिए काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार के द्वारा अंत्योदय कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन वितरण, आवास योजना के तहत पक्का आवास, आयुष्मान योजना के तहत गरीबों की इलाज के लिए 5 लाख तक के लाभ, स्वच्छता अभियान के तहत घर-घर शौचालय, उज्ज्वला योजना के तहत गरीबों को घर-घर गैस कनेक्शन, शुद्ध पेयजल के लिए घर-घर नल जल योजना शुरू किया गया। कॉविड के बाद सबको मुक्त वैक्सीन दिया गया साथ ही पूरे देश में सैकड़ो योजना चला कर गांव के गरीब, किसान, मजदूर को लाभ पहुंचाया साथ ही महिला सम्मान के लिए बहुत सारे कार्य किए गए आज भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।

## समाज से कुरीतियों को दूर करना और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना संस्था का मुख्य उद्देश्य : सुरेंद्र उरांव



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के झालजमीरा पंचायत के पिपरटोली तथा भड़गाँव पंचायत ग्राम में समृद्ध कन्या पब्लिक वेलफेयर गुमला के तत्वाधान में पिपरटोली निवासी फागु उरांव की पुत्री संदीपा कुमारी और भड़गाँव निवासी अजमुद्दीन की पुत्री अख्तरी खातून व शाहिद अंसारी की पुत्री अफसाना खातून को संस्था के पंचायत समन्वयक नूरी खातून और सुनीता देवी के माध्यम से इन बच्चियों का शादी के बारे में जानकारी मिलने पर समृद्ध कन्या वेलफेयर संस्था के सचिव सुरेंद्र उरांव द्वारा चेक के माध्यम से सहयोग राशि प्रदान किया गया। वही समृद्ध कन्या पब्लिक वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव सुरेंद्र उरांव ने कहा कि बेरोजगारी हमारे देश की एक गंभीर बीमारी है। बेरोजगारी के कारण ही आज युवा लोग भटक कर गलत कदम उठा रहे हैं जिसे रोकना खास कर बालिकाओं को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से शिक्षा,स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और रोजगार के मध्य से आत्मनिर्भर बनाना संस्था का मुख्य उद्देश्य है। जिसे बच्चियों का कम उम्र में शादी न करें और बाल विवाह तथा प्रेम विवाह जैसे कुरीतियों से बचे साथ ही कहा की डायन बिसाही जैसे बुराई को भी समाज से भगाने का कार्य संस्था द्वारा किया जा रहा है। मौक पर झालजमीरा पंचायत उपमुखिया सुषमा उरांव, सुरेंद्र उरांव, जगसेनी दास, अजमुद्दीन अंसारी, शाहिद अंसारी, सुनीता देवी, नूरी खातून सहित अन्य उपस्थित थे।

## कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत शाहपुर पंचायत में युवा चौपाल का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबीरा :** प्रखंड क्षेत्र के शाहपुर में युवा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से एसटी मोर्चा जिला मंत्री मुनेश्वर तिर्की शामिल हुए । युवा चौपाल में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुनेश्वर तिर्की ने देशवासियों के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र और केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को विस्तृत रूप से आम ग्रामीणों को बताया उन्होंने कहा कि लाभार्थियों की समृद्धि मोदी जी की गारंटी है और मोदी जी की गारंटी मतलब गारंटी की भी गारंटी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सब का प्रयास की प्रेरणा से केंद्र की एनडीए सरकार ने इन 10 सालों के शासनकाल में निरंतर ऐसी योजनाएं लागू की जिससे गरीबों की मुश्किलें कम हुई और उनका जीवन आसान बन गया।हमारे देश में लंबे समय तक गरीबी हटाओ के नारे तो लगते रहे,लेकिन इन नारों के बावजूद गरीबी नहीं हटी।गरीबी हटाओ के नाम पर विपक्षी दल राजनीति तो करते थे,मगर इसके लिए कोई कार्य नीति नहीं बनाई।10 वर्ष पूर्व जब देश की जनता ने अपना आशीर्वाद देखकर मोदी जी को देश का सेवा करने का अवसर दिया था,तब अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ देश के सबसे निचले पायदान के लोगों को भी मुख्य धारा में शामिल करने के लक्ष्य के साथ शुरुआत की थी।

# झारखंड चीक-बड़ाईक उत्थान समिती के द्वारा चीक-बड़ाईक जनजातीय सम्मेलन का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखण्ड चीक-बड़ाईक उत्थान समिति के तत्वाधान में चीक-बड़ाईक जनजातीय सम्मेलन एवं स्व. सखीराम बड़ाईक हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ऑल इंडिया चीक-बड़ाईक उत्थान समिति के अध्यक्ष श्री अजीत बड़ाईक बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। श्री अजीत बड़ाईक कॉल इण्डिया में बतौर भू वैज्ञानिक सेवानिवृत पदाधिकारी हैं। उन्होंने कार्यक्रम में सबों का अभिवादन करते हुए समाज की एकता और अखण्डता चीक-बड़ाईक समाज के विकास एवं कला संस्कृति पर विशेष रूप से आगे बढ़ाने की बात कही। चीक-बड़ाईक उत्थान समिति के जिला अध्यक्ष सह जिला परिषद श्री कृष्णा बड़ाईक जी बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में भाग लिए और अपने संबोधन में समाज हित के कई ज्वलंत मुद्दों पर बात कही और समाज को जोड़कर चलने की अपील की। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ मोहन बड़ाईक जिला संगठन प्रभारी अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा शामिल हुए । डॉ बड़ाईक ने अपने संबोधन में चीक-बड़ाईक समाज के उत्थान एवं विकास पर बल देते हुए कहा कि चीक-बड़ाईक जनजातीय सम्मेलन के शुभ-अवसर पर स्व. सखीराम बड़ाईक हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन पिछले कई वर्षों से आयोजित होते आ रही है। चीक-बड़ाईक समाज को जोड़ने के लिए ऐसे आयोजन का होना अत्यन्त सराहनीय कदम है। आज हॉकी के क्षेत्र में पहले से ही सिमडेगा जिला अव्वल दर्जा हासिल कर चुका है, कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हॉकी के क्षेत्र में देश और दुनिया का नाम रोशन कर रहे हैं। और इसी क्रम में चीक-बड़ाईक समाज से बेटी संगीता कुमारी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बन कर समाज और देश का नाम रोशन कर रही है। समाज के विकास की गति को और अधिक गति देने की आवश्यकता है तथा समाज की एकता और अखण्डता को बनाए रहना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। समाज में एक दुसरे का साथ देना, शोषित, पीड़ित और वंचित परिवार के समस्याओं में जैसे– शादी-ब्याह, जन्म, मरण आदि प्रमुख कार्यों में उन्हें समाज को साथ देकर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। समाज में कुरीतियां एवं अंधविश्वास जैसी समाजिक बुराईयों को उखाड़कर फेंकने की जरूरत है इसी से समाज की प्रगति और विकास संभव होगा। समाज के बुद्धिजीवी एवं सक्षम वर्ग को आगे आकर शोषित, पीड़ित एवं वंचित सदस्यों को आगे आकर उन्हें जन-कल्याणकारी सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनका आर्थिक एवं सामाजिक विकास के साथ -साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं रोजगार जैसे योजनाओं से जोड़ने की आवश्यकता है। सांसद प्रतिनिधि श्री रामविलास बड़ाईक ने अपने संबोधन उपस्थित समस्त अतिथिगणों का अभिवादन करते हुए टूर्नामेंट में खेल रहे सभी खिलाडियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आज चीक-बड़ाईक उत्थान समिति के तत्वाधान में आयोजित जनजातीय सम्मेलन एवं टूर्नामेंट का आयोजन एक सराहनीय कदम है।

## समीर उरांव को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपाइयों ने दी बधाई



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा लोकसभा सीटों के प्रत्याशी की प्रथम सूची जारी की गई। इसमें झारखंड प्रदेश के लोकसभा 14 सीटो में 11 सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा की गई जिसमें लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जनजाति मोर्चा सह राज्यसभा सांसद समीर उराँव को प्रत्याशी बनाए जाने पर लोहरदगा भाजपा परिवार के जनप्रतिनिधि,पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी। बधाई देने वाले लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व मंत्री व विधायक सधनू भगत,पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उरांव,ओमप्रकाश सिंह, पूर्व माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति,पूर्व अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, राकेश प्रसाद, राजमोहन राम, मदनमोहन पाठक, विनोद राय, चन्द्रशेखर प्रसाद, परमेश्वर साहू, अजातशत्रु, विश्वजीत शाहदेव, अजय कुमार पंकज, सामेला भगत, नवीन कुमार टींकू, नीरज नलिन, सूरजमोहन साहू, हर्षनाथ महतो, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, बजरंग उरांव, अनिल उराँव, जगनंदन पौराणिक, सरोज प्रजापति,मीना बाखला, भारती सिन्हा, पशुपति नाथ पारस, संजय चौधरी, कलावती देवी, मनीष शिखर, जितेंद्र महतो, प्रकाश नायक,भरत किसान, लखन उराँव, राजकुमार मुंडा, सुदामा प्रसाद, विवेक सोनी, अमरेश भारती, सूरज दसोंधी, मुकेश साहू, नवीन साहू, अमित लोहरा, अमरनाथ भगत, कैलाश महतो, सजल कुमार, बाल्मीकि कुमार, तरूण देवघरिया, अजय पंकज, यदुनंदन पांडेय, विवेक चौहान, सुरेश बैठा, टीपू खान, विशेश्वर प्रसाद दीन, मीना बाखला, बिंदिया देवी सहित अन्य शामिल है।

## खूंटी लोकसभा से अर्जुन मुंडा को पुनः प्रत्याशी बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष, सभी ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची घोषित कर दी गई है। जनजातिया कार्य और कृषि एवं कल्याण मंत्री भारत सरकार अर्जुन मुंडा को पुनः खूंटी लोकसभा प्रत्याशी बनाया गया है। श्री अर्जुन मुंडा को पुनः प्रत्याशी बनाये जाने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जाता है मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मांग पर राष्ट्रीय नेतृत्व ने पुनः अर्जुन मुंडा जी को प्रत्याशी बनाया है राष्ट्रीय नेतृत्व का विश्वास कार्यकर्ता खाली नहीं जाने देंगे यह सीट जीत कर आपकी बार 400 पार का नारा को बुलंद करेंगे। पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि अर्जुन मुंडा को खूंटी संसदीय सीट से टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह है और यह उत्साह वोट के परसेंटेज में दिखेगा पुनः खूंटी लोकसभा क्षेत्र की जनता का प्यार अर्जुन मुंडा जी को मिलेगा। केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने अर्जुन मुंडा जी को खूंटी संसदीय सीट से पुनः प्रत्याशी बनाए जाने पर राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा की अर्जुन मुंडा जी के जनजातीय कार्य मंत्री रहते हुए उन्होंने खूंटी लोकसभा एवं सिमडेगा जिला के लिए अनेक ऐतिहासिक कार्य किया आज सैकड़ो बच्चियों तमिलनाडु में आईफोन मोबाइल का निर्माण कर रही है साथ ही सभी 10 प्रखंडों में एकलव्य विद्यालय का निर्माण हो रहा है एवं कोरोना काल मे उनके किए गए कार्य स्मरणीय है, अर्जुन मुंडा को टिकट मिलने पर कार्यकर्ता उत्साहित है और इस बार भारी मतों से सिमडेगा कोलेबिरा विधानसभा से बढ़त देकर विजई बनाएंगे। बधाई देने वालों में पूर्व विधायक निर्मल कु बेसरा संगठन प्रभारी बबन गुप्ता दुर्गविजय सिंहदेव अमरनाथ बामलिया श्रद्धानंद बेसरा सुजान मुंडा सोनी पैंकरा संजय ठाकुर दीपक पुरी अनूप प्रसाद भोला साहू उपेंद्र श्रीवास्तव सतीश पांडे मनोज साय प्रणव कुमार संजय शर्मा रवि गुप्ता तुलसी साहू राकेश रविकांत कृष्ण ठाकुर श्रीलाल साहू रामविलास बड़ाईक नरेंद्र बड़ाईक नवीन सिंह डॉ महेंद्र भगत मुकेश श्रीवास्तव दीप नारायण दास कृष्णा बड़ाईक सावित्री देवी अजय सिंह महेश साहू बसंत मांझी हीरा राम पिंकी प्रसाद नंदिनी दास हंसा देवी कमला प्रसाद शकुंतला देवी सत्यनारायण प्रसाद नीरज बड़ाईक गोपाल केशरी कृष्णकांत सिंह मानकीलाल मनिंदर बिंझिया देवकीनंदन साय घनश्याम सिंह सुरजन बड़ाईक तपेश्वर साहू मोतीलाल ओहदार विजय महतो प्रदीप जायसवाल सुरजन प्रधान अशोक इंदवार कामेश्वर सिंह ओमिन सिंह सहित सभी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

## वाणिज्य विभाग के छात्रों ने किया औधोगिक दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा के बीकॉम सेमेस्टर 5 और एमकॉम सेमेस्टर 1 के विद्यार्थियों के लिए आईयूएसी और वाणिज्य विभाग के द्वारा टुकुपानी स्तिथ वर्षा राइस मिल में एक दिवसीय औद्योगिक दौरे का आयोजन किया गया। इसमें करीब 90 विद्यार्थी शमिल हुए। इस दौरान श्री सौरभ प्रसाद ने सभी को अपने मिल में भ्रमण कराया और धान से चावल बनने की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से समझाया। दौरे के उपरान्त सभी छात्र कोनमेंजरा स्थित कॉलेज के स्थाई परिसर भ्रमण के लिए प्रस्थान कर गए। छात्रों के साथ कोलेज के भूतपूर्व प्राचार्य डॉ फादर एमानुएल बारला, आईयूएसी समन्वयक डॉ जयंत कश्यप, वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ गौरव श्रीवास्तव, कॉलेज के उप प्राचार्य फादर ब्रूनो टोप्पो और अंकित अग्रवाल मौजूद थे।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 46 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवाया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 90 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ,डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं आनंद केसरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। सभी ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, वीर शहीद जवान अमर रहे का उद्घोष करते हुए नमन किए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा जरूरतमंदों एवं असहायों का सेवा करना ही प्रमो धर्म है, और कहा कि यहां के अलावा अन्य जगहों पर भी निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाई जाएगी, डॉ कुमुद ने कहा की लोगों के अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए और समय-समय पर अपना चेकअप कराते रहने से समय रहते उसका इलाज हो सकेगा, उपाध्यक्ष शशि भूषण सिंह, सचिव जयप्रकाश शर्मा व सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर अपना स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं, यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है, लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से परामर्श भी लिए, आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, आनंद केशरी, शशि भूषण सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, ओमप्रकाश कास्यंकार, शिमला देवी,अंजलि सर्राफ, राजीव कुमार सिंह, अतुल सर्राफ, सोनिया पोद्दार, मोतीलाल अग्रवाल,पूजा सिंह, तपेश्वर अग्रवाल, सुबोध महतो, संतोष अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, अनूप महतो, राजू अग्रवाल, नीलम देवी, पदम लोचन अग्रवाल, सुरेंद्र महतो, नारायण साहू, डोमन चंद्र कर्मकार, अमित बांका, समर्थ चौधरी, कृष्णा प्रसाद, धनंजय प्रसाद अग्रवाल, सुरेंद्र प्रसाद, प्रभु दयाल साहू, बिगन प्रसाद, मोतीलाल अग्रवाल, उदय कास्यंकार, देवनाथ भगत आदि उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### चार धाम यात्रा की तैयारियां शुरू



**देहरादून :** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने में स्वास्थ्य महकमा की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। चारधाम यात्रा से पहले बदरीनाथ और केदारनाथ में अस्पताल शुरू हो जाएंगे। इस बार मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) 11 भाषाओं में जारी की जाएगी। ताकि देश के विभिन्न हिस्सों और देशों से आने वाले श्रद्धालु यात्रा संबंधी जरूरी सूचनाएं पढ़ सकें। स्वास्थ्य सचिव ने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वह चारधाम यात्रा से पहले अपने स्वास्थ्य का परीक्षण जरूर करा लें।स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश कुमार ने एक जारी विज्ञप्ति में बताया है कि बदरीनाथ और केदारनाथ में अस्पतालों के लिए उपकरण खरीदने के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक से मंजूरी मिल चुकी है। इसके अलावा चारधाम यात्रा मार्ग पर अनुभवी और उच्च हिमालय में काम करने के लिए प्रशिक्षित मेडिकल टीम को तैनात किया जा रहा है ताकि तीर्थयात्रियों को तुरंत स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत के निर्देशानुसार विभाग चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुट गया है।

### हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोअर बाजार थाना पुलिस ने हथियार के साथ सैंकी दीन उर्फ सैंकी कच्छप को गिरफ्तार किया है। वह कांटा टोली एजी चर्च के पास का रहने वाला है। इसके पास से एक पिस्टल, दो मैगजीन, तीन जिंदा गोली बरामद किया गया है।सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि लोअर बाजार थाना पुलिस ने एक मामले के अनुसंधान के क्रम में छापेमारी की। इस दौरान एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। इस मामले में अलग से केस दर्ज अनुंसधान किया जा रहा है। एसपी ने बताया कि इसके खिलाफ पूर्व से भी आर्म्स एक्ट के तहत अपराधिक मामला दर्ज है।

### विश्व जन्मजात जन्म दोष दिवस पर रिम्स में कार्यक्रम

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व जन्मजात जन्म दोष दिवस के अवसर पर रविवार को रिम्स शिशु शल्य विभाग और स्पाइना बिफिडा फाउंडेशन की ओर से सीएमई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिम्स निदेशक व न्यूरोसर्जन डॉ राजकुमार ने जन्मजात दोषों को कदाचार से संबंधित बताया और कहा जिस तरह कुरुपता होने से शिशु अपंग होकर ठीक से विकसित नहीं हो पाता, उसी तरह अगर सरकारी अस्पताल रिम्स के डॉक्टर कदाचार करेंगे तो रिम्स भी अपंग होगा और उसका विकास संभव नहीं है। इसके अलावा कार्यक्रम को मुम्बई से आए डॉ संतोष कर्माकर के साथ-साथ रिम्स और अन्य निजी अस्पतालों के शिशु शल्य चिकित्सक, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञऔर शिशु रोग विशेषज्ञ ने भाग लिया।

# टिकट वीडी राम को नहीं बल्कि उनके द्वारा किए गए विकास को मिला : आनंद शंकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर :** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने सांसद वीडी राम को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पलामू लोकसभा का टिकट वीडी राम को नहीं बल्कि उनके द्वारा किए गए क्षेत्र के विकास का आकलन कर एक विकास पुरुष को दिया। पलामू चैंबर परिवार वीडी राम को मिले टिकट का स्वागत करता है। श्री शंकर ने सांसद द्वारा कराई जा रही कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि रांची से डालटेनगंज की दूरी 4 घंटे से ढाई घंटे होने जा रही है। एनएच फोरलेन का निर्माण को भारत सरकार से पास स्वीकृत करा कर निर्माण प्रारंभ कराने का श्रेय सांसद वीडी राम को जाता है। इस एनएच का निर्माण होने से जहां रास्ता सुरक्षित और सफर शानदार होगा वहीं कई राज्यों की सीमा से हमारा शहर डायरेक्ट जुड़ जाएगा। श्री शंकर ने कहा कि सांसद द्वारा कोयल पुल से सटे नया कोयल ब्रिज बनाने हेतु पहल की। जिसका निर्माण अब शुरू होने जा रहा है। उनके द्वारा पलामू सेंट्रल स्कूल सिगरा गांव से चिड़ाबार और पूर्वडीहा गांव को जोड़ने हेतु बड़ा रेलवे ब्रिज निर्माण की स्वीकृति, सासाराम से रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस, गढ़वा जिले में सोन वाटर लिफ्ट इरीगेशन सिंचाई परियोजना, मेदनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना, फेस टू फेस 3 हेतु आईडीबी से 160 करोड़ रुपया की स्वीकृति जैसे कई प्रमुख कार्य हैं। श्री शंकर ने कहा कि पिछली बार राज्य में धनबाद के सांसद को सर्वाधिक मत प्राप्त हुए थे और हमारे पलामू सांसद कुछ मतों से पीछे रह गए थे। इस बार पलामू की जनता विकास के मुद्दे पर सारा रिकॉर्ड तोड़ने को तैयार है द्य श्री शंकर ने कहा कि इस बार प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने के लिए जहां 400 सीटों का लक्ष्य रखा गया है वहीं पलामू से विकास पुरुष बीडी राम को राज्य में सर्वाधिक मत से विजय बनाकर यहां की जनता प्रधानमंत्री को तोहफा देगी। ताकि पलामू का चौमुखी विकास अगले 5 वर्षों में हो सके।

## भाजपा ने किया असम लोकसभा क्षेत्रों के नाम की सूची में संशोधन

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सूची में असम से जुड़ी सीटों के नामों में संशोधन जारी किया है। भाजपा ने राज्य की 14 लोकसभा सीटों में से 11 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की थी। इसमें मंगलदाई और कलियाबोर सीटें भी शामिल थीं। यह दोनों सीटें हाल ही में हुए परिसिमन के बाद अब लोकसभा क्षेत्र नहीं हैं। भाजपा ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर जारी करते हुए कहा कि असम राज्य के उम्मीदवारों की सूची में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की संख्या और नाम को सही किया गया है। नई संशोधित सूची में लोकसभा क्षेत्र दारंग उदालगुरी से दिलीप सैकिया, दीफू (एसटी) क्षेत्र से अमर सिंह तिस्सो, करीमगंज क्षेत्र से कृपानाथ मल्लह, काजीरंगा क्षेत्र से कामाख्या प्रसाद तासा, सोनितपुर क्षेत्र से रंजित दत्ता उम्मीदवार होंगे।

# पूर्ण योजना और पूर्व योजना से 400 पार का संकल्प पूरा करें : बाबूलाल मरांडी



**प्रभात मत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार देर शाम नवगठित चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई, जिसमें अलग-अलग विभागों की रचना के अनुसार कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनाव कार्य का प्रबंधन एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। पार्टी हमेशा पूर्व योजना और पूर्ण योजना पर काम करती है, जिसके कारण सफलता मिलती है। मरांडी ने कहा कि सभी विभाग महत्वपूर्ण है, जिन्हें जो जिम्मेवारी मिली है उसे पूरा कराना है।

हमारा लक्ष्य अपने विभाग को यशस्वी बनाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कार्यकर्ता को बूथ तक के कार्यकर्ता को सहयोगी बनना है। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता एक बूथ, एक गांव को गोद ले। वहां सर्वाधिक वोट पार्टी के पक्ष में मिले इसे सुनिश्चित कराना भी हमारा दायित्व है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता अब बड़े लक्ष्य को आसानी से पूरा करने के लिए अपने-अपने विभाग के सुचारू संचालन में जुट जाएं। रोड मैप बनाकर काम करने से सफलता आसान हो जाती है। उन्होंने कहा कि जनता का मिजाज भाजपा के साथ है। हम सब को उनके दरवाजे पर बार बार दस्तक देना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सभी विभागों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा कार्यों पर चर्चा की। बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, समिति के संयोजक एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, मृत्युंजय शर्मा सहित प्रदेश के पदाधिकारी, विभाग के संयोजक और सह संयोजक उपस्थित थे।

# शिव शक्ति से ही संपूर्ण ब्रह्मांड है : लवली गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पांकी :** पांकी करार में योगियादह शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह ज्ञान महायज्ञ समारोह के अवसर पर समाजसेवी किरण मेहता व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व जिला पार्षद श्रीमती लवली गुप्ता ने विधिवत रूप से मंदिर में पूजा अर्चना कर मंत्र उच्चरित व पूजित कलश को लेकर सोनरे नदी का पावन जल भर कर यज्ञ का शुभारंभ किया। मौके पर संबोधित करते हुए श्रीमती लवली गुप्ता ने कहा कि शिव शक्ति से ही संपूर्ण है। शिव ही शक्ति है। शिव ही भक्ति है, शिव ही नियती है,शिव बैरागी है। शिव आदि शक्ति है। शिव से ही संपूर्ण ब्रह्मांड है। शिव पुरूष के प्रतीक है और शक्ति स्वरूप देवी मां पार्वती प्रकृति की। शिवलिंग के रूप में भगवान शिव बताते हैं कि पुरुष और प्रकृति के बीच यदि संतुलन न हो तो सृष्टि का कोई भी कार्य भलीभांति संपन्न नहीं हो सकता है। भगवान शिव के पूजा से समस्त मनोकामना की प्राप्ति होती है। वही शिवप्रिया पार्वती के पूजा से सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। यज्ञ व पूजन से करार ग्राम पूरा भक्तिमय हो गया है। श्रीमती लवली गुप्ता ने पूजा में बढ़ चढ़कर लोगों से भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। मौके पर मुखिया मीना देवी उपमुखिया संतोष गुप्ता,समाज सेवी उत्तम गुप्ता, राकेश गुप्ता, अखिलेश ठाकुर, बैजनाथ गुप्ता, रितेश गुप्ता बसंत सिंह ,अनिल गुप्ता सहित सैकड़ो के संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का विधि पूर्वक संचालन शिक्षक ओमकार पाठक जी ने किया वह पूजा अवध बिहारी मिश्रा जी महावीर मिश्रा जी व जयशंकर मिश्रा जी के हाथों संपन्न हुआ।

# महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों को सुनिश्चित करता है यूसीसी : बांसुरी स्वराज

**एजेंसी**



**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता एवं दिल्ली भाजपा की सचिव बांसुरी स्वराज ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों को सुनिश्चित करने वाला बहुप्रतीक्षित कानून बताया है। उन्होंने कहा कि बाबासाहब डॉ. अंबेडकर ने भी पूर्व में इस कानून को लागू करने की अनुशंसा की थी। बांसुरी स्वराज शनिवार रात जेएनयू के पेरियार मेस परिसर में ÷समान नागरिक संहिता÷ लैंगिक न्याय, समानता और बंधुत्व की आवश्यकता÷ विषय पर मेस टॉक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। इसका आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया था। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जेएनयू में सेंटर फॉर कोम्प्रेहेंसिव पॉलिटिक्स एंड पोलिटिकल थ्योरी के सहायक प्राध्यापक डॉ. रवि रमेशचंद्र शुक्ला मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेएनयू के स्पेशल सेंटर फॉर नेशनल सिक्योरिटी स्टडीज़ की सहायक प्राध्यापक डॉ. आयुषी केतकर ने की। स्वराज ने कहा कि समान नागरिक संहिता लैंगिक न्याय, समानता और बंधुत्व के लिए आवश्यक है। यह सभी नागरिकों को समान अधिकार और अवसर प्रदान करेगा, चाहे उनका धर्म या समुदाय कुछ भी हो। यह संहिता महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों को सुरक्षित एवं सुनिश्चित करने का काम करेगा। यूसीसी में लिव-इन को लेकर फैली भ्रांतियों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि संबंध भले ही जायज या नाजायज हो जाए लेकिन संतान कभी नाजायज नहीं होती। लिव-इन संबंध या विवाहेत्तर संबंधों से उत्पन्न संतानों के अधिकार एवं इस प्रकार के संबंधों में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो यह यूसीसी में सुनिश्चित किया गया है। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड विधानसभा ने हाल ही में समान नागरिक संहिता विधेयक ध्वनिमत से पास किया था। स्वराज ने एबीवीपी के विषय में कहा, ÷मैंने अपने सामाजिक जीवन की शुरुआत एबीवीपी के कार्यकर्ता के रूप में की थी, जहां मेरी ट्रेनिंग हुई है और जब आज पहली बार राजनीतिक कैरियर की शुरुआत कर रही हूं, तो मेरा सौभाग्य देखिए की इस नए कैरियर की शुरुवात आज जेएनयू में अपने परिवार एबीवीपी के बीच आकर करने का मौका मिल रहा है।÷ बांसुरी स्वराज को भाजपा ने नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। वह भाजपा की कद्दावर नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की पुत्री हैं।

## भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से सीखें जीने की राह : सीएम डॉ यादव

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भगवान कृष्ण के जीवन से हम सभी को जीवन जीने की राह सीखनी चाहिए। जन्म के पूर्व माता-पिता का जेल में होना, भाई-बहनों की हत्या होना, जन्म के बाद ही उफनती जमुना नदी पार करना, माँ के आंचल से दूर हो जाना जैसी विषम परिस्थितियों में भी भगवान श्री कृष्ण ने विश्व के सामने पूरे सम्मान और गरिमा के साथ जीवन जीने का उदाहरण रखा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव रविवार को लखनऊ के गुदौरा मैदान में यादव महाकुंभ को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण ने मर्यादा के अंदर जीवन जीना सिखाया है। हम सभी को उनके द्वारा स्थापित उच्च आदर्शों का अपने जीवन में पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन में आई हर मुसीबत और परीक्षा का निडर होकर सामना किया और सफल हुए।

# यह समय जीत प्राप्त करने का है : मोहन भागवत

**एजेंसी**



**पटना :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत ने रविवार को कहा कि अनुकूल परिस्थितियों में विश्राम करने वाला हार जाता है जबकि अपनी गति बढ़ाकर कार्य करने वाले को विजयश्री मिलती है। उन्होंने कहा कि खरगोश और कछुआ की कहानी का सारांश यही है। आज देश में अनुकूल माहौल है। हमारा लक्ष्य अभी दूर है। यह समय अपनी गति बढ़ाकर जीत प्राप्त करने का है।पटना के राजेंद्र नगर स्थित शाखा मैदान में प्रातःकाल आयोजित गणवेशधारी स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरसंघचालक ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक गमले के पुष्प नहीं, बल्कि वन के फूल हैं जो अपने पोषण की व्यवस्था स्वयं करता है। हम लोगों को समाज ने सम्मान दिया है। स्वयंसेवकों को नहीं भूलना चाहिए कि हमारी दशा बदली है लेकिन दिशा नहीं। हमें विनम्रता और शील नहीं छोड़ना चाहिए। हम लोग बलशाली हो सकते हैं लेकिन उन्मुक्त नहीं। भागवत ने स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे अपने लिए चार काम सुनिश्चित करें। पहला कार्य शाखा की नित्य साधना। दूसरा कार्य शाखा से प्राप्त शिक्षा के आधार पर आचरण रखना। तीसरा कार्य जैसा समाज चाहिए उस अनुरूप अनुशासन के साथ प्रामाणिकता से आचरण और चौथा कार्य भोग नहीं, बल्कि त्याग का सिद्धांत व्यवहार में उतरना।शताब्दी वर्ष का उल्लेख करते हुए सरसंघचालक ने कहा कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर पांच करणीय कार्य निश्चित किए गए हैं। पहला कार्य सामाजिक समरसता, दूसरा कार्य कुटुंब प्रबोधन, तीसरा स्वदेशी, चौथा पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और पांचवां कार्य नागरिक कर्तव्य बोध का जागरण है। कार्यक्रम में मंच पर दक्षिण बिहार प्रांत के संघचालक राजकुमार सिन्हा और महानगर के संघचालक डॉ. राजीव कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

# महिला अधिकार सम्मेलन में 13 सूत्री घोषणापत्र जारी




**एजेंसी**

**वाराणसी :** लोकसभा चुनाव मन्दिर-मस्जिद और नफरती मुद्दों के बजाय रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक न्याय जैसे असल मुद्दों पर लड़ने की मांग रविवार को महिला अधिकार सम्मेलन में की गई। वामपंथी सामाजिक संगठनों, कांग्रेस, आइसा, ऐपवा, समाजवादी महिला सभा, आम आदमी पार्टी से जुड़ी महिला पदाधिकारियों ने कचहरी स्थित शास्त्रीघाट पर आयोजित सम्मेलन में अपना 13 सूत्रीय महिला घोषणापत्र जारी किया। सम्मेलन के जरिए सरकार से मांग की गई कि महिला आजादी में बिना कोई समझौता किए हमारी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी संस्थाओं में विशाखा गाइडलाइंस लागू किया जाय। महिला वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं बराबरी, सम्मान, सुरक्षा और रोजगार के अधिकार के लिए एकजुट हो। समाज में हिंसा और नफरत लगातार बढ़ती जा रही है। हिंसा हमेशा से महिला विरोधी रही है। आजादी के 75 वर्षों बाद भी आधी आबादी अपने उचित प्रतिनिधित्व के लिए संघर्षरत है। हमारी माँग है कि संसद, राज्य की विधानसभाओं एवं सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सम्मानजनक रोजगार को मूलभूत अधिकारों में शामिल किया जाए।सम्मेलन में बतौर वक्ता जनजागरण अधिकार मंच की कामायनी,सामाजिक कार्यकर्ता ऋतु, ऐपवा की राष्ट्रीय सचिव प्रो. सुधा चौधरी,गाँधीवादी कार्यकर्ता मणिमाला, यूपी महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा अटल पाल, समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा यादव ,आम आदमी पार्टी की मोहिनी आदि ने विचार प्रकट किया। कार्यक्रम में दखल, लोक समिति, महिला चेतना समिति, साझा संस्कृति मंच, बीएसएम, प्रिस्मैटिक फाउंडेशन और मनरेगा मजदूर यूनियन आदि संगठनों से जुड़ी महिलाओं ने भी भागीदारी की। इसके पहले जेपी मेहता इंटर कॉलेज से शास्त्री घाट तक महिलाओं ने पदयात्रा भी की।

## आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ेंगे पवन सिंह, तृणमूल बोली- खेला शुरू

**कोलकाता :** भाजपा द्वारा पश्चिम बंगाल के कोयलांचल क्षेत्र आसनसोल से उम्मीदवार के तौर पर घोषित किए गए भोजपुरिया स्टार और मशहूर सिंगर पवन सिंह ने यू टर्न ले लिया है। शनिवार शाम जब उन्हें पार्टी ने उम्मीदवार बनाया तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के अन्य नेताओं का आभार जता रहे थे और कहा था कि वह आसनसोल की जनता पर भरोसा करते हैं। इसके बाद रविवार दोपहर उन्होंने घोषणा कर दी है कि वह अब चुनाव नहीं लड़ेंगे। सूत्रों ने बताया कि भोजपुरी गानों को लेकर हुए विवाद के बाद ही उन्होंने यह निर्णय लिया है। रविवार दोपहर पवन सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को दिल से आभार प्रकट करता हूं। पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारणवश मैं आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा।

# पुलिस मुठभेड़ में दो अपहरणकर्ताओं को लगी गोली, गिरफ्तार

**एजेंसी**



**कानपुर :** फीलखाना थाना इलाके में फूलबाग चौराहे से 24 फरवरी को दो साल के मासूम के अपहरणकर्ताओं से रविवार भोर पहर पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दोनों अपहरणकर्ताओं के पैर में गोली लगी और अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने अपहरणकर्ताओं से मासूम को सकुशल बरामद कर लिया और टीम को दो लाख रुपये इनाम दिया जाएगा।

डीसीपी मुख्यालय आशीष श्रीवास्तव ने रविवार को प्रेस वार्ता कर घटना का खुलासा करते हुए बताया कि फूलबाग में फुटपाथ पर रहकर जीवन यापन करने वाली गुड्डु का दो वर्षीय बेटा 24 फरवरी को वहीं पर खेल रहा था। इस बीच बाइक सवार युवकों ने मासूम का अपहरण कर लिया।सूचना पर पहुंचे डीसीपी पूर्वी एस के सिंह सहित पुलिस टीम ने उसकी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस पर फीलखाना पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच, सर्विलांस और स्वाट टीम को लगाया गया और शहर के करीब तीन सौ से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये।रविवार भोर पहर पुलिस टीम को सूचना मिली कि दोनों अपहरणकर्ता फीलखाना थाना क्षेत्र के भगवतदास घाट के पास दिखाई दिये। इस पर नाकाबंदी की गई और पुलिस टीम को देखकर अपहरणकर्ता भागने लगे और फायरिंग शुरु कर दी। पुलिस टीम ने बचाव करते हुए जवाबी फायरिंग की और दोनों अपहरणकर्ताओं के पैर में गोली लगी। दोनों अपहरणकर्ताओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया और उनकी निशानदेही पर मासूम बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया। घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को दो लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा।